* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

20 अगस्त, 2024
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 300

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

राहुल गांधी ने प्रियंका की तस्वीर शेयर की, प्रियंका बोलीं : भाई-बहन संघर्ष के साथी होते हैं



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxilary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## देश में भाई-बहन के प्यार, स्नेह और विश्वास का त्योहार धूमधाम से मना

# पीएम मोदी को बच्चों ने मां की तस्वीर वाली राखी बांधी



**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षाबंधन के मौके पर दिल्ली में स्कूली बच्चों से राखी बंधवायीं। इसमें एक राखी पर मोदी और उनकी मां की तस्वीर भी थी, जिसमें, 'एक पेड़ मां के नाम' कैंपेन स्लोगन लिखा था। इससे पहले मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर देशवासियों को रक्षाबंधन की बधाई दी।

# सीएम हेमंत सोरेन को बड़ी बहन अंजनी ने बांधी राखी



**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बड़ी बहन अंजनी सोरेन ने रक्षा सूत्र बांध कर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुदीर्घ जीवन की कामना की। इस मौके पर हेमंत की चचेरी बहन आशा सोरेन, संचला हेंब्रम और रेखा सोरेन ने भी मुख्यमंत्री की कलाई पर राखी बांधी। बहनों ने विधायक बसंत सोरेन को भी राखी बांधी। मौके पर मुख्यमंत्री के पिता राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन, मां रूपी सोरेन, पत्नी सह विधायक कल्पना सोरेन सहित अन्य परिजन उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने समस्त राज्यवासियों को श्रावण पूर्णिमा तथा पावन पर्व रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

## राहुल के आरोप का अश्विनी वैष्णव ने दिया जवाब

# यूपीएससी में लेटरल-एंट्री का कांसपेट यूपीए सरकार का था

- राहुल गांधी ने कहा था आरएसएस वालों की भर्ती हुई
- केंद्रीय मंत्री ने कहा, 2005 का सुझाव हमने लागू किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि यूपीएससी में लेटरल एंट्री का कांसेप्ट यूपीए सरकार का ही था। दूसरा प्रशासनिक सुधार आयोग (एआरसी) 2005 में यूपीए सरकार में ही लाया गया था। इस आयोग की अध्यक्षता वीरप्पा मोइली ने की थी। केंद्रीय मंत्री ने इस बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। दरअसल, पिछले दिनों यूपीएससी में लेटरल एंट्री को लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सरकार पर आरोप लगाये थे कि यूपीएससी के प्रमुख पदों पर आरएसएस से जुड़े लोगों की भर्ती की गयी है।

**कांग्रेस का पाखंड सामने आया :** सोमवार सुबह केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसका जवाब देते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि लेटरल एंट्री मामले पर कांग्रेस का पाखंड देश के सामने है। उन्होंने लिखा कि यूपीए सरकार के कार्यकाल की एआरसी ने सुझाव दिया था कि जिन पदों पर स्पेशल नॉलेज की जरूरत है, वहां विशेषज्ञों की नियुक्ति होनी चाहिए।



एनडीए सरकार ने एआरसी की इस सिफारिश को लागू करने के लिए पारदर्शी तरीका अपनाया है।

**राहुल ने फिर किया पलटवार :** प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्रीय मंत्री के पोस्ट पर फिर पलटवार किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर केंद्र सरकार पर भर्ती को लेकर सवाल उठाये। उन्होंने लिखा कि लेटरल एंट्री दलित, ओबीसी और आदिवासियों पर हमला है। भाजपा का रामराज्य का यह विध्वंस कारी वर्जन संविधान को नष्ट करना और बहुजनों से आरक्षण छीनना चाहता है।

**क्या है मामला :** यूपीएससी ने 17 अगस्त को लेटरल एंट्री के जरिए 45 जॉइंट सेक्रेटरी, डिप्टी सेक्रेटरी और डायरेक्टर लेवल की नौकरियां निकालीं। ये अब तक की सबसे बड़ी लेटरल भर्ती है। लेटरल भर्ती में कैंडिडेट्स बिना यूपीएससी की परीक्षा दिये नियुक्त किये जाते हैं। इसमें आरक्षण के नियमों का भी फायदा नहीं मिलता है। इस नोटिफिकेशन को लेकर ही राहुल ने पहले सरकार पर निशाना साधा था।

## राखी के मौके पर मुख्यमंत्री ने महिलाओं की योजनाओं का किया जिक्र

# हक, अधिकार-सम्मान के लिए उठाये कई कदम : हेमंत

- मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर किया पोस्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पिछले साढ़े चार साल के शासन में सरकार द्वारा महिलाओं के हित में उठाये कदम का जिक्र किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए सरकार द्वारा शुरू की गयी योजनाओं का उल्लेख किया है। उन्होंने लिखा है कि राज्य की आधी आबादी को हक-अधिकार और सम्मान देने के लिए आपके इस भाई और बेटे तथा झारखंड सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों में कई ऐतिहासिक योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया है। आपके मान-स्वाभिमान और सम्मान के लिए झारखंड सरकार द्वारा यह प्रयास आनेवाले समय में और वृहद रूप लेकर अनवरत चलता जायेगा। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर पुनः सभी माताओं, बहनों और बेटियों को ढेरों बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

## इन योजनाओं की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की चर्चा

### मंईयां सम्मान योजना

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत राज्य की 48 लाख से अधिक बहनों को हर साल 12 हजार की सम्मान राशि मिलेगी। एक परिवार में अगर मेरी 3-4 बहनें हैं, तो उस परिवार के लिए सिर्फ इस योजना से एक साल में सम्मान राशि 36-48 हजार रुपये होगी।

### महिलाओं की पेंशन

देश में झारखंड पहला राज्य है, जहां 50 वर्ष से अधिक की विधवा, परित्यक्त या एकल माताओं-बहनों को हर महीने एक हजार रुपये के पेंशन का सम्मान दे रही है राज्य सरकार। यह पेंशन राशि लाखों माताओं-बहनों के बुढ़ापे का सहारा बन रही है। हर साल आपको 12000 रुपये की यह राशि, आपके बुढ़ापे की लाठी को मजबूत बना रही है।

### सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना

आपकी झारखंड सरकार ने राज्य की 10 लाख किशोरियों को सावित्रीबाई



फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ कर उनके सपनों को पंख देने का भी काम किया है। कुल 40 हजार रुपये की यह सहायता राशि मेरी हर बहन और बेटी को आगे बढ़ने में मदद कर रही है।

### सखी मंडल की माताओं-बहनों के लिए

झारखंड के इतिहास में पहली बार हुआ है कि सखी मंडल से जुड़ी लाखों माताओं-बहनों को हजारों करोड़ रुपये की राशि बैंक क्रेडिट/लिंकेज के रूप में दी गयी है। विगत साढ़े चार वर्षों में 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि आजीविका संवर्धन के लिए दीदी-बहनों को प्रदान की गयी। पूर्व की सरकारों से राशि 12 गुना अधिक है। आपके द्वारा पलाश ब्रांड के अंतर्गत निर्मित कई उत्पादों ने देश-विदेश में धूम मचायी हुई है।

### फूलो-झानो अभियान

राज्य की 35 हजार से अधिक माताओं-बहनों को फूलो-झानो अभियान से जोड़ कर वैकल्पिक आजीविका के अवसर प्रदान किये गये हैं। 50 हजार रुपये तक की राशि उन प्रत्येक माताओं-बहनों की सहायक बनी है।

### आवास योजना सहित कई योजनाएं

अबुआ आवास योजना, सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना, हरा राशन कार्ड योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, साईकिल वितरण योजना आदि ऐसी कई योजनाओं को आपके इस भाई और झारखंड सरकार द्वारा राज्य की आधी आबादी तथा अन्य लोगों के लिए चलाया जा रहा है।




## बाबूलाल ने राज्य सरकार पर साधा निशाना

# दुष्कर्म के मामले में रांची पहले स्थान पर

- सोशल मीडिया पर किया पोस्ट, बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा भी उठाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि रांची में दुष्कर्म की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। रांची सहित पूरे प्रदेश में महिलाएं डर के साये में रहने को विवश हैं। हेमंत सरकार में महिलाओं के साथ जिस तरह से रेप और दुष्कर्म की घटनाओं में बाढ़ आ गयी है, उससे यह साफ स्पष्ट हो जाता है कि खुद को संवेदनशील कहनेवाली यह सरकार, महिला सुरक्षा जैसे संवेदनशील मामले में कितनी असंवेदनशील है।

बाबूलाल ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि सोचिए ये हाल अगर राजधानी रांची का है, तो अन्य जिलों और शहरों का हाल और कितना भयावह होगा। राजधानी रांची भर में, 2022 में 190 महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं घटीं, जो 22% की वृद्धि के साथ 2023 में 232 तक जा पहुंची। इस साल में जून तक ही यानी महज छह महीने में महिलाओं के साथ अपराध की संख्या 113 तक पहुंच गयी है। दुष्कर्म की घटनाओं का औसत निकालें तो प्रतिमाह 20 दुष्कर्म की घटनाएं घटित हो रही हैं, लेकिन हेमंत सरकार को इसके बाद भी महिला सुरक्षा की कोई चिंता नहीं है।



### बांग्लादेशी मुसलमानों की घुसपैठ बड़ा खतरा

बाबूलाल ने सोशल मीडिया पर एक दूसरा पोस्ट करते हुए लिखा कि आदिवासी समाज के लिए बांग्लादेशी मुसलमानों की घुसपैठ बड़ा खतरा बन चुका है। हालिया कुछ सालों में संथाल परगना के छह जिलों की डेमोग्राफी में अस्वाभाविक रूप से बदलाव देखने को मिला है। अचानक मुसलमानों की जनसंख्या में भारी वृद्धि आयी है, घुसपैठियों के अनगिनत टोले बस चुके हैं। संथाल परगना में आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान और परंपराएं खतरे में आ चुकी हैं। बांग्लादेशी मुसलमान फर्जी कागजात बना कर आदिवासियों की जमीनें हड़प रहे हैं। मुस्लिम वोट बैंक के लालच में झामुमो और कांग्रेस आदिवासी समाज को अल्पसंख्यक बनाने की साजिश में लगे हुए हैं। झारखंड की नैसर्गिक पहचान और आदिवासी समाज की विरासत को बचाये रखने के लिए अब बांग्लादेशी मुसलमानों के साथ-साथ झामुमो और कांग्रेस को भी राज्य की सत्ता से उखाड़ फेंकना है।






सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 87,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 20 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in


# झारखंड को आक्सीजन देनेवाला झरिया आज खुद वेंटिलेटर पर

## ■ खुद की आग में झुलसता रहा झरिया, लेकिन सभी ने राजनीतिक रोटी सेंकी

## ■ अब सहानुभूति नहीं, काम पर वोट करेगा झरिया विधानसभा क्षेत्र

## ■ रागिनी सिंह की कड़ी मेहनत की अमिट छाप से पूर्णिमा नीरज सिंह को लगी नजर

**श्रद्धावान्ल्लभते ज्ञानं तत्परः संयतेन्द्रियः।**
**ज्ञानं लब्ध्वा परां शान्तिमचिरेणाधिगच्छति॥**

**भागवत गीता कर्म करने और जीवन में आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देती है। भागवत गीता के बातों का अनुसरण करने से जीवन बदल जाता है और व्यक्ति को हर काम में सफलता मिलती है। गीता के चतुर्थ अध्याय, श्लोक 39 में कहा गया है कि अपनी इंद्रियों पर संयम रखनेवाला मनुष्य ही संसार पर विजय प्राप्त करता है.... आज हम बदलते राजनीतिक मौसम में झारखंड के एक ऐसे विधानसभा क्षेत्र की बात करेंगे, जहां संयम की परकाष्ठा है। जी हां! झारखंड के साथ देश-दुनिया में सुर्खियों में बना रहनेवाला झरिया विधानसभा क्षेत्र को संयम का अद्वितीय उदाहरण कहा जा सकता है। कारण, झारखंड को ऑक्सीजन देनेवाला झरिया खुद वेंटिलेटर पर है। भूमिगत आग से 100 से अधिक सालों से धधकता झरिया विधानसभा क्षेत्र सालों साल रक्तरंजित होता रहा है। यह संयम की मिशाल है कि लोग जब तब जमींदोज हो जाते हैं, लेकिन झरिया से विस्थापन नहीं चाहते। झरिया सालों से किसी राजनीतिक पार्टी का गढ़ नहीं माना जाता, बल्कि झरिया एक परिवार की विरासत समझा जाता है। यहां सालों से आबादी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में दहकते अंगारे पर जीवन गुजारती आ रही है। धधकती आग पर यहां जिंदगियां सिसकती हैं। आलम यह है कि झरिया का रेलवे स्टेशन लापता हो गया, ऐतिहासिक पीजी स्तर के कॉलेज शिफ्ट हो गये। दर्जनों गांव, दर्जनों मुहल्ले समेत सौ से अधिक इलाका नक्शे से गायब हो गये। प्रदूषण में अव्वल, जमींदोज होने का खतरा, विस्थापन का दर्द और धुआं-धुआं सी जिंदगी यही तो है झरिया। झरिया विधानसभा क्षेत्र की जमीनी सच्चाई और यहां के मतदाताओं की कसौटी पर झरिया का भावी कर्णधार कौन? बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता मनोज मिश्र।**

आजाद सिपाही **विशेष**

**झरिया** विधानसभा क्षेत्र धनबाद स्थित एक बड़ा कोयला क्षेत्र है। झरिया भारत में सबसे बड़े कोयला भंडार का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें 19.4 बिलियन टन कोकिंग कोल का अनुमानित भंडार है। यह कोयला क्षेत्र, जहां झारखंड को अरबों का राजस्व देने के मामले में आक्सीजन प्रदान करता है, वहीं स्थानीय अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता है, जो स्थानीय आबादी के एक बड़े हिस्से को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से रोजगार देता है।

झारखंड विधानसभा चुनाव-24 के मद्देनजर जब देश की कोयला राजधानी धनबाद के सबसे अहम इलाके झरिया में जमीनी सच्चाई जानने को लेकर पहुंचे तो झरिया के दुर्गम इलाके की बात छोड़िए झरिया के अहम इलाकों में भी हर जुबां पर पानी और पुनर्वास का मुद्दा है। जमीन के नीचे सुलगती आग और सतह पर आशियाना छिन जाने का डर झरिया की आम समस्या है। प्रदूषण और दम घोंटू धुएं के बीच यहां रोजगार बचाने का द्वंद्व जारी है। हर घर हर नल पीने का स्वच्छ जल तो आजादी के 78 साल बाद भी सपना ही है।

आकड़ों के मुताबिक, झरिया में 595 आग प्रभावित बस्तियों में से 556 बस्तियों के 1.4 लाख परिवारों का विस्थापन होना है। इसके लिए फायर फाइटिंग एवं पुनर्वास योजना को केंद्रीय वित्त मंत्रालय की मंजूरी मिली हुई है। बताया जाता है कि झरिया कोयला क्षेत्र में कुल 595 आग प्रभावित क्षेत्र थे, जिनमें कुछ प्रभावित क्षेत्र की आग खत्म हो गयी है। 556 आग प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास एवं फायर फाइटिंग प्रोजेक्ट चलाने पर एक्सपर्ट कमेटी ने साल 2023 में स्वीकृति दी थी। इनमें 81 प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित कार्रवाई की बात कही गयी थी। एक लाख चार हजार से अधिक परिवारों का पुनर्वास होना है। लगभग 32 हजार परिवार रैयत और शैष गैर रैयत हैं।

जानकारी के अनुसार फिलहाल 27 बेहद संवेदनशील इलाकों में फायर फाइटिंग एवं पुनर्वास से संबंधित प्रस्ताव को स्वीकृति दिये जाने की सूचना है। इस आग को बुझाने और वहां पर कानूनी तौर पर रहनेवाले लोगों को विस्थापित करने में कुल 6500 करोड़ रुपये के खर्च का प्रस्ताव तैयार किया गया है। प्रस्ताव के मुताबिक ये प्रोजेक्ट दो चरणों में पूरा होगा। आग बुझाने पर करीब दो हजार करोड़ रुपये का खर्च होना है। पहले चरण में तीन साल के भीतर प्रमुखता से आग बुझाने का काम किया जायेगा और साथ ही लोगों के लिए घर बनाया जायेगा। इतने सालों बाद भी लोगों को विस्थापित करने का मामला सरकार के लिए भी चुनौती बना हुआ है। इसी क्रम में नये प्लान में कोयला मंत्रालय इस पूरे इलाके को न केवल आग से मुक्त करना चाहता है, बल्कि उसके दायरे में रह रहे परिवारों को विस्थापित करने पर भी ध्यान दे रहा है। हालांकि, इसकी प्रगति ठीक नहीं है।


मानसून के दौरान अग्नि क्षेत्र खतरनाक हो जाते हैं। 70 से अधिक ऐसे इलाके हैं, जहां आबादी का एक पल भी रहना बेहद जोखिम भरा माना जा रहा है। पिछले कुछ सालों में इन इलाकों में अचानक जमीन फटने से मकान, मंदिर, मस्जिद, दुकान आदि के जमींदोज होने की दो दर्जन से भी ज्यादा घटनाएं हुईं। केंद्र सरकार के झरिया मास्टर प्लान के तहत अग्नि क्षेत्रों के निवासियों को अगस्त 2021 तक सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया जाना चाहिए था, लेकिन आवासों की कमी के कारण अब तक केवल 2,687 परिवारों का ही पुनर्वास किया जा सका है।

### साल 1967 में झरिया विधानसभा का गठन, 1977 से एक ही परिवार का दबदबा

झरिया झारखंड राज्य के धनबाद जिले से आठ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। एक वक़्त ऐसा भी था, जब यहां पर भी राजा महाराजाओं का राज हुआ करता था। उनके किले आज भी झरिया में जर्जर हालत में खड़े हैं। झरिया में मौजूद पुराने किले को देख कर आप भी अंदाजा लगा सकते हैं कि ये किले बहुत पुराने हैं। झरिया में अनगिनत ऐसे बहुत से पुराने और जर्जर खंडहर किले आज भी मौजूद हैं। ये दर्शाते हैं कि राजा महाराजाओं के हैं, जब भारत में अंग्रेजों और राजाओं का शासन हुआ करता था। इतिहास में दर्ज है कि अंग्रेजों से पहले झरिया में राजा महाराजाओं का ही शासन हुआ करता था और आज भी उसके कुछ वंश यहां रहते हैं।

साल 1967 में झरिया विधानसभा का गठन हुआ था। उस समय झरिया के राजा शिवप्रसाद पहले विधायक चुने गये थे। वह कांग्रेस के टिकट से चुनाव लड़े थे और उन्हें 10 हजार 24 वोट मिले थे। जबकि, इनके खिलाफ जेकेडी के टिकट से चुनाव लड़े एसके राय को 7150 वोट मिले थे। इसके पहले झरिया विधानसभा क्षेत्र साल 1962 में जोरापोखर विधानसभा क्षेत्र कहलाता था, जो वर्तमान में झरिया विधानसभा क्षेत्र का एक अहम इलाका है। साल 1962 में जोरापोखर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के रामनारायण शर्मा विधायक बने थे। उन्होंने सीपीआइ के टिकट से चुनाव लड़े झारखंड पुरोधा बिनोद बिहारी महतो को हराया था।

वहीं झारखंड बनने के बाद साल 2005, 2009 और 2014 के चुनाव में यहां से भाजपा को जीत मिली थी। भाजपा का इस सीट पर प्रभाव यहां के प्रभावशाली मजदूर नेता सूर्यदेव सिंह के परिवार की बदौलत रहा है। 1977 से इस परिवार का झरिया सीट पर प्रभुत्व रहा है। सूर्यदेव सिंह झरिया से 1977, 1980, 1985 और 1990 में विधानसभा चुनाव जीते थे। 1991 में सूर्यदेव सिंह की मौत हो गयी। 2000 में सूर्यदेव सिंह के छोटे अनुज बच्चा सिंह भी चुनाव जीते थे। उस समय सिंह मैंशन एकजुट था। इसके बाद 2005 और 2009 में सूर्यदेव सिंह की पत्नी कुंती देवी विधायक बनीं। 2014 में कुंती देवी ने यह सीट अपने पुत्र संजीव सिंह के लिए छोड़ दी और संजीव यहां से विधायक बने। जबकि, साल 2019 के चुनाव में 50 साल बाद झरिया सीट पर कांग्रेस ने जीत हासिल की। राजा शिव प्रसाद के बाद साल 2019 में जाकर पूर्णिमा




सिंह के रूप में कांग्रेस को झरिया से विधायक मिला। इस दफा जीत दर्ज करनेवाली पूर्णिमा सिंह के पति नीरज सिंह 2014 के चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार के तौर चुनाव लड़े और दूसरे नंबर पर रहे थे। यानी साल 2014 में सूर्यदेव सिंह कुनबे को ही झरिया के लोगों ने पसंद किया। पूर्णिमा नीरज सिंह सूर्यदेव सिंह के अनुज राजन सिंह की पुत्रवधू हैं। पूर्णिमा नीरज सिंह का मुकाबला सूर्यदेव सिंह की पुत्रवधू और पूर्व विधायक संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह के साथ था। संजीव सिंह विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के पति, कांग्रेस नेता नीरज सिंह की हत्या के आरोप में जेल में बंद हैं। भाजपा ने साल 2019 में संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह को झरिया से मैदान में उतारा, लेकिन नीरज सिंह की हत्या से उपजी सहानुभूति के कारण रागिनी 10 हजार वोट से हार गयीं। साल 2024 के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर एक ही कुनबे के दो परिवार की क्षत्राणी पूर्णिमा और रागिनी एक दूसरे के खिलाफ चुनावी दंगल में शिरकत करेंगी। पार्टी जो भी हो, लेकिन झरिया का चुनावी रण इन्हीं दोनों क्षत्राणियों के मुकाबले का गवाह बनेगा।

### रागिनी ने पांच साल में अपने आपको स्थापित किया है

झरिया विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक सूर्यदेव सिंह की विरासत की बागडोर संभाल रहीं रागिनी सिंह ने पिछले पांच सालों में साबित कर दिया है कि वह ही सिंह मेंशन की उत्तराधिकारी हैं। उन्होंने कठिन रास्ते, कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए झरिया के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों, कोयला मजदूरों के साथ रिश्ते मजबूत बनाया है। उसकी तारीफ पिछले एक साल से चर्चा में है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और पूर्व झरिया विधायक संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह की बात करें तो यह उन महिलाओं के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत हैं, जो कठिन परिस्थितियों से भाग खड़ी होती हैं। रागिनी सिंह सूर्यदेव सिंह के सिंह मेंशन की लाड़ली बहू में शुमार थीं, लेकिन, कालचक्र को शायद कुछ और ही मंजूर था। रागिनी सिंह के जीवन में परिस्थितियों ने ऐसा खेल रचा कि रागिनी घरेलू महिला से राजनीतिक पीच तक पहुंच गयीं। विधायक रहते पति संजीव सिंह जेल में, साल 2019 चुनाव हारी, देवर से अनबन की खबरें, पारिवारिक कलह, विरासत का मजदूर संगठन जनता मजदूर संघ छीन गया, लेकिन रागिनी सिंह के हौसले पस्त नहीं हुए। साल 2019 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले राजनीतिक पीच पर बैटिंग को उतरी रागिनी सिंह चुनाव तो हार गयीं, लेकिन, उन्होंने अपने और पराये के फर्क को तलाशने का कार्य किया। जनता श्रमिक संघ नामक मजदूर संगठन खड़ा किया। पिछले चार साल से झरिया की जनता के बीच, मजदूरों के बीच पैठ बनायी। साथ ही भाजपा संगठन को मजबूत करने, संगठन के लिए सदैव तत्पर रहते हुए भाजपा संगठन में भी खुद की पहचान बनायी। झरिया क्षेत्र के पुराने जानकारों का कहना है कि पूर्व विधायक सूर्यदेव सिंह के बाद रागिनी सिंह सिंह मेंशन की पहली प्रतिनिधि हैं, जिन्होंने झरिया की जनता के प्रति लगाव ही नहीं दिखाया है, बल्कि सुख दुख में खड़ा होकर साबित किया कि वह सच्ची हितैषी हैं। रागिनी सिंह के प्रति झरिया की जनता का उमड़ता प्यार कांग्रेस की सीटिंग विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के लिए खतरे की घंटी है। बीते लोकसभा चुनाव में बाहरी-भीतरी की आंच के वाबजूद भाजपा को 96 हजार मत मिले थे, जो कांग्रेस से 31 हजार वोट ज्यादा थे।

### झरिया का जातिगत समीकरण

झरिया विधानसभा शहरी विधानसभा सीट है। झरिया विस में ग्रामीण मतदाताओं की संख्या जीरो है। वहीं शहरी मतदाताओं की संख्या लगभग 302,223 है। झरिया विधानसभा में अनुसूचित जनजाति के मतदाताओं की संख्या लगभग 76,462 है, जो कुल मतदाताओं का लगभग 25.3% है। वहीं झरिया विधानसभा में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या दूसरे नंबर पर है, जो लगभग 62,560 है। जबकि, झरिया विधानसभा में अनुसूचित जाति मतदाताओं की संख्या लगभग 11,575 है, जो की कुल मतदाताओं के लगभग 3.83% है। झरिया विधानसभा सीट का जातिगत या उपनाम विश्लेषण देखें तो मुस्लिम यहां कुल मतदाताओं के 21 प्रतिशत यानी लगभग 63 हजार हैं, तो वहीं सिंह लगभग 28 हजार यानी 9.1 प्रतिशत हैं, जो दूसरे सबसे बड़े मतदाता हैं। पासवान यहां 4.2 फीसदी यानी लगभग 13 हजार, यादव 3.5 फीसदी लगभग 11 हजार और महतो 3.2 लगभग 10 हजार हैं। इसके अलावा झरिया में भुइयां और प्रसाद भी दस-दस हजार हैं। वहीं कुमार, बाउरी, शर्मा और गुप्ता 2-2 फीसदी, जबकि, पांडे, ठाकुर, दास, रवानी, वर्मा, केशरी, रे, रजक, मंडल, विश्वकर्मा, हादी, पंडित, चौधरी, मिश्रा आदि लगभग 40-45 हजार मतदाता हैं। झरिया विधानसभा क्षेत्र में मुस्लिम जहां कांग्रेस के कोर वोटर हैं, वहीं सिंह दो खेमे में बंटे हुए हैं। वहीं कुमार, बाउरी, शर्मा और गुप्ता 2-2 फीसदी, जबकि, पांडे, ठाकुर, दास, रवानी, वर्मा, केशरी, रे, रजक, मंडल, विश्वकर्मा, हादी, पंडित, चौधरी, मिश्रा आदि लगभग 40-45 हजार मतदाता भाजपा के कोर वोटर माने जाते हैं। जबकि, भुइयां, प्रसाद, यादव, पासवान के वोट बंटे हुए हैं। हालांकि, साल 1977 से साल 1992 तक ये वोटर सिंह मेंशन के कोर वोटर माने जाते थे। अब इन्हीं के कुनवे में बंट गये हैं।

### पिछले सात चुनावों पर नजर

बीते सात प्रमुख चुनावों की बात करें तो झरिया के मतदाताओं ने छह बार भाजपा को, तो एक बार कांग्रेस को आगे रखा है। साल 2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की पूर्णिमा नीरज सिंह को 50.3 फीसदी, जबकि भाजपा की रागिनी सिंह को 42.7 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं साल 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 61.94 तथा कांग्रेस को 30.64 प्रतिशत मत मिले थे। साल 2019 विधानसभा चुनाव में लोकसभा के मुकाबले भाजपा का वोट प्रतिशत 19 प्रतिशत घट गया। वहीं साल 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में बंपर मत पड़े हैं। झरिया विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के विधायक रहने के बाद भी वहां से अनुपमा को लीड नहीं मिली। इस सीट से भी भाजपा के ढुल्लू महतो ने लीड ली। उन्हें यहां से 96,028 और अनुपमा सिंह को 58,870 वोट मिले। कहा जा रहा है कि झरिया में भाजपा की 30 हजार से अधिक मतों की बढ़त रागिनी सिंह की जमीनी स्तर पर झरिया की जनता से जुड़ाव की बदौलत मिली। यह पूर्णिमा सिंह की दरकती जमीन का भी परिचायक है।

### कांग्रेस विधायक पूर्णिमा को लगी नजर

झारखंड राज्य की 81 विधानसभा सीटों में झरिया विधानसभा सीट एक ऐसा सीट हैं, जहां की राजनीति एक परिवार के इर्दगिर्द घूमती है। झरिया की जनता ने पिछले पांच दशक से एक परिवार यानी विधायक जी के परिवार को अपना परिवार समझा और उन्हें ही अपना प्रतिनिधि चुना। पूर्णिमा नीरज सिंह भी इसी कुनवे का हिस्सा हैं। साल 1977 के बाद 1991 और 95 ऐसा मौका रहा, जब झरिया की जनता ने पूर्व विधायक सूर्यदेव सिंह के कुनवे से अलग किसी अन्य को झरिया का विधायक चुना। संयुक्त बिहार के समय साल 1991 में सूर्यदेव सिंह के निधन के बाद हुए उपचुनाव में राजद के टिकट से आबो देवी ने चुनाव जीता और झरिया विधायक बनीं। आबो देवी ने सूर्यदेव सिंह के अनुज बच्चा सिंह को हराया। यह सिलसिला साल 1995 में भी जारी रहा। लेकिन, साल 2000 में झारखंड बनने के बाद सूर्यदेव सिंह के कुनवे ने सीट वापस जीत ली। दो बार हारने के बाद तीसरी बार साल 2000 के विधानसभा चुनाव में बच्चा सिंह विधायक बने और झारखंड सरकार में मंत्री भी बने। साल 2000 के विधानसभा चुनाव में सूर्यदेव सिंह के बड़े बेटे राजीव रंजन सिंह ने कड़ी मेहनत की थी और अपने चाचा बच्चा सिंह को विधायक बनाया। बिडंबना देखिए साल 2014 और 2019 के चुनाव में वही बच्चा सिंह ने अपने अग्रज सूर्यदेव सिंह परिवार के खिलाफ चुनावी मैदान में उतरी पूर्णिमा सिंह का समर्थन किया और यहीं से सिंह मेंशन और रघुकुल के बीच की खाई गहरी होती गयी। कोयलांचल की सबसे चर्चित सीटों में गिनी जाने वाली झरिया विधानसभा सीट पर सूर्यदेव सिंह के परिवार के सदस्यों के बीच ही सियासी घमासान शुरू हो गया। साल 2014 के चुनाव में इस सीट से बीजेपी के टिकट पर सूर्यदेव सिंह के पुत्र संजीव सिंह और कांग्रेस के टिकट पर उनके भतीजे नीरज सिंह ने चुनाव लड़ा और चुनावी बाजी संजीव के हाथ लगी थी। इसके बाद साल 2017 में नीरज सिंह की हत्या हो गयी, जिसका आरोप संजीव सिंह पर लगा और वह फिलहाल जेल में हैं। साल 2019 में बीजेपी ने संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह को उतारा, जिनके मुकाबले कांग्रेस ने नीरज सिंह की पत्नी पूर्णिमा सिंह को उतार कर एक बार फिर यहां की सियासी जंग को सिंह परिवार में ही समेट दिया। झरिया की जनता ने नीरज सिंह की हत्या का आक्रोश निकालते हुए पूर्णिमा नीरज सिंह को विधायक बना दिया। पूर्णिमा नीरज सिंह एक शिक्षित और समझदार राजनेता के तौर पर उभरीं। इनके तेवर, सोच और विकास के लिए प्रयास की सराहना होने लगी, दो साल बीतते-बीतते इनकी खुद की लोकप्रियता का ग्राफ तो चढ़ा, लेकिन झरिया की जमीन खितकती गयी। पूर्णिमा सिंह ने झरिया क्षेत्र में विकास को लेकर जम कर प्रयास किया, लेकिन परिवार के एक सदस्य के कारनामे के कारण उनकी छवि धूमिल होने लगी। बता दें कि 2019 विधानसभा चुनाव में उस सदस्य को चाणक्य की संज्ञा मिली, लेकिन उसी सदस्य ने पूर्णिमा की छवि को धूमिल होने का कारण बना। कहा जाता है कि उस सदस्य की वर्चस्व, दबंगई वाली छवि झरिया क्षेत्र के आम और खास दोनों को नागवार गुजर रही है। एक और कारण जानकारों का यह भी कहना है कि पूर्व मंत्री बच्चा सिंह का निधन होने से मजदूर यूनियन की बागडोर हर्ष के हाथ है, जिससे संगठन पर असर पड़ेगा। लोगों का कहना है कि हर्ष सिंह की नीति, नीयत और कार्यशैली जुदा है। जिससे पूर्णिमा सिंह की साख को बट्टा लगा है। 'आपका अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम के दौरान झरिया के चासनाला में एक फरियादी की, झरिया की विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के बाडीगार्ड द्वारा पिटाई का मामला तूल पकड़ लिया था, इससे भी विपरीत प्रभाव पड़ा है। वहीं पूर्णिमा सिंह के खिलाफ धनबाद कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष समेत दर्जनों वरीय कांग्रेसी रहे हैं। हालांकि, झरिया के लोग यह भी मानते हैं कि झरिया के विकास और यहां के लोगों के प्रति विधायक पूर्णिमा का जज्बा हमेशा सकारात्मक रहा है। पूर्णिमा ने झरिया की मूलभूत समस्याओं, बिजली; पानी की किल्लत समेत क्षेत्र के विकास के लिए कामकाज किये हैं।

### सिंह मेंशन के अलावा झरिया ने अन्य को है नकारा

उत्तरप्रदेश के बलिया जिले के गोन्हिया छपरा से साल 1960 में रोजी-रोटी की तलाश में सूर्यदेव सिंह धनबाद पहुंचे थे। यहां छोटे-मोटे काम के दौरान एक दिन उन्होंने अखाड़े में पंजाब के किसी नामी पहलवान को कुछ मिनटों में ही चित कर दिया। इसके बाद कोयलांचल में उनका नाम चमकने लगा। देखते ही देखते वह मजदूरों के नेता भी बन गये। इसके बाद 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर झरिया सीट से विधानभा चुनाव लड़ा और उस वक्त के बड़े श्रमिक नेता एसके राय को हरा कर विधायक बनने में कामयाब रहे। इसके बाद से लगातार वह जीतते रहे। साल 1991 में उनका निधन हो गया था। इनके निधन के बाद आरजेडी के टिकट पर आबो देवी उप चुनाव में जींती। इस जीत को सहानुभूति जीत के तौर पर देखा जाता है। कहा जाता है कि झरिया की जनता ने राजू यादव की हत्या होने से सहानुभूति वोट आबो देवी को दिया था और झरिया में सूर्यदेव सिंह की राजनीतिक विरासत संभाल रहे उनके छोटे भाई बच्चा सिंह हार गये। इसके बाद फरवरी 2000 में बच्चा सिंह ने झरिया विधानसभा सीट से चुनाव जीता और बाबूलाल मरांडी की सरकार में नगर विकास मंत्री बने। इसके बाद परिवार में दरार पड़ी तो सूर्यदेव सिंह की पत्नी कुंती सिंह ने विरासत को संभाला। कुंती देवी 2005 और 2009 में विधायक बनीं। इसके बाद 2014 में सूर्यदेव सिंह के बेटे संजीव सिंह झरिया के विधायक बने। साल 2019 में सूर्यदेव सिंह की बहू और पूर्व विधायक संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह को बीजेपी ने अपना उम्मीदवार बनाया था, वहीं कांग्रेस ने सूर्यदेव सिंह के छोटे भाई राजनारायण सिंह की बहू और पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की पत्नी पूर्णिमा सिंह को चुनाव मैदान में उतारा था। कांग्रेस उम्मीदवार पूर्णिमा ने बीजेपी उम्मीदवार रागिनी सिंह को हरा कर चुनाव जीत लीं। इस जीत को नीरज सिंह की शहादत की जीत कही गयी। आकड़े पर गौर करें तो साल 2019 में सिंह मेंशन परिवार के अलावा जेवीएमपी के टिकट से योगेंद्र यादव खड़े हुए थे, लेकिन उन्हें जनता ने तीन हजार वोट नहीं दिये। साल 2014 में मासस के मो रुस्तम अंसारी को 19 हजार तो योगेंद्र यादव को 9 हजार वोट मिले थे। साल 2009 में आबो देवी को 9 हजार तो सीपीएम को चार हजार वोट मिले थे। झरिया सीट से कोयला किंग के नाम से विख्यात सुरेश सिंह धन बल के बावजूद सूर्यदेव सिंह की पत्नी कुंती देवी से साल 2005 और 2009 में हार गये, जबकि, साल 2005 में भाजपा धनबाद की सभी छह सीटों में केवल एक झरिया सीट जीत पायी थी। एक कहावत यहां शान से कही जाती है कि इसकी ना उसकी झरिया केवल सिंह मेंशन की...





**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.6 °c | 22.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.18 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.26 बजे |



# इतिहास में चंपाई का नाम विभीषण के रूप में दर्ज होगा : बन्ना गुप्ता

**जब बुरे दौर से गुजर रहा था गठबंधन, तब भाजपा से बढ़ा रहे थे नजदीकियां**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के खिलाफ राज्य के मंत्री बन्ना गुप्ता ने टिप्पणी करते हुए उन्हें विभीषण करार दिया है। एक बयान जारी करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड का इतिहास जब भी लिखा जायेगा, चंपाई सोरेन का नाम विभीषण के रूप में दर्ज होगा। बन्ना ने कहा कि जिस पार्टी और माटी ने उनको सब कुछ दिया उसको ठुकरा कर अपने आत्मसम्मान को गिरवी रखकर वे सरकार को तोड़ने का कार्य कर रहे थे लेकिन समय रहते जब चीजें सामने आ गयी तो सोशल मीडिया में पोस्ट कर रहें हैं। जबकि हकीकत है कि वे अपनी करनी पर पछतावा कर रहे हैं और मुंह छुपा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि गुरुजी ने एक साधारण व्यक्ति को जमशेदपुर से निकाल कर पहचान दी। उनको मान-सम्मान दिया। हर संभव मदद किया। पार्टी में अपने बाद का ओहदा दिया। जब-जब जेएमएम की सरकार बनी उसमें मंत्री बनाया। सांसद का टिकट दिया। हर निर्णय का सम्मान किया लेकिन उसके बदले चंपाई दा ने राज्य को मौका परस्ती के दलदल में झोंकना चाहा।

बन्ना गुप्ता ने कहा कि हमारे नेता हेमंत सोरेन जब जेल जाने लगे तो उन्होंने सभी सत्ता पक्ष के विधायकों से चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने की बात कही तो हम सभी ने हेमंत की बात को माना। जब खुद को मुख्यमंत्री बनने की बात थी तो वो निर्णय चंपाई दा को बुरा नहीं लगा? प्रोटोकॉल के विरुद्ध नहीं लगा, तानाशाही नहीं लगा। जब हमारे नेता जेल से छूटने के बाद वापस आये तो चंपाई दा कैबिनेट की बैठक में व्यस्त थे और हां एक बात और हेमंत सोरेन के पास बसंत सोरेन और कल्पना सोरेन का ऑप्शन था, पर आप पर भरोसा जताया था। लेकिन आपने सिर्फ अपने स्वार्थ, सत्ता के भूख और ईगो के कारण झारखंड का सम्मान भाजपा के हाथों गिरवी रखने का कार्य किया है जिसको झारखंड की जनता कभी माफ नहीं करेगी। हमलोग झारखंडी हैं, जब रिश्ता बनाते हैं तो दिल से, स्वार्थ से नहीं। आपने सिर्फ पार्टी को नहीं बल्कि झारखंड की माटी को भी धोखा दिया है, झारखंड के शहीदों का अपमान किया है। झारखंड की माटी को बेचने का कार्य किया है। इसलिए आज आप अकेले हैं, कोई ना कभी आपके साथ था ना कभी रहेगा।

बन्ना ने कहा कि हर विभाग में, हर मंत्रालय में उनका हस्तक्षेप था। हर मंत्रालय में वे खुद निर्णय लेने लगे थे। तब उनको नेतृत्व में तानाशाही महसूस नहीं हुआ था क्या? दूसरे को नैतिकता का पाठ पढ़ाने वाले और झूठी सहानुभूति इकट्ठा करने के चक्कर में चंपाई दा अपने कुकर्मों को भूल गये हैं शायद। जब पार्टी और गठबंधन बुरे दौर से गुजर रहा था तो वे भाजपा नेताओं से अपनी सेटिंग बैठा रहे थे। जब हमारे नेता जेल में थे तो केंद्र सरकार की कानून बदलने वाली योजना को हर अखबार के प्रमुख पन्नों में अपनी फोटो के साथ छपा कर कौन सा गठबंधन धर्म निभा रहे थे? बन्ना ने कहा कि चंपाई दादा, 2019 का चुनाव आपके चेहरे पर नहीं, बल्कि हेमंत बाबू के चेहरे पर लड़ा था और ये जनादेश हेमंत बाबू और गुरुजी को मिला था लेकिन अनुकंपा के आधार पर मिली कुर्सी को आप अपनी समझने लगे। सच तो ये है कि आप सत्ता के लोभी हैं और कुर्सी के भी। जिस दिन हेमंत बाबू जेल से बाहर आये थे आपको नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए था और नंगे पैर चलकर हेमंत बाबू को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए था लेकिन आप तो अंतिम समय में भी ट्रांसफर-पोस्टिंग में लगे थे।

## चंपाई सोरेन को विभीषण बताये जाने पर बोली भाजपा

# चंपाई अगर विभीषण, तब तो वर्तमान सरकार का कार्यकाल रावण राज : प्रतुल

**कांग्रेस बताये कब तक कुंभकर्ण बनी रहेगी, कब तक कांग्रेस इस रावण राज में सिर्फ सत्ता के कारण कुंभकर्णी निंद्रा में सोई रहेगी?**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी ने मंत्री बन्ना गुप्ता के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को विभीषण कहने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि बन्ना गुप्ता अगर पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को विभीषण बता रहे हैं तो यह स्पष्ट हो गया कि वर्तमान सरकार का कार्यकाल रावण राज के समान है। जाने अंजाने बन्ना गुप्ता ने सच्चाई बताते हुए वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार की तुलना रावण राज से कर दी है।

प्रतुल ने कहा चाटुकारिता में बन्ना गुप्ता शब्दों की मर्यादा को भूल गये और कोल्हान के एक जमीन से जुड़े कद्दावर आदिवासी नेता का अपमान कर रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि इसके पहले भी बन्ना गुप्ता अपनी विवादास्पद कार्यों और टिप्पणियों के कारण जाने जाते रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि वर्तमान में राज्य में रावण राज जैसे हालात हैं। पिछले पौने 5 वर्षों में 7000 से ज्यादा बेटियों की इज्जत लूटी गयी। 7000 से ज्यादा हत्याएं हुईं। हजारों लूट और अपहरण की घटनाएं हुईं। विधि व्यवस्था की स्थिति चरमरा गयी। ग्रामीण क्षेत्रों में नक्सलियों का तांडव हो रहा है। शहरी क्षेत्र में संगठित आपराधिक गिरोह वकील, नेता, पुलिसकर्मी और आम जनों की हत्याएं कर रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि इस रावण राज के खात्मे के लिए और धर्म की रक्षा करने के लिए अगर कोई सिस्टम पर प्रश्न खड़ा करता है जैसा चंपाई सोरेन ने किया तो उनको बन्ना गुप्ता जैसे लोगों के द्वारा टारगेट करवाया जाता है।

प्रतुल ने कहा कांग्रेस राष्ट्रीय पार्टी है। लेकिन झारखंड में सिर्फ सत्ता के लोभ में वर्तमान के रावण राज के सारे कुकर्मों को वो नजरंदाज कर रही है। प्रतुल ने कहा पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है। लेकिन कांग्रेस सिर्फ मंत्री पद और ब्रीफकेस के लालच में सत्ता में लगातार बने रहने के लिए सरकार को समर्थन जारी रख रही है।

प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस को बताना चाहिए कि वह कब तक इस रावण राज में कुंभकर्ण बन कर सोई रहेगी? सिर्फ सत्ता और पैसे के लालच में कांग्रेस वर्तमान में कुंभकर्णी निंद्रा में सोई हुई है। प्रतुल ने कहा वैसे भी बन्ना गुप्ता तो वैसे मंत्री रहे हैं जिन्होंने अपनी कलम से खुद को कोरोना वॉरियर के रूप में पुरस्कृत किया था। प्रतुल ने कहा कि कोल्हान के आदिवासी बेटे का अपमान का फल तो इस पूरी सरकार और सत्ताधारी विधायकों को आगामी विधानसभा चुनाव में चुकाना होगा। सोरेन डायनेस्टी के बाहर का कोई भी आदिवासी नेता फैमिली को पचता ही नहीं है। उस पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष आक्रमण शुरू हो जाता है। प्रतुल ने कहा कि चंपाई सोरेन प्रकरण में झारखंड मुक्ति मोर्चा के भीतर की घटिया राजनीति पूरे तरीके से जनता के सामने एक्सपोज हो गयी है।

## राशिफल

ज्योतिर्विद शैलेंद्र | 9905199063

तिथि:-भाद्रपद कृ0 प0 द्वितीया दिन बुधवार तारीख 21 अगस्त 2024 रा0 का0 दिन में 12:00 मि0 से 01:30 मि0 तक

**मेष** करियर के क्षेत्र में अधिक अनुभव वाला कोई व्यक्ति आपके चुने हुए क्षेत्र में आपका मार्गदर्शन करेगा।

**वृष** आपको मन की शांति मिलेगी और उज्ज्वल भविष्य के दरवाजे खुलेंगे।

**मिथुन** आप अपने खर्चों को अच्छी तरह से काबू में रख पायेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**कर्क** आप स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना कर सकते हैं। नौकरी की तलाश पूरी होगी।

**सिंह** परिवार के सदस्यों के साथ समय व्यतीत करने का अवसर प्राप्त होगा। इस समय किस्मत का पूरा साथ मिलेगा।

**कन्या** शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय काफी अच्छा है। धन- लाभ होने के योग भी बन रहे हैं।

**तुला** आप निश्चित रूप से इस महीने एक वित्तीय उपलब्धि का जश्न मनायेंगे। लोगों की मदद करेंगे।

**वृश्चिक** पारिवारिक जीवन में सुख का अनुभव करेंगे। वाहन या मकान खरीद सकते हैं।

**धनु** व्यवसायियों को इस साल कारोबार में काफी संघर्ष करना पड़ सकता है। आपकी परेशानी बढ़ेगी।

**मकर** आप आर्थिक रूप से मजबूत होंगे और चिंता की कोई बड़ी बात नहीं है। आप आराम से दिन बितायेंगे।

**कुंभ** कार्यक्षेत्र में काम का दबाव और अनावश्यक उलझनों का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन** घर, जमीन या वाहन खरीदना चाह रहे हैं तो प्रयास सफल होंगे। धन लाभ का भी योग बनता दिख रहा है।

## जमीन बचाने के लिए एक प्रभावी चरणबद्ध आंदोलन की जरूरत

# झारखंड के जल, जंगल, जमीन को बचाना होगा : बंधु



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड को चाहने वाले और जल, जंगल, जमीन की बात करनेवाले उन सभी लोगों को सामने आने की जरूरत है। जो राज्य को जमीन लूट और इसके कारण पैदा होने वाले विस्थापन और पलायन जैसी विकट समस्याओं से निजात दिलाना चाहते हैं। तिर्की ने कहा कि न केवल आदिवासियों और मूलवासियों बल्कि झारखंड में रहनेवाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ यह मामला गहरायी से जुड़ा हुआ बहुत गंभीर मुद्दा है। यदि जमीन लूट इसी प्रकार से चलती रही तो वह दिन दूर नहीं जब झारखंड अपनी पहचान को हमेशा के लिए खो देगा। तिर्की ने सोमवार को सिमलिया, दिउसुध, बजरा, तिलता, कमड़े, फुटकल टोली, पंडरा आदि मौजा का गहन दौरा कर वहां के रैयतों के अलावा सामाजिक- राजनीतिक कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों के साथ ही समाज के अगुआ लोगों से बातचीत की और जमीनी स्थिति की जानकारी ली। तिर्की ने कहा कि उन तत्वों पर अंकुश लगाना बहुत ज्यादा जरूरी है जो जमीन के अवैध धंधे में संलिप्त हैं। सीएनटी एक्ट जैसे कानून की धज्जियां उड़ाकर न केवल गैरमजरुआ बल्कि आदिवासियों के सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक महत्व की भूमि की भी बेरोकटोक खरीद-बिक्री कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जमीन को लूट से बचाने के लिए एक प्रभावी चरणबद्ध आंदोलन की जरूरत है और वह आंदोलन आर-पार वाली होगी। तिर्की ने कहा कि अपनी मांगों पर जोर डालने के लिए अगले 28 अगस्त को मोरहाबादी मैदान में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष बापू वाटिका में धरना दिया जायेगा।

इसमें समान विचारधारा के साथ ही आदिवासी जमीन को लूट से बचानेवाले उन सभी तत्वों के सामने आने की जरूरत है ताकि जमीन लुटेरों के बीच भी यह संदेश जाये कि जमीन लूट और झारखंड के साथ विश्वासघात का उनका खेल अब ज्यादा समय तक चलने वाला नहीं है।

# 10 लाख के इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड के 10 लाख के इनामी नक्सली रामदयाल महतो ने आत्मसमर्पण कर दिया है। जानकारी के मुताबिक रामदयाल ने गिरिडीह पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। हालांकि इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हो पायी है। रामदयाल महतो का आत्मसमर्पण कराने में उसके बेटे बैजनाथ महतो की खास भूमिका बतायी जा रही है। चर्चा इस बात को लेकर भी है कि रामदयाल महतो ने मधुबन थाना इलाके में रविवार को आत्मसमर्पण किया।

### रामदयाल महतो पर 75 से अधिक मामले हैं दर्ज

पुलिस सूत्रों की मानें तो रामदयाल महतो उर्फ बच्चन कई वर्षों से संगठन के लिए काम रह रहा था। उसका दस्ता पीरटांड़, निमियाघाट, मधुबन, डुमरी, टुंडी समेत कई इलाकों में कई बड़ी नक्सली घटनाओं को अंजाम दे चुका है। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में करीब 75 से अधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस लगातार उसकी गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर रही थी, लेकिन पारसनाथ की भौगोलिक बनावट का फायदा उठा कर वह हमेशा पुलिस की नजरों से बचते आ रहा था। पुलिस को जब भी उसकी जानकारी मिलती थी, तो वह अपना ठिकाना बदल लेता था।

### पीपराडीह का रहनेवाला है नक्सली

रामदयाल महतो पीरटांड़ थाना क्षेत्र के पीपराडीह का रहनेवाला है। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहा था। वह नक्सली संगठन में जोनल कमेटी मेंबर है। पिछले कई वर्षों से वह पारसनाथ से लेकर टुंडी तक कई नक्सली घटनाओं को अंजाम दे चुका है। कुछ माह पूर्व 25 लाख के इनामी नक्सली कृष्णा हांसदा की गिरफ्तारी के बाद पारसनाथ इलाके में फिलहाल रामदयाल महतो ही संगठन की देखरेख कर रहा था। संगठन को मजबूत करने में जुटा हुआ था।

रामदयाल महतो उर्फ बच्चन संगठन में शामिल कई बड़े नक्सलियों के साथ काम कर चुका है। इसमें प्रमुख रूप से एक करोड़ का इनामी नक्सली मिसिर बेसरा, प्रयाग मांझी, अनल उर्फ पतिराम मांझी, अजय महतो उर्फ टाइगर, कृष्णा हांसदा आदि शामिल हैं। कृष्णा हांसदा की गिरफ्तारी के बाद उसे पारसनाथ के इलाके में संगठन को मजबूत करने की कमान सौंपी गयी थी।

# प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों की सूची जारी

**डॉ आरिफ बट प्रदेश महामंत्री बने**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों की सूची सोमवार को जारी कर दी गयी। इसमें पिछली कमेटी में मंत्री रहे डॉ आरिफ नासिर बट को उनके कार्यों को देखते हुए पदोन्नत करते हुए महामंत्री नियुक्त किया गया है। अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष जनाब अनवर हयात ने आरिफ बट को प्रदेश महामंत्री का दायित्व सौंपा है। आरिफ ने इतनी बड़ी जिम्मेदारी के लिए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, अल्पसंख्यक अध्यक्ष अनवर हयात, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह का आभार जताया है। आरिफ के महामंत्री बनने पर प्रभारी सोना खान, अल्पसंख्यक महामंत्री ताजदार आलम, उपाध्यक्ष शमीम रजा, प्रवक्ता नैयर आजम, उपाध्यक्ष तारिक इमरान, कोषाध्यक्ष समीर खान ने खुशी जतायी और अन्य पदाधिकारियों ने भी बधाई दी। वहीं अन्य पदाधिकारियों की घोषणा भी कर दी गयी है और जल्द से जल्द प्रदेश कार्यसमिति की भी घोषणा कर दी जायेगी।

## विधायक लंबोदर महतो के बेटे शशि शेखर का कमाल

# यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रुस पर फहराया तिरंगा

**झारखंड का नाम किया गौरवान्वित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गोमिया विधायक लंबोदर महतो और झारखंड के पर्वतारोही शशि शेखर ने अपने राज्य और देश का भी मान बढाया है। खुद लंबोदर महतो ने सोशल मीडिया के जरिए इसकी सूचना साझा की है। बताया है कि उनके बड़े बेटे शशि ने 17 अगस्त को यूरोप की सबसे ऊंची चोटी, माउंट एल्ब्रुस (5,642 मीटर) पर स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा फहराया। रूस के कॉकस पर्वत श्रृंखला में स्थित इस पर्वत पर चढ़ाई कर उन्होंने एक नयी उपलब्धि हासिल की है। झारखंड का नाम रोशन किया। शशि के अभियान की जानकारी देते लंबोदर महतो ने बताया है कि उसने अपना अभियान 13 अगस्त को रांची की एडवेंचर कंपनी लंबदा एडवेंचर के साथ शुरू किया। इसकी शुरूआत ट्रेक्सोल से हुई जहां से वो आगे गराबासी (3,800 मीटर) में रुककर अपनी एक्लिमेटाइजेशन पूरी की और फिर मारिया सेल्टर (4,200 मीटर) तक का सफर किया। वहां उन्होंने मौसम साफ होने का इंतजार किया और 17 अगस्त को सुमित पुस के लिए निकल पड़े।




हालांकि उस दिन भी तेज हवा चल रही थी, इसके बावजूद वे 17 अगस्त की सुबह करीब 8 बजे सुमित पर पहुंच गये। शशि ने इस साहसिक यात्रा के दौरान अपनी शारीरिक और मानसिक ताकत को परखा और पर्वतारोहण के प्रति अपने समर्पण को साबित किया।

### ऐसे हुई तैयारी

विधायक के मुताबिक, माउंट एल्ब्रुस पर चढ़ाई के लिए शशि ने 4-5 दिनों की योजना बनायी जिसमें प्रशिक्षण, राशन और मौसम की तैयारी शामिल थी। कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए उन्होंने अपनी यात्रा सफलतापूर्वक पूरी की और स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा फहराया। शशि की माउंटेनियरिंग की सफर प्रेरणादायक है। उनके पूर्व की उपलब्धियों में विश्व के सबसे ऊंची छोटी माउंट एवरेस्ट के बालकनी (8430 मीटर/ 27,657 फीट) तक का सफर, नेपाल स्थित माउंट लोबुचे (6,199 मीटर/20,075 फीट) पर झंडा लहराना और माउंट मनिरंग (5758/19000 फीट) के समिट कैंप तक की अभियान शामिल है। शशि शेखर ने इस उपलब्धि को गोमिया विधानसभा क्षेत्र के लोगों को समर्पित किया, जिनके समर्थन और प्रेरणा ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शशि ने कहा कि पिताजी की मेहनत और उनके काम से प्रेरित होकर उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। उनका समर्थन और समर्पण मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। विधायक के मुताबिक, इस उपलब्धि ने न केवल शशि की व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा को पूरा किया बल्कि झारखंड में पर्वतारोहण की दुनिया में एक नयी मिसाल स्थापित की। उनके इस साहसिक प्रयास ने यह भी दर्शाया कि सही तैयारी, समर्पण और दृढ़ निश्चय के साथ किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय लहरबनी में घटिया सामग्री लगाने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया

# डीसी ने कहा-जांच होगी, दोषी पाये जाने पर कार्रवाई की जायेगी

**डीएमएफटी से बन रहे क्लासरूम में 16 एमएम की जगह 12 एमएम की छड़, घटिया ईंट लगाने का ग्रामीणों का आरोप**



कार्तिक कुमार

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** भवन प्रमंडल विभाग द्वारा लिटीपारा प्रखंड के बांडू पंचायत में उत्क्रमित मध्य विद्यालय लहरबनी में बन रहे अतिरिक्त तीन क्लास रूम निर्माण में संवेदक द्वारा घटिया समाग्री लगाने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीण अभिषेक मालतो, जबरा पहाड़िया, देवदास पहाड़िया, गुहिया पहाड़िया, मेसा पहाड़िया व गोवर्धन पहाड़िया का आरोप है कि विद्यालय भवन का निर्माण भवन प्रमंडल विभाग द्वारा कार्य करवाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार उक्त भवन निर्माण लगभग तीस लाख की लागत से संवेदक संजय साहा के द्वारा करवाया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि भवन का निर्माण कार्य संवेदक मानक प्राक्कलन को ताक में रख कर अपने मन माने ढंग से करा रहे हैं। निर्माण कार्य में जहां पिलर में 16 एमएम की ब्रांडेड छड़ लगानी है। वहां संवेदक द्वारा 12 एमएम का गोवर्धन एक्सप्रेस की छड़ लगायी गयी है। साथ ही ग्रामीणों ने बताया निर्माण कार्य में तीन नंबर का घटिया क्वालिटी का ईंट से दीवाल जोड़ाई की जा रही है। जो जांच का विषय है। वहीं मसाला में बालू की मात्रा ज्यादा व सीमेंट कम दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि घटिया निर्माण कार्य का विरोध करने पर संवेदक पर कोई असर नहीं पड़ रहा है और त्वरित गति से कार्य कराया जा रहा है। वहीं संवेदक द्वारा बिना कनीय अभियंता के उपस्थिति में 12 एमएम के गोबर्धन एक्सप्रेस से टाइबिम का ढलाई का कार्य कर दिया गया है। लोगों का कहना है कि इस तरह घटिया समाग्री से विद्यालय भवन बनेगा तो कितना टिकाऊ होगा। ग्रामीणों ने उपायुक्त मृत्युंजय वर्णवाल से भवन निर्माण की जांच करवा कर संबंधित संवेदक और कनीय अभियंता पर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में पूरे मामले की जानकारी डीसी के संज्ञान में दिये जाने पर उन्होंने कहा है कि वह फील वक्त आउट ऑफ स्टेशन हैं और वे इस मामले को आकर स्वयं देखेंगे।

इधर कनीय अभियंता जनार्दन मंडल ने बताया कि विद्यालय भवन निर्माण में यदि घटिया समाग्री लगायी जा रही है और छड़ का प्रयोग 16 एमएम की जगह 12 एमएम किया गया है तो संबंधित एजेंसी पर कार्रवाई की जायेगी। वहीं सहायक अभियंता अमित कुमार ने बताया लोकल घटिया छड़ लगाने की सूचना पर जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# भाजपा जोड़-तोड़ की राजनीति में विश्वास करती है : मनोज

**झारखंड सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि भाजपा जोड़-तोड़ की राजनीति में विश्वास करती है और यही भाजपा की नीति और नियति है। जब से झारखंड में हेमंत सोरेन के अगुवाई में सरकार बनी है तब से आज तक लगातार भाजपा झारखंड में सरकार को गिराने के लिए जोड़-तोड़ करने का काम कर रही है। सफलता नहीं मिली और न मिलेगी। उन्होंने सोमवार को कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को भी अपने पाले में करने में भाजपा सफल होती दिख रही है लेकिन सरकार पर कोई असर पड़ने वाला नहीं है। झारखंड सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। मनोज ने कहा कि भाजपा की नियति अंग्रेजों जैसी है, फूट डालो और राज करो लेकिन झारखंड की जनता भाजपा की नीति और नियति को जानती है। इसमें भाजपा को कभी सफलता नहीं मिलेगी।

## मुखलाल मेहता बने भाजपा ओबीसी मोर्चा के कार्यक्रम समन्वयक



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** इचाक प्रखंड के कुरहा गांव निवासी भाजपा नेता मुखलाल मेहता को भाजपा ओबीसी मोर्चा के कार्यक्रम समन्वयक नियुक्त किया गया है। पार्टी के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने पत्र जारी कर नियुक्ति की जानकारी दी है। मुखलाल मेहता इसके पूर्व भी मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के अलावा कोडरमा जिला प्रभारी के पद पर कार्य कर रहे थे। पार्टी के प्रति इनकी आस्था और समर्पण को देखते हुए इन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। श्री मेहता ने कहा कि पार्टी ने दायित्व सौंपा है, उसमें खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। इनके नियुक्ति पर बधाई देने वालों में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, महामंत्री सुनील मेहता, प्रदेश कार्य समिति सदस्य बटेश्वर मेहता, भागवत मेहता, हरिहर मेहता, मंडल अध्यक्ष अनिल मेहता, अजीत बक्शी, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह, कंचन मेहता आदि शामिल हैं।

## मुरूमातु गांव में लगा नया ट्रांसफॉर्मर



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मुरूमातु गांव में लगा ट्रांसफॉर्मर विगत दिनों जल गया था। इससे ग्रामीण परेशान थे। ग्रामीणों ने भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह को इसकी जानकारी दी। उन्होंने तत्काल हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल को समस्या से अवगत कराया। सांसद ने त्वरित पहल करते हुए विभाग से संपर्क कर पुराना ट्रांसफॉर्मर बदल कर नया 100 केवीए का ट्रांसफॉर्मर ग्रामीणों को उपलब्ध करवाया। ट्रांसफार्मर का उद्घाटन प्रमुख व भाजपा महामंत्री संतोष मंडल, राजू यादव, जयप्रकाश ठाकुर ने नारियल फोड़ कर व फीता काटकर किया। नया ट्रांसफॉर्मर मिलने की खुशी में गांव के लोगों ने सांसद के प्रति आभार जताया है। मौके पर करमा गंझू, बिनोद अगेरिया, प्रकाश गंझू, तापेश्वर गंझू, राकेश गंझू, अर्जुन गंझू, यमुना गुप्ता, मरांडी गंझू, ईश्वर गंझू, राजेश गंझू, बंटी कुमार, चरका अगेरिया आदि शामिल रहे।

## तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बनासो स्थित त्रिगुणी पोखर में डूबने से एक बच्चे की मौत। मिली जानकारी के मुताबिक बनासो के स्व नरेश यादव के 14 वर्षीय पुत्र हीरालाल यादव की मौत नहाने के दौरान गहरे पानी में डूबने से हो गयी। बताया गया कि वह नहाने बनासो के त्रिगुणी पोखर गया था कि नहाने के दौरान वह गहरे पानी मे डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गयी।

## अंतिम सोमवारी पर शिवालय में उमड़ी भीड़

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ प्रखंड में रक्षाबंधन का त्योहार हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर अहले सुबह से ही लोगों ने शिवालय में पूजा अर्चना किया। मंदिरो में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूजा अर्चना के बाद दोपहर एक बजकर 30 मिनट के बाद बहनों ने भाइयो के कलाई पर राखी बांधकर भाई के लम्बी उम्र की कामना की। रक्षाबंधन को लेकर एक दिन पहले से ही बाजार में चहल पहल बढ़ गयी। राखी व मिठाई की दुकान पर रविवार शाम से ही भीड़ उमड़ पड़ी। सावन पूर्णिमा को लेकर विष्णुगढ़ के राम मंदिर, काली मंदिर, यमुनिया नदी स्थित शिव पार्वती मंदिर, हरिहर धाम मंदिर, बनासो स्थित बागेश्वरी मंदिर समेत प्रखंड के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की।

## अजीत चंद्रवंशी के नेतृत्व में और मजबूत होगा ओबीसी मोर्चा : बालेश्वर महतो



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** अजीत चंद्रवंशी को पुनः ओबीसी मोर्चा का जिला अध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर ओबीसी मोर्चा के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष डॉ बालेश्वर महतो ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आर्थिक संपन्नता भले ही राजनीति का मार्ग प्रशस्त करता हो लेकिन लंबी राजनीतिक पारी के लिए नेतृत्व क्षमता, बड़ी सोच और दृढ़ इच्छाशक्ति प्रतिकूल स्थिति को भी अनुकूल बना देती है। कुछ ऐसा ही परिदृश्य को प्रस्फूटित कर रहे हैं भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी। बड़ी राजनीतिक पार्टी कहे जाने वाली भारतीय जनता पार्टी झारखंड में ओबीसी मोर्चा का गठन 7 नवम्बर 2016 को हुआ और मोर्चा के दूसरे कार्यकाल में अजीत कुमार चंद्रवंशी को हजारीबाग जिला अध्यक्ष का कमान मिला और इस चुनौती को अवसर में बदलने का संकल्प लेकर पार्टी की नीति और सिद्धांतों के साथ निकल पड़े संघर्ष की राह में। भाजपा के सक्रिय राजनीति में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए कोरोना काल में मोर्चा के द्वारा मास्क वितरण करते- करते स्वयं भी संक्रमित हो गए पर संगठन के कार्यों के प्रति कभी उदासीन नहीं हुए।

## रिंकी देवी ने किया विकास कार्यों का शिलान्यास



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेड़ोकला में मुखिया रिंकी देवी ने दो विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। मुखिया ने मानपुर काली मंडप परिसर में बनने वाली फेबर ब्लॉक निर्माण कार्य की आधारशिला रखीं। वहीं ग्राम केंदुआ के महुआटांड में श्मशान घाट में शेड निर्माण का शिलान्यास किया गया। जिसका निर्माण 15वीं वित्त आयोग मद से लगभग साढ़े पांच लाख के लागत से किया जाएगा। वहीं मुखिया रिंकी देवी ने कहा कि पंचायत में विकास कार्य निरंतर जारी है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि देवेंद्र पांडेय, पंचायत समिति सदस्य रामचंद्र साव, उपमुखिया अरुणा देवी, वार्ड सदस्य देवीलाल यादव, वार्ड सदस्य दिनेश यादव,दिनेश यादव, विनोद यादव वीरेंद्र साव, चंदन पांडेय, अशोक यादव, मोहन पांडेय, सुरेंद्र यादव, इंद्रदेव यादव, चमन महतो, रामशरण यादव ,राजेश यादव, विनोद यादव, सोना यादव, भोला यादव समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## पुलिस ने बरामद किया शव, शिनाख्त में जुटी

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हेंदेगिर सितम टांड के जंगल के में एक लावारिश लाश केरेडारी पुलिस ने बरामद की हैं। केरेडारी पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज भेज दिया हैं व पुलिस शव के पहचान के जुट गई हैं। मृतक ब्लू रंग का पैंट व सफेद चेक शर्ट पहना हुआ हैं। वहीं चौबीस घण्टे बीत जाने के बाद भी शव की पहेचान किसी प्रकार नही हो पायी थी। वही केरेडारी थाना प्रभारी अजित कुमार ने व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम शव की पहचान को लेकर प्रखंड क्षेत्र के सभी व्हाट्सएप ग्रुप में चला दिया हैं। इसके बाजूद भी अब तक शव की पहचान नहीं हो पायी है। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि 72 घंटे के अंदर शव की पहचान होती है तो ठीक है नही होने पर हजारीबाग के मुक्ति धाम में दाह संस्कार कर दिया जायेगा।

# 'सांसद खेल महोत्सव' खिलाड़ियों के उत्थान के लिए हो रहा आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी पांचों विधानसभा क्षेत्र के सभी 22 प्रखंडों के खिलाड़ियों के उत्थान और सहयोग के साथ उन्हें बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाह्न और निर्देश पर 'सांसद खेल महोत्सव-2024' कराने का संकल्प लिया है। ज्ञात हो की बतौर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने साल 2016 से ही इसकी शुरूआत अपने स्तर से नमो खेल श्रृंखला के माध्यम से की थी। शुरूआत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट से महज कुछ टीमों के साथ कटकमदाग प्रखंड से हुआ था जिसका विस्तार पूरे हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र में हुआ और इसमें विधानसभा क्षेत्र के करीब शत प्रतिशत गांवों की टीमें शामिल होने लगी। कोरोना काल के दौरान दो साल 2020 और 2021 में यह टूर्नामेंट स्थगित रहा लेकिन साल 2022 में नए स्वरूप में दिखा। साल 2022 में पहली बार इस टूनामेंट का आयोजन हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के बाहर इचाक और डाड़ी प्रखंड में सफलतापूर्वक हुआ। साल 2023 में इस टूनामेंट का विस्तार बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड में भी हुआ। मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट ने हजारीबाग जिले के ग्रामीण क्षेत्र में फुटबॉल के प्रति गजब का उत्साह और जुनून खिलाडियों और खेल प्रेमियों ने उत्पन्न किया। महज सात साल (दो साल कोरोना काल को छोड़कर) में ही नमो फुटबॉल टूर्नामेंट ने हजारीबाग जिले का सबसे बड़ा और लोकप्रिय फुटबॉल टूर्नामेंट होने का ख्याति प्राप्त किया। साल 2023 में ही नमो खेल श्रृंखला के तहत फुटबॉल टूर्नामेंट के अपार सफलता के पश्चात मनीष जायसवाल के द्वारा नमो कैरम, नमो कबड्डी और नमो बॉक्सिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया और संकल्प लिया गया है अन्य खेल का भी प्रतिस्पर्धा करायेंगे ताकि खेल- खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिले और वो समाज और देश के लिए बेहतर करें ।

साल 2024 में पहली बार हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र से सांसद निर्वाचित होने के बाद मनीष जायसवाल ने 'सांसद खेल महोत्सव-2024' के तहत नमो खेल श्रृंखला का विस्तार संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में करने का निर्णय लिया है। सांसद खेल महोत्सव-2024 के प्रथम चरण की तैयारी पूरी कर ली गयी है और जल्द ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़, मांडू, हजारीबाग सदर, बड़कागांव और बरही विधानसभा क्षेत्र के सभी 22 प्रखंडों में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जायेगा।

# कांग्रेस प्रदेश महासचिव जनसंपर्क कर जन समस्याओं से हो रहे रूबरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव विनोद कुमार कुशवाहा का तूफानी जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है। इस दौरान कांग्रेस के नीति एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। साथ ही जनसंपर्क कर झारखंड सरकार के द्वारा जनहित में चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचा रहे हैं और तत्काल लोगों को इससे लाभ मिले इसको लेकर हर संभव प्रयासरत है।

इसी क्रम में विनोद कुशवाहा ने नगर निगम के पगमिल सहित सदर एवं दारू प्रखंड क्षेत्र के कई गांव का सघन दौरा कर जनसंपर्क चलाया। इस दौरान सखिया और बहेरी के ग्रामीण क्षेत्र में लोगों से रूबरू होते हुए जनसमस्या को जानने का प्रयास किया और जनसमस्याओं के समाधान को लेकर हर संभव भरोसा जताया। जन समस्याओं से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं सड़कों की काफी जर्जर हालत है इस पर सरकार से मांग किया है। रोला-सरौनी रोड और दारू प्रखंड क्षेत्र के झुमरा - कवालु रोड का अविलंब निर्माण कराया जाए। सड़कों की जर्जर हालत को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आए दिन बच्चों को स्कूल जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क के निर्माण के लिए श्री कुशवाहा ने झारखंड के मुख्यमंत्री से आग्रह किया है इन सभी सड़कों का निर्माण अविलंब कराया जाए। श्री कुशवाहा ने हजारीबाग कटकमसांडी मुख्य मार्ग में पगमिल रोड अवस्थित पटना हाउस के सामने की सड़क की जर्जर हालत को लेकर गहरी चिंता जताई जहां सड़क के उपर लगभग 3 फीट पानी का जल जमाव हुआ पड़ा है जिससे पगमिल क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों के लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसका भी निराकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

## घर में आग लगी, 60 हजार नगद सहित लाखों की संपत्ति जली

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के समलडीह पंचायत अंतर्गत नारायडीह में सोमवार की सुबह करीब 10 बजे एक घर में भीषण आग लगने से लाख रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गया। बताया जाता है कि समलडीह पंचायत के नारायडीह निवासी रामलखन यादव पिता लालो महतो के घर में आग लग गई जिससे घर के अंदर अटैची में रखे नकद 60 हजार रुपये, अनाज, बैग, पशुचारा, कपड़े, कागजात सहित अन्य सामग्री जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन आग की लपेटे इतनी तेज थी कि आग पर काबू पाने में घंटो समय लग गये। लगभग 3 से 4 घंटे तक स्थानीय ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश में लगे रहे।रामलखन यादव ने बताया कि घर में रखे 40 हजार और कुछ दिन पूर्व सोने का जेवर रखकर 20 हजार रुपए घर में बोरिंग कराने को लेकर किसी से कर्ज लेकर आया था।

## डूंगो और बेरहो में हाथियों के झुंड ने दो घरों को तोड़ा

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** छह महीना बीतता नही है की हाथियों का झुंड विष्णुगढ़ में तबाही मचाने के बाद, जंगली हाथियों के झुंड ने शनिवार को बन्हें में प्रवेश किया। जहां तबाही मचाने के बाद रविवार रात डुंगो में घुसे, जहां केवल तीन हाथियों को ग्रामीणों ने देखा,शेष 20 हाथी बेरहो की ओर चले गए। डूंगो में उत्तम गंझू के घर का कर्कटशिट तोड़ दिए,घर के छज्जा और खिड़की तोड़ दिया,दीवारों को छेद कर नुकसान पहुंचाया। घर के लोग किसी तरह भाग कर जान बचाये। वहीं गांव के हरिनाथ यादव, जगदीश यादव, चेतलाल यादव, लक्ष्मण यादव के बाउंड्री को ध्वस्त किया है। गांव के खेतों में लगे धान और मकई के फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया है। वहीं शेष 20 हाथियों ने बेरहो के भेलवा टांड अंतिम छोर में बसे कारू राम के घर को तोड़ा। ग्रामीण और हाथियों को भगाने वाली टीम ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें जंगलों में भागने को मजबूर कर दिया।

# स्वच्छ भारत अभियान में 21 हजार पौधरोपण का प्रण किया पूरा : नीरज

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** स्वच्छ भारत अभियान के जिला संयोजक नीरज कुमार गुप्ता द्वारा 21 हजार पौधारोपण करने का संकल्प लिया गया था। इस कार्यक्रम का समापन सोमवार को गांधी मैदान मे रुद्राभिषेक कर किया गया। रुद्राभिषेक में स्वच्छ भारत अभियान के प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण ओझा, सदर प्रखंड संयोजक बसंत कुमार मेहता सहित कई अन्य उपस्थित हुए। रुद्राभिषेक का कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू हुआ। प्रसाद वितरण 1 बजे के बाद किया गया। इसी कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए शाम को भक्ति जागरण का भी आयोजन किया गया। साथ ही एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का समापन और सम्मान समारोह 7 बजे शाम शुरू हुआ। सम्मान समारोह में स्वच्छ भारत अभियान के प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण ओझा को शॉल देकर सम्मानित किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने 21000 पौधारोपण संकल्प को लेकर नीरज गुप्ता को दी बधाई। साथ ही स्वच्छ भारत अभियान को आगे बढ़ाते हुए भारत को स्वच्छ बनाने का प्रधानमंत्री के सपने को पूरा करने की बात कही। नीरज कुमार गुप्ता ने कहा की मैं स्वच्छ भारत अभियान के तहत 21 हजार पौधा रोपण का प्रण लिया था, जिसे पूर्ण किया। साथ ही अन्य लोगों से भी हजारीबाग को हरा भरा बनाने के लिए पौधारोपण करने का आह्वान किया। मौके राम प्रकाश चौधरी सहसंयोजक, बसंत कुमार मेहता सदर प्रखंड संयोजक, राकेश गुप्ता सह संयोजक जिला, सतीश पासवान नगर संयोजक, नितेक विष्णुगढ़ संयोजक, गौतम कुमार दारू संयोजक, राजू मेहता बरही संयोजक, महावीर बरकट्ठा संयोजक, रीतलाल मरांडी डाड़ी संयोजक, सुनील मेहता पदमा संयोजक एवं सभी प्रखंड के संयोजक एवं सहसंयोजक एवं पार्टी के कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

# भाई-बहन के प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र में भाई बहन का अटूट प्रेम श्रद्धा का महा पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया रक्षाबन्धन का महा पर्व श्रावण माह के पूर्णिमा तिथि के दिन मनाया जाता है इस वर्ष 5 सोमवारी पड़ा अंतिम सोमवारी के दिन भक्तो ने प्रखंड के शिव मंदिरो में जलाभिषेक कर अपने परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की और बहने अपने भाई की दीर्घयुबकी कामना की सोमवार को भद्रा नक्षत्र पड़ने के कारण रक्षाबंधन का पर्व 1बजकर 30 मिनट से मनाया गया रक्षाबंधन का शुभ मुहूर्त था बहने भी अपने भाई को राखी बांधने के लिए बेसब्री से इंतजार करते है भाई भी अपने बहन से राखी बंधवाने के लिए उतने ही बेसब्री से इंतजार करता है की कब आयेग रक्षाबंधन

रक्षाबंधन के दिन बहने भगवान को पूजा अर्चना कर भाई के लिए लंबी आयु की कामना करती है और अपने भाई के माथे पर तिलक लगाकर आरती कर कलाई में राखी बांधती है भाई बहन की रक्षा करने का वचन देते हुए उपहार अपने बहन देता है।

## राखी बांध मनाया रक्षा बंधन का त्योहार



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट रिश्ते और प्रेम का उत्सव है। इस दिन बहनें भाई के माथे पर टीका और हाथ में रक्षा सूत्र बांधकर उनकी मंगल कामना करती हैं। बदले में भाई अपनी बहन को रक्षा का वचन देते हैं। पूरे जिले रक्षा बंधन का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। दोपहर 1:30 के बाद बहनों ने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा, माथे पर टीका लगाया और मिठाई खिलाई। इस दौरान भाई ने भी बहन की रक्षा का वचन दिया और आशीर्वाद दिया।

## सखी बहिन पा ने सावन मिलन का किया आयोजन



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** सखी बहिन पा कोडरमा इकाई के तत्वावधान में स्थानीय शाही किचन में सावन मिलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कोडरमा की मिथिलानी सखियों ने पारंपरिक और सांस्कृतिक धरोहर का जश्न मनाते हुए कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मधुश्रवणी, जो नवविवाहिताओं द्वारा हर वर्ष धूमधाम से मनाया जाता है, का विशेष महत्व बताते हुए कार्यक्रम को सजाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कोडरमा इकाई की संयोजिका सुलेखा झा की स्वरचित रचना से की गई। सुलेखा सखी की रचना 'सीता माता के वंशज हम, सब मिथिलनी एक छी..' ने समारोह में चार चांद लगा दिए। इस रचना में मिथिला के गौरव और सम्मान को बनाए रखने का संदेश दिया गया, जिसे सभी उपस्थित लोगों ने सराहा। मिथिला की सांस्कृतिक धरोहर को सजीव करने के लिए मधुश्रवणी की झांकी प्रस्तुत की गई, जिसमें नवविवाहिताओं के इस पर्व के महत्व और परंपराओं को चित्रित किया गया। इस अवसर पर ज्योति झा, रीता मिश्र, पूजा मिश्रा, पूजा झा, रंजना झा, मिथिलेश झा, राखी झा, कल्पना झा, डॉली झा, सुनीता, प्रीति और शीला सखी ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## रास्ता बंद होने से गांव में घुसा पानी, ग्रामीण परेशान

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में हुई मूसलाधार बारिश के कारण कई स्थानों पर जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। गांव के गली मोहल्ले में बारिश के कारण जगह गड्ढे में पानी एकत्रित हो गये हैं। गांव में पानी घुसने से गांव के लोग परेशान नजर आए प्रखंड के ग्राम नवाचक में महावर से आई बारिश की पानी जो ककराही शोत नौवाचक होते हुए शिवपुरी होकर सकरी नदी में गिरती थी जो सैकड़ो एकड़ भूमि सिंचित एवं लाभान्वित होते थे। जहां सोत के रास्ता बंद हो जाने के कारण पानी गांव के घरो में घुस गया। लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण विकास यादव, शिवक राजवंशी ने बताया कि नौवाचक सोत में सदियों से बाढ़ का पानी गुजर रहा था लेकिन वहां गांव के ही लोगों के द्वारा मकान बनाया जा रहा है। रास्ता बंद हो जाने से यह समस्या उत्पन्न हुई। इस संदर्भ में सीपीआइ के जिला मंत्री धनंजय यादव ने प्रखंड व जिला प्रशासन से अभिलंब इस दलित गांव के लोगों को समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

## प्रखंड कमेटी के विस्तार के लिए जेएलकेएम की बैठक



**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** जेएलकेएम के प्रखण्ड कमेटी का विस्तार हेतु झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो के निर्देशानुसार केन्द्रीय पदाधिकारी गण एवं जिला चयन समिति के द्वारा प्रखंड कमेटी का विस्तार हेतु बैठक किया गया। जिसमें मुख्य रूप केंद्रीय उपाध्यक्ष राजेश राज उर्फ श्रीराज मेहता, केन्द्रीय महामंत्री प्रेम नायक, केन्द्रीय अधिकारी मुकेश शर्मा, केन्द्रीय युवा मोर्चा उपाध्यक्ष राहुल यादव, जिला अध्यक्ष चंदन यादव, जिला युवा मोरे अध्यक्ष शैलेन्दर कुमार की उपस्थिति में प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। केंद्रीय उपाध्याय श्रीराज महता ने कहा कि हमारी पार्टी पूरे झारखंड में आने वाले विधानसभा चुनाव में लड़ने के लिए कमर कस ली है। कोडरमा विधानसभा की जनता के समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। कोडरमा मे ढिबरा पत्थर यहां का मुख्य रोजगार है इसको पुनर्जीवित करने के लिये जी जान लगा देंगे। बैठक में कृष्णा, उमेश कुमार, रंजीत रंजन, रामू कुमार, हरिशंकर यादव, सुभाष प्रसाद वर्मा, राजेश बर्मा, प्रदीप कुमार, पंकज कुमार के अलावा दर्जनों युवा उपस्थित थे।

## एक महीने में दो पिकअप वैन की चोरी

**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** डोमचांच थाना क्षेत्र में एक महीने में दो पिकअप वैन की चोरी हो गयी। डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत जयनगर रोड मझलीटांड़ चौक पर से एक पिकअप चोरी कर ली गई हैं। रात में पिंटू कुमार रजक ने अपने पिकअप वैन जेएच 12 एच 4470 ने चौक स्थित खाली जगह पर लगा कर घर सोने चला गया। जब सुबह आ कर देखा तो पिकअप वहां नही था। अगल बगल से बात किया तो कुछ पता नहीं चला उसके बाद वाहन मालिक ने इसकी लिखित सूचना डोमचांच थाना में दी है। उसके बाद डोमचांच पुलिस अगल बगल में लगे सी टी वी कैमरा को चैक कर रही है।

## श्रावण पूर्णिमा पर कांवड़ यात्रा का आयोजन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कन्द्रपडी पंचायत अंतर्गत ग्राम सिंगारडीह शिव मंदिर प्रांगण से हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। कांवड़ यात्रा कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश यादव ने फीता काटकर किया। वहीं ढोल बजा के साथ नाचते गाते जय जय श्री राम, हर हर महादेव, जय माता दी के नारों के साथ उत्तर वाहिनी बराकर नदी (तिलैया डैम) पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना कर कलश में जलभरे पुनः सिंगारडीह शिव मंदिर पहुंचे तथा बाबा भोलेशंकर माता पार्वती को जलाभिषेक किए। कांवड़ यात्रा में समाजसेवी सुरेश कुमार यादव, राकेश यादव, भागवत यादव, मुन्ना यादव, बालेश्वर यादव, सुरेंद्र यादव, किशोर यादव, सिकंदर यादव, गुरु यादव, अनिल यादव, प्रेम यादव सहित सैकड़ों के संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल थे।

## रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मना



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार को रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्रावण पूर्णिमा को लेकर शिवभक्तों ने मंदिरों में भगवान शंकर की पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। सबसे अधिक भीड़भाड़ घोड़सीमर धाम, मैसरवा मंदिर, बाली महादेव, कटहरा मंदिर व दुखिया महादेव के अलावा विभिन्न गांवों के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं के द्वारा शिवलिंग पर वेलपत्र, भांग, गांजा, धतूरा, फूल व दूध चढ़ाकर पूजा अर्चना की। साथ ही साथ सभी ने इस भीषण गर्मी को लेकर बारिश के लिए भगवान शंकर से प्रार्थना की। वहीँ रक्षाबंधन को लेकर सभी बहनों ने भाई के कलाई पर राखी बांधकर भाई की लंबी आयु के लिए भगवान से प्रार्थना की।

## जयनगर में मनाया गया रक्षाबंधन पर्व



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** सावन के पूर्णिमा में मनाया जाने वाला भाई बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान सभी बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी तथा लम्बी उम्र की कामना की। बताते चलें की गुरुवार दोपहर 01: 28 बजे से लेकर 08 :12 बजे रात्रि तक रक्षाबंधन का शुभ मुहूर्त के अनुसार मनाया गया।

# सेना अधिकारी और जवानों को समिति की बहनों ने बांधी राखी, दिया रक्षा का वचन

आजाद सिपाही संवाददाता





**रामगढ़।** मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा के तत्वावधान में सोमवार को पंजाब रेजिमेंट केंद्र की मुख्यालय जाकर सेना के वरिष्ठ अधिकारी तथा जवानों को रक्षा सूत्र बांधा। सर्व प्रथम समिति की अध्यक्ष निशा जैन ने कर्नल हरसिमरन सिंह सिद्धेवाला को शॉल उड़ाकर सम्मानित किया। तत्पश्चात समिति की संरक्षिका अरूणा जैन ने कर्नल साहब को राखी बांधी। सुनीता जैन द्वारा रक्षाबंधन और देश भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। इसके पश्चात समिति की बहनों ने सेना के वरिष्ठ पदाधिकारियों और जवानों को रक्षा सूत्र बांधा। समिति की अध्यक्ष निशा जैन ने बताया कि आज के कार्यक्रम का उद्देश्य अपने घरों तथा बहनों से दूर हमारे जवानों को बहनों के स्नेह और प्रेम का अहसास कराना है। समिति की बहनें अपने सैनिक भाइयों को यह संदेश देना चाहती है कि भले वह अपनी सगी बहनों से अपने कर्तव्य पथ के कारण दूर है परंतु उनकी यह बहनें उनकी सलामती और दीघार्यु होने की प्रार्थना करने के लिए सदैव तत्पर है। साथ ही सेना के वीर जवानों ने भी समिति की बहनों से रक्षा सूत्र बंधाने के बाद बहनों की सदैव रक्षा करने की संकल्प ली। बाद में बहनों द्वारा सैनिकों के बीच मिठाइयां वितरित किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति की अरूणा जैन, सिंपल बरेलिया, गरिमा अग्रवाल, सुनीता जैन, आयुषी जैन आदि शामिल थी।

## बहनों ने भाई की दीर्घायु की कामना की कलाई में बांधी राखी

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** राखी का त्यौहार रक्षाबंधन को लेकर रजरप्पा कोयलांचल क्षेत्र मे अंतिम सोमवारी के साथ भाई बहन का अटूट प्रेम आस्था का त्यौहार रक्षाबंधन को लेकर बहनों ने भाई के हाथों मे राखी बांधी, इसके पूर्व बहनों ने त्योहार को देखते हुए पूजा अर्चना कर नये वस्त्रो का धारण किये भाई को राखी बांधी, भाई बहन के अटूट प्रेम का त्यौहार है रक्षाबंधन, इस अवसर पर बहनो ने अपने भाई के कवच के रूप में खड़ी रहती हैं और उनके सुख समृद्धि की कामना करती हैं।

भाई दीघार्यु रहे भगवान से कामना भी करती हैं त्योहार को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों मे काफी चहल-पहल दिखाई दिया, राखी का गीतों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान रहा, भाइयों को तिलक लगाकर कलाई पर अटूट प्रेम और आस्था का धागा राखी बांधा गया!



## भुरकुंडा में धूमधाम से मना रक्षाबंधन भाइयों की दीर्घायु कामना को ले बहनों ने बांधी राखी



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा कोयलांचल, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षा बंधन सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने-अपने भाईयों की आरती उतारते हुए माथे पर तिलक लगाकर कलाई पर राखी बांधी। साथ ही मिठाई खिलाकर बहनों ने भाई के दीघार्यु होने की कामना की। मौके पर भाईयों ने भी अपनी बहनों को उपहार देते हुए उनकी की रक्षा करने का संकल्प लिया। इधर पवित्र सावन माह के अंतिम दिन सुबह से ही पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु महिला-पुरूष भक्त विभिन्न शिवालयों में पहुंचे। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के दौरान भगवान शिव से अपने परिवार व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली, अमन-चैन की कामना की। इस दौरान ऊं नमः शिवाय, भोले बाबा की जय, हर हर महादेव सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के गगनभेदी उदघोष से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा।

### महावीर मंदिर में पूर्णिमा को लेकर अखंड हरि कीर्तन का आयोजन

# जिस क्षेत्र में अखंड हरि कीर्तन का आयोजन होता है, वहां खुशहाली आती है : चंद्रप्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** महावीर मंदिर पारडीह प्रबंधन समिति ने पूर्णिमा के अवसर पर 24 घंटे के अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए। मौके पर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा की जिस क्षेत्र में अखंड हरिकीर्तन का आयोजन होता है वहां प्रभु निवास करते हैं। प्रभु की कृपा से क्षेत्र में सुख समृद्धि और खुशहाली आती है। लोग स्वस्थ्य रहते हैं। इसलिए अखंड हरिकीर्तन का हमारे जीवन में काफी महत्व है। कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। जिससे लोगों को एक दूसरे के विचारों और एक दूसरे को समझने का अवसर मिलता है। चौधरी ने कहा कि इसका आयोजन समय समय पर होते रहना चाहिए। मौके पर अमृतलाला मुंडा, राजेंद्र महतो , परुषोत्तम महतो, विकास कुमार, अध्यक्ष अजय कुमार, सचिव पिंटू कुमार, कोषाध्यक्ष विनोद महतो, उपाध्यक्ष शंकर पटेल, उप सचिव आकाश कुमार, उप कोषाध्यक्ष मंतोष पांडें, महेंद्र चौधरी, खेमू महतो, पूरन महतो, कारण कुमार महतो, खेमू महतो,विकास कुमार महतो, भोला महतो, ईश्वरनाथ महतो, डमरलाल महतो, सोनालाल चौधरी, मीनू महतो, राजेंद्र महतो, महेश महतो, रूपलाल महतो, चंद्रशेखर महतो, जगत महतो, चितरंजन महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

# मनीष जायसवाल का भाजपा मंडल ने किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** रांची से बड़कागांव बुढ़वा महादेव मंदिर जाने के क्रम में सोमवार को सयाल 10 नंबर खान के समीप भाजपाईयों द्वारा हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल का स्वागत किया गया। साथ ही अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान भाजपाईयों ने सांसद को जनससमयाओं से भी अवगत कराया। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। स्वागत करने वालों में सतीश मोहन मिश्रा, राजन पांडेय, महेंद्र सिंह, जुगल नायक, योगेश दांगी, ज्योति कुमार सिंह, संतोष शर्मा, कमलेश सिन्हा, अखिलेश कुमार, मदन कुमार सिन्हा, राजू प्रजापति, राकेश सिन्हा, विकास कुमार सहित कई भाजपाई शामिल थें।

# एनटीपीसी ने सतर्कता सप्ताह के लिए अभियान शुरू किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**पतरातू।** एनटीपीसी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 की प्रस्तावना के रूप में तीन महीने का अभियान का शुभारंभ स्कोप कंपलेक्स में एनटीपीसी लिमिटेड के मुख्य सतकर्ता अधिकारी रश्मिता झा द्वारा किया गया। इस मौके पर कॉर्पोरेट और विभिन्न साइटो के सतर्कता अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग लिया। अपने संबोधन के दौरान मुख्य सतर्कता अधिकारी ने सभी सतर्कता अधिकारियों को तीन महीने के अभियान के लिए केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा उल्लेखित प्रत्येक क्षेत्र में काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को नाटकों, क्विज, सूचनात्मक वीडियो, ऑडियो, जिंगल और विक्रेता बैठको जैसे विभिन्न तरीकों के माध्यम से व्यापक पहुंच का लक्ष्य रखने का निर्देश दिया। उन्होंने बातचीत के दौरान सतर्कता बढ़ाने के लिए नवीन दृष्टिकोण तलासने का भी पर तो प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का समापन करते हुए सतर्कता अधिकारियों से देश की समृद्धि के लिए संगठन के भीतर व्यापक समुदाय में ईमानदारी की संस्कृति को लगातार मजबूत करने का आग्रह किया।

# युवा आक्रोश रैली को लेकर भाजपा नप की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** आगामी 23 अगस्त को रांची में होने वाले युवा आक्रोश रैली को लेकर भाजपा जिला कार्यालय रामगढ़ में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ नगर परिषद मंडल अध्यक्ष मनोज गिरी व संचालन उपाध्यक्ष राम प्रसाद मलिक तथा धन्यवाद ज्ञापन भाजपा नेता अरुण कुशवाहा ने किया। बैठक के दौरान रैली को सफल बनाने के लिए नगर परिषद रामगढ़ से 500 कार्यकर्ता शामिल होने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान मनोज गिरी, ओबीसी रांची महानगर प्रभारी जगेश्वर प्रजापति समेत कई वक्ताओ ने रैली के माध्यम से सूबे के सीएम हेमंत सोरेन की सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया जायगा। मौके पर नेताओ ने कहा कि हेमंत सोरेन ने जनता से झूठे वादे कर वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार बनायी।

उसके बाद सरकार केवल लूट खसोट में कर झारखंड को लूटने में लगे हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी ने गंभीरता से लेते हुए, जनता को जगाने का काम कर रही है। उनके द्वारा झूठे घोषणा पत्र को उजागर करने का काम कर रही है। बैठक में संजय प्रभाकर, जगत नारायण साह, राजेश प्रजापति, अनिल यादव, दुर्योधन यादव, अनिरुद्ध सिंह, राणा गुप्ता, रविंद्र गुप्ता, सुरेश राम, मुनेश्वर रविदास, अर्जुन कुशवाहा, गौतम राम, संगीता देवी, सुनीता देवी, दिलेश्वर कुशवाहा, महेंद्र राम, डॉ रोहन लाल शामिल रहे।

## पतरातू पहुंचे हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**पतरातू।** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल सोमवार को पतरातू पहुंचने पर ब्लॉक मोड़ स्थित भाजपाइयों और बूचा बाध प्रबंधन समिति ने मनीष जायसवाल जिंदाबाद के नारे लगाते हुए उनका जोरदार ढंग से स्वागत किया। उसके बाद सांसद ने बुचा बांध जाकर पूजा अर्चना की। वहीं रक्षाबंधन के अवसर पर पतरातू के बहनों के द्वारा सांसद के कलाई पर राखी बांध आशीर्वाद लिया। इस मौके पर पतरातू मंडल अध्यक्ष राजाराम प्रजापति सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पासवान कल्याण केंद्रीय कमेटी की बैठक संपन्न



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा पासवान कल्याण केंद्रीय कमेटी सयाल भुरकुंडा की बैठक सयाल स्थित खजांची राम के आवास पर किया गया। जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष उपेंद्र राम और संचालन सचिव इंद्रदेव पासवान ने किया। बैठक में पासवान समाज और उत्थान पर चर्च किया गया।संरक्षक खजांची राम और बिरेंद्र पासवान के कहा की आगामी 21 अगस्त को आरक्षण के मुद्दे पर देश व्यापी बंदी को कमेटी समर्थन देती है।बैठक में संरक्षक खजांची राम, बिरेंद्र पासवान, सुरेंद्र पासवान, बिजेंद्र पासवान, अध्यक्ष उपेंद्र राम, सचिव इंद्रदेव पासवान, प्रभु पासवान, युवा अध्यक्ष शशि पासवान, प्रेम पासवान,रामप्रवेश पासवान, बटाई पासवान सहित कमेटी के कई लोग उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में एक नाबालिग की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रतापपुर (चतरा)।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र के गेरुआ मोड़ पर एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक नाबालिक लड़के की मौत हो गयी और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों मोटरसाइकिल पर सवार थे और अपने परिवार के घर पूजा का प्रसाद पहुंचने जा रहे थे कि तभी एक अज्ञात ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। मृतक की पहचान 16 वर्षीय कपिल भारती, नावाडीह सिंगरों गांव के छतीस यादव के पुत्र के रूप में हुई है। जबकि घायल नाबालिक अरविंद कुमार, उसी गांव के निवासी हैं। घायल को प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल चतरा रेफर कर दिया गया।

थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया गया है। अज्ञात ट्रक की खोज जारी है और जल्द ही उसे पकड़ लिया जायेगा और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# बुढ़वा महादेव मंदिर में 24 घंटा का अखंड-हरिकीर्तन संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** सावन महोत्सव के पावन अवसर पर भुरकुंडा के तीन नंबर झोपड़ी स्थित प्राचीन बुढ़वा महादेव मंदिर में रविवार से चल रहे 24 घंटा के अखंड-हरिकीर्त्तन का सोमवार को समापन हो गया। पूजा में मुख्य रूप से बरका-सयाल जीएम अजय कुमार सिंह सपत्नी शामिल हुए। इस दौरान पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मुख्य पुजारी अशोक तिवारी द्वारा भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा कराई गयी। मौके पर जीएम अजय कुमार सिंह ने कहा कि भक्ति आयोजनो से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। साथ ही क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली का आगमन होता है। धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में बुढ़वा महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष गणेश साव, मुख्य पुजारी अशोक तिवारी, भुरकुंडा पंचायत समिति दीपक भुइंया, भुरकुंडा पंचायत के उप मुखिया संजीत राम, डब्लू पांडेय, युसुफ अंसारी दर्जनों श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा।

## दुर्गी पंचायत में अखंड हरिकीर्तन का आयोजन



**बरकाकाना।** सावन पूर्णिमा के उपलक्ष्य पर दुर्गी पंचायत स्थित श्री हनुमान मंदिर बगीचा में चौबीस घंटे का अखंड हरिकीर्तन समारोह आयोजित की गयी। समारोह के दौरान पुजारी नागेश्वर महतो की उपस्थिति में जजमान जय प्रकाश चौबे ने पूजा अर्चना संपन्न किया।

## वनरक्षियों ने धरना स्थल पर ही मनाया रक्षा बंधन



**चतरा (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ के आह्वान पर जिले भर के वनरक्षी/वनपाल धरना पर बैठे हैं। सभी ने एक स्वर में कहा कि जब तक वन प्रशाशन और सरकार हमारी वाजिब मांगो को पूरा नहीं करती है तब तक हम सब आंदोलनरत्त रहेंगे क्योंकि यह हमारे आत्मसम्मान का प्रश्न है। धरने पर बैठे भाइयों की कलाइया सुनी न रह जाए, इसलिए चेतना भारती से आई हुए बहनों ने सभी को राखी बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनायें दीं। विदित हो की पूरे राज्य के वनरक्षी अपने नियमावली में हुए अलाभकारी संशोधन के विरोध में अपने सभी विभागीय कामकाज को छोड़ कर विगत चार दिनों से अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे हुए हैं।

## बोलेरो में लगी आग, सकुशल बचे लोग

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** सोमवार देर शाम थाना क्षेत्र के कलीडीह स्थित शानवी पेट्रोल पंप के समीप अचानक बोलेरो गाड़ी में आग लग गयी जिसमें 10 व्यक्ति बैठे हुए थे। घटना में सभी सकुशल बच गये। गाड़ी पर सवार सहदेव राय ने बताया 9 व्यक्ति एक बच्ची बैठे हुए थे, कोडरमा ढोढाकोला हरैया से अपने घर राजाबार कुसहानिया आ रहे। इसी बीच सतगावां कलीडीह शानवी पेट्रोल पंप से डीजल लेकर थोड़ा आगे बढ़े तो अचानक गाड़ी में आग लग गयी। सभी बैठे हुए लोग जल्दी से बाहर निकले। गाड़ी संख्या जे एच 10 ए एल 1916 है। ग्रामीणों और शानवी पेट्रोल पंप के मालिक, कर्मी द्वारा आग बुझाया गया।

### श्री श्री मनसा पूजा समिति पारसोतिया में मनसा पूजा पर जागरण का आयोजन

# ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों से भक्ति की भावना का होता है प्रसार : चंद्रप्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** श्री श्री मनसा पूजा समिति फुटलाही बांध पारसोतिया द्वारा मनसा पूजा के अवसर पर रात्रि भव्य जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने माता मनसा की पूजा अर्चना कर एवं दीप प्रज्जवलित कर जागरण का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि माता मनसा की अपने श्रद्धालु पर काफी कृपा रहती है। कहा कि जो भी श्रद्धालु माता की विधि पूर्वक पूजा अर्चना करते हैं माता उनकी जीवन के हर मोड़ पर मदद करती हैं। साथ ही माता के आशीर्वाद से श्रद्धालु हमेशा खुशहाल रहते हैं। सांसद ने कहा कि हमारे पूर्वज हजारों वर्ष पूर्व से माता मनसा की पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। क्योंकि माता का आशीर्वाद उन्हें हमेशा मिलता था।

**भक्ति भजन प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया :** इधर, जागरण के दौरान प्रसिद्ध भजन गायक नितेश कच्छप, पवन रॉय और गायिका कुमकुम बिहारी ने अपने मधुर भजनों से लोगों का मन मोह लिया। जबकि अजीत झांकी ग्रुप धनबाद द्वारा धार्मिक कथाओं पर पेश की गयी झांकी की लोगों ने जमकर सराहना की। मौके पर मुख्य रूप से आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो, ब्रह्मदेव महतो, संस्थापक लेखराज महतो, अरूण अग्रवाल, दिनेश कुशवाहा, कुलदीप वर्मा, नरेश महतो, अध्श्क्ष बबलु प्रसाद, सचिव नितिश कुमार दांगी, कोषाध्यक्ष कपिल देव प्रियदर्शी, उपाध्यक्ष आनंद चौधरी, सह सचिव अंकित कुमार, उप कोषाध्यक्ष श्रवण कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## वज्रपात से युवक की मौत, गांव में मातम



**हंटरगंज/चतरा।** थाना क्षेत्र के कटैया पंचायत अंतर्गत केतारीवार गांव में सोमवार को वज्रपात से एक युवक की मौत हो गयी। मृतक युवक सहदेव यादव का पुत्र अखिलेश कुमार 20 के रूप में बताया गया। जानकारी के अनुसार मृतक युवक खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान बिजली के खंभे पर अचानक वज्रपात हो गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उनसे चतरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गयी।

# पारदर्शिता बनी रहे

केंद्रीय लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से जॉइंट सेक्रेटरी, डायरेक्टर और डेप्युटी सेक्रेटरी के 45 पदों पर लैटरल एंट्री की खातिर दिये गये विज्ञापन में कोई नयी बात नहीं है। केंद्र सरकार की प्रतिष्ठित प्रशासनिक सेवा में लैटरल एंट्री की पॉलिसी नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली एनडीए सरकार के पहले ही कार्यकाल में लायी जा चुकी है। इसके तहत कई दौर की नियुक्तियां भी हो चुकी हैं। फिर भी, इस बार राजनीतिक दल इसका ज्यादा तीखा विरोध कर रहे हैं।

**विरोधी दलों की प्रतिक्रिया :** कांग्रेस, राजद, समाजवादी पार्टी और बसपा जैसे दलों ने इसके खिलाफ कड़े बयान जारी किये। सबसे बड़ी आपत्ति इस बात को लेकर है कि इन नियुक्तियों में एससी/एसटी और ओबीसी समूहों के लिए आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं की गयी है। इन दलों का आरोप है कि जानबूझकर आरक्षण व्यवस्था को दरकिनार करने के लिए ही मौजूदा सरकार लैटरल एंट्री प्रक्रिया पर जोर दे रही है।

**तीखे विरोध के पीछे :** इस तरह के तीखे विरोध की एक वजह तो यह हो सकती है कि इस बार नियुक्तियों की संख्या पिछले दौरों के मुकाबले काफी ज्यादा है। लैटरल एंट्री पॉलिसी के तहत पहले राउंड की नियुक्ति 2019 में हुई थी, जिसमें सिर्फ 9 पद भरे गये थे। 2021 और 2023 में हुई नियुक्तियों को जोड़ दिया जाये, तब भी अब तक इस प्रक्रिया के तहत कुल 63 नियुक्तियां ही हुई हैं। दूसरी बात यह कि हालिया लोकसभा चुनावों में जो कुछेक मुद्दे अहम माने गए, उनमें कास्ट सेंसस और संविधान बदलने का डर भी शामिल हैं। संभवतः इसलिए भी विरोधी दल लैटरल एंट्री के इस मुद्दे को हवा दे रहे हैं।

**लैटरल एंट्री का प्रयोग आगे बढ़े, सभी पक्ष इसे पॉजिटिव ढंग से लें इसके लिए इस नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़े कई पहलुओं पर और काम करने की जरूरत है। डोमेन एक्सपर्ट्स का इन सेवाओं से जुड़ना अच्छी बात है, लेकिन इस क्रम में अधिकतम पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए।**

**संदेह का माहौल न बने :** वैसे सिद्धांत रूप में लैटरल एंट्री की पॉलिसी गलत नहीं कही जायेगी। ब्यूरोक्रेसी में फ्रेश टैलंट लाना, अलग-अलग क्षेत्रों में अनुभव और कुशलता हासिल कर चुके लोगों को इससे जोड़ना खासा उपयोगी हो सकता है। लेकिन यह ध्यान रखना भी जरूरी है कि इसे लेकर समाज, राजनीति और प्रशासन के हलकों में संदेह का माहौल न बने।

**अधिकतम पारदर्शिता :** लैटरल एंट्री का प्रयोग आगे बढ़े, सभी पक्ष इसे पॉजिटिव ढंग से लें इसके लिए इस नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़े कई पहलुओं पर और काम करने की जरूरत है। डोमेन एक्सपर्ट्स का इन सेवाओं से जुड़ना अच्छी बात है, लेकिन इस क्रम में अधिकतम पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस डर को खत्म करना भी जरूरी है कि लैटरल एंट्री रिजर्वेशन पॉलिसी को दरकिनार करने का जरिया बनेगी।

अभिमत
आजाद सिपाही

**जब देश $5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य तय कर रहा है, डिजाइन से जुड़े इनोवेशन और रणनीतियां और भी महत्वपूर्ण हो जाती हैं। इस महत्वाकांक्षी आर्थिक लक्ष्य को पूरा करने के लिए अब राष्ट्रीय डिजाइन पॉलिसी 2.0 का निर्माण आवश्यक हो गया है। 2007 में लागू की गयी मूल राष्ट्रीय डिजाइन पॉलिसी एक महत्वपूर्ण कदम थी, जिसका उद्देश्य डिजाइन को आर्थिक और सामाजिक विकास का उत्प्रेरक बनाना था। इस नीति ने विभिन्न क्षेत्रों में डिजाइन को शामिल करके प्रतिस्पर्धा बढ़ाने, इनोवेशन को प्रोत्साहित करने और डिजाइन शिक्षा और अनुसंधान के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने की कोशिश की।**

# डिजाइन क्षेत्र में नेतृत्व के लिए चाहिए एक ठोस नीति

मिहिर भोले

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 78वें स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में डिजाइन की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर किया, जो कि भारत की जरूरतों को पूरा करने के साथ ही उसकी वैश्विक पहचान को भी मजबूत कर सकता है। मोदी की विशेषता है कि वे अक्सर अनदेखे क्षेत्रों को प्रमुखता देते हैं। उन्होंने डिजाइन को महत्व देते हुए भारत के उभरते डिजाइन क्षेत्र की आवश्यकता को रेखांकित किया और इसे देश के भविष्य के लिए आवश्यक बताया। उनका बयान, 'डिजाइन इन इंडिया, डिजाइन फॉर द वर्ल्ड' भारत की बदलती आर्थिक और रणनीतिक आकांक्षाओं को दशार्ता है।



**आत्मनिर्भर भारत नीति का उद्देश्य आयात पर निर्भरता कम करना और घरेलू इनोवेशन और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। ये नीतियां भारत की निर्माण क्षमताओं को मजबूत करने और बाहरी स्रोतों पर निर्भरता कम करने की दिशा में एक बदलाव को दर्शाती हैं। भारत को वैश्विक स्तर पर नेतृत्व की दिशा में पहुंचने के लिए, इसे 2007 की राष्ट्रीय डिजाइन पॉलिसी को अपडेट और पुनरावलोकन करने की आवश्यकता है।**

जब देश $5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य तय कर रहा है, डिजाइन से जुड़े इनोवेशन और रणनीतियां और भी महत्वपूर्ण हो जाती हैं। इस महत्वाकांक्षी आर्थिक लक्ष्य को पूरा करने के लिए अब राष्ट्रीय डिजाइन पॉलिसी 2.0 का निर्माण आवश्यक हो गया है। 2007 में लागू की गयी मूल राष्ट्रीय डिजाइन पॉलिसी एक महत्वपूर्ण कदम थी, जिसका उद्देश्य डिजाइन को आर्थिक और सामाजिक विकास का उत्प्रेरक बनाना था। इस नीति ने विभिन्न क्षेत्रों में डिजाइन को शामिल करके प्रतिस्पर्धा बढ़ाने, इनोवेशन को प्रोत्साहित करने और डिजाइन शिक्षा और अनुसंधान के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने की कोशिश की। नीति का केंद्रीय बिंदू था डिजाइन को राष्ट्रीय विकास के लिए एक रणनीति के रूप में मान्यता देना और भारतीय प्रोडक्ट्स को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाना।

**वैश्विक डिजाइन नेतृत्व को बढ़ाने के लिए अब भारत को भी राष्ट्रीय डिजाइन पॉलिसी 2.0 को तैयार करना होगा।**

नयी डिजाइन पॉलिसी को आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्मार्ट सिटी मिशन, आयुष्मान भारत जैसी पहलों के साथ समन्वित किया जा सकता है। इससे डिजाइन की क्रिएटिविटी का उपयोग कर इन नीतियों को उपयोगकर्ताओं के लिए अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। भारत की पहली राष्ट्रीय डिजाइन पॉलिसी, 2007 में आयी थी, जो डिजाइन को आर्थिक और सामाजिक प्रगति के एक चालक के रूप में उपयोग करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम थी। इसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में डिजाइन को शामिल करके प्रतिस्पर्धा को बढ़ाना, इनोवेशन को बढ़ावा देना और डिजाइन शिक्षा और अनुसंधान के लिए समर्थनकारी वातावरण तैयार करना था।

इसमें डिजाइन थिंकिंग को राष्ट्रीय एजेंडे में शामिल करने और विभिन्न उद्योगों में डिजाइन सिद्धांतों को लागू करने पर जोर दिया गया। इसका लक्ष्य भारत को एक वैश्विक डिजाइन हब के रूप में स्थापित करना था।

पिछले कुछ दशकों में भारत की आर्थिक स्थिति में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। मेक इन इंडिया पहल ने भारत को वैश्विक निर्माण केंद्र में बदल दिया है और विदेशी निवेश को आकर्षित किया है।

आत्मनिर्भर भारत नीति का उद्देश्य आयात पर निर्भरता कम करना और घरेलू इनोवेशन और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। ये नीतियां भारत की निर्माण क्षमताओं को मजबूत करने और बाहरी स्रोतों पर निर्भरता कम करने की दिशा में एक बदलाव को दर्शाती हैं। भारत को वैश्विक स्तर पर नेतृत्व की दिशा में पहुंचने के लिए, इसे 2007 की राष्ट्रीय डिजाइन पॉलिसी को अपडेट और पुनरावलोकन करने की आवश्यकता है। वैश्विक बाजारों की गतिशीलता और तेजी से तकनीकी प्रगति के चलते एक समकालीन दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो वर्तमान लक्ष्यों के साथ मेल खाता हो।

वैश्विक अनुभव बताते हैं कि डिजाइन नीतियों का राष्ट्रीय विकास पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। दक्षिण कोरिया, जापान और यूके इस संदर्भ में महत्वपूर्ण उदाहरण हैं। कोरिया डिजाइन सेंटर के अनुसार डिजाइन से जुड़ा उद्योग दक्षिण कोरिया की जीडीपी में लगभग 3 प्रतिशत का योगदान करता हैं। 2018 की डिजाइन काऊंसिल रिपोर्ट के अनुसार, यूके की डिजाइन अर्थव्यवस्था की वैल्यू $85.2 बिलियन थी, जो कि उनकी जीडीपी का 7.5 प्रतिशत है।

डिजाइन की मदद से यूके ने भी मैक लॉरिन, डायसन, जैगुआर जैसे कई वैश्विक ब्रांड तैयार किये हैं। जापान की डिजाइन नीतियां भी इनोवेशन पर जोर देती हैं, जिससे उन्हें होंडा, टोयोटा, सोनी, मित्सुबिशी जैसे कई वैश्विक ब्रांडों को स्थापित करने में सफलता मिली है।

वैश्विक डिजाइन नेतृत्व को बढ़ाने के लिए अब भारत को भी राष्ट्रीय डिजाइन पॉलिसी 2.0 को तैयार करना होगा, ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर के ब्रांड्स का निर्माण करने के साथ-साथ देश की अन्य चुनौतियों जैसे शहरी योजना, स्वास्थ्य देखभाल और पर्यावरणीय स्थिरता का भी समाधान किया जा सके।

उपयोगकर्ता-केंद्रित समाधान तैयार करके, भारत को अमृत काल की दिशा में ले जाया जा सकता है। यह दृष्टिकोण सुनिश्चित करेगा कि भारत न केवल वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धी बने, बल्कि इनोवेशन और डिजाइन में भी नेतृत्व कर भविष्य के लिए एक नया मानक स्थापित करे।

## देश-विदेश की खबरें

# पीएम मोदी इसी हफ्ते जायेंगे यूक्रेन

## मॉस्को-कीव के बीच सीधे मध्यस्थता नहीं करेगा भारत

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी हफ्ते युद्धग्रस्त यूक्रेन का दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि रूस के साथ जारी जंग के बीच यह पीएम मोदी की यूक्रेन की पहली यात्रा है। पीएम ने करीब एक महीने पहले ही रूस का दौरा कर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी और उनसे कहा था कि यूक्रेन संकट का सैन्य समाधान संभव नहीं है। वहीं सूत्रों ने बताया कि भारत रूस और यूक्रेन के बीच सीधे तौर पर मध्यस्थता नहीं करेगा। हालांकि वह दोनों देशों के बीच संदेश पहुंचाने में मदद कर सकता है।



**यूक्रेन ने कहा था, पीएम मोदी शांति स्थापना में निभा सकते हैं महत्वपूर्ण भूमिका :** पिछले महीने भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के साथ फोन पर हुई बातचीत में राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के चीफ ऑफ स्टाफ एंड्री यरमक ने कहा था कि मोदी यूक्रेन में शांति स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि भारतीय पक्ष दोनों युद्धरत देशों के बीच किसी भी प्रत्यक्ष मध्यस्थता की भूमिका के लिए उत्सुक नहीं है। मध्यस्थता के बजाय उसने संकेत दिया है कि वह दोनों पक्षों के बीच संदेश पहुंचा सकता है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि वे मध्यस्थता नहीं करेंगे लेकिन उन्होंने कहा है कि वे संदेश दे सकते हैं। हालांकि विदेश मंत्रालय से इस मामले पर अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया।

भारत ने यूक्रेन में रूस की कार्रवाई की सार्वजनिक रूप से निंदा करने से परहेज किया है और संयुक्त राष्ट्र में यूक्रेन से संबंधित अधिकांश प्रस्तावों के खिलाफ मतदान किया है या उनसे दूर रहा है। नई दिल्ली ने लगातार कहा है कि रूस-यूक्रेन संघर्ष में बातचीत और कूटनीति ही आगे बढ़ने का रास्ता है। वह स्थायी समाधान खोजने के उद्देश्य से किए जाने वाले सभी प्रयासों का समर्थन करेगा।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमला सीआरपीएफ इंस्पेक्टर की मौत

## आतंकियों ने उधमपुर में पेट्रोलिंग पार्टी पर फायरिंग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में सोमवार को आतंकियों की फायरिंग में सीआरपीएफ इंस्पेक्टर की मौत हो गयी। सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस की ज्वॉइंट ऑपरेशन टीम रामनगर के चील इलाके में रूटीन पेट्रोलिंग पर थी, उसी दौरान आतंकियों ने गोलीबारी की। सीआरपीएफ इंस्पेक्टर की पहचान कुलदीप के रूप में हुई है।



जम्मू-कश्मीर में 20 अगस्त से चुनावी प्रक्रिया शुरू होने से एक दिन पहले यह आतंकी वारदात हुई है। प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों पर 3 फेज में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को वोट डाले जायेंगे। 20 अगस्त को नोटिफिकेशन जारी होंगे।

इससे पहले डोडा में 14 अगस्त को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में आर्मी के 48 राष्ट्रीय राइफल के कैप्टन दीपक सिंह शहीद हो गये थे। वह डोडा में असार फॉरेस्ट एरिया में चल रहे एनकाउंटर में टीम को लीड कर रहे थे। 16 जुलाई को भी डोडा में मुठभेड़ के दौरान एक कैप्टन समेत 5 जवान शहीद हुए थे।

# राहुल गांधी काफिला छोड़ कर उबर कैब में बैठे

## ड्राइवर बोला : दिल्ली के सारे फ्लाईओवर कांग्रेस ने बनवाये, राहुल बोले : हां, आसमान से तो गिरे नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को दिल्ली में उबर कैब में बैठे। उन्होंने अपने फोन से 10 जनपथ के लिए टैक्सी बुक की। इसके लिए उन्होंने 438 रुपये किराया दिया। टैक्सी में राहुल ड्राइवर के बगल वाली सीट पर बैठे और यात्रा के दौरान ड्राइवर से बातचीत की। राहुल ने 12 मिनट का वीडियो सोशल मीडिया एक्स पर शेयर किया।





### कैब ड्राइवर और राहुल की बातचीत

**राहुल :** नमस्कार भैया, कैसे हैं आप, क्या नाम है?

**ड्राइवर :** मेरा नाम सुनील उपाध्याय है। मैं यूपी के एटा से हूं।

**राहुल :** कैब कब से चला रहे हो और कितनी ड्राइविंग करते हो?

**ड्राइवर :** पांच साल से टैक्सी चला रहा हूं। 12-12 घंटे हो जाते हैं। कभी-कभी तो दो दिन तक गाड़ी में ही रहता हूं। जहां कोई गाड़ी नहीं जाती। वहां ओला-उबर जाती है। एक दिन सड़क पर बोनट तक पानी था, लेकिन कस्टमर गाड़ी से नहीं उतरा।

**राहुल :** आपने कहां तक पढ़ाई की है?

**ड्राइवर :** मैंने ग्रेजुएशन किया है। फिर आइटीआइ किया, यामाहा में एक साल अप्रेंटिस भी की। फिर उन्होंने निकाल दिया।

**राहुल :** आपको नहीं लगता कि चुने हुए लोग अमीर होते जा रहे हैं।

**ड्राइवर :** सर वही सिस्टम चल रहा है।

**राहुल :** राजस्थान में हमारी सरकार ने नियम बनाया था कि कैब ड्राइवर के हर ट्रांजैक्शन में कुछ पैसा पेंशन में कटेगा।

**ड्राइवर :** ये बहुत सही नियम है। कम से कम उसे कुछ राहत तो मिलेगी।

**राहुल :** हमारी तेलंगाना और कर्नाटक में सरकार है, वो दो काम बताइये जो हम वहां कर सकते हैं

**ड्राइवर:** गाड़ी चलाने वाले के पास कुछ मिनिमम पैसा बचना चाहिए।

**ड्राइवर :** वैसे मैने सपने में नहीं सोचा था कि आप मेरी गाड़ी में बैठेंगे। आपको सिर्फ टीवी में देखा था। मैंने अपने जीवन में पहला वोट कांग्रेस को दिया था। 60 सालों से कांग्रेस ही तो रही है। शुरुआत में कुछ नहीं था, ये सब कांग्रेस ने ही तो बनाया। दिल्ली में सारे फ्लाईओवर शीला दीक्षितजी ने ही बनवाये थे।

### राहुल ने ड्राइवर को गिफ्ट दिया परिवार के साथ छोले-भटूरे खाये

राइड खत्म होने के बाद राहुल ने ड्राइवर को गिफ्ट दिया। बाद में उसके परिवार को नाश्ते के लिए इनवाइट किया। राहुल एक रेस्टोरेंट में परिवार से मिलने गए। उन्होंने सभी के लिए छोले-भटूरे, पापड़ी चाट, आलू की टिक्की और गोलगप्पे मंगवाए। सभी ने साथ में खाया। इस दौरान राहुल ने ड्राइवर की पत्नी से पूछा कि बच्चों को स्कूल भेजते हो। पत्नी ने कहा- एक बच्चे को भेजते हैं। बेटी नहीं जाती। इतनी महंगाई में कुछ बचता ही नहीं है। राशन, घर का किराया में सबकुछ चला जाता है।

**राहुल :** सही बात है, आसमान से तो नहीं गिरे।

**राहुल :** वैसे काम के लिए सबसे अच्छा सीजन कौन सा होता है

**ड्राइवर :** वो दिन चले गये, अब ऐसा कोई दिन नहीं आया, जब 5000 रुपये कमाई हुई हो। सुबह से ये मेरी पहली राइड है।

# यूक्रेन ने 3 दिन में रूस का दूसरा पुल उड़ाया, सेना की सप्लाई लाइन काटी

**कीव (एजेंसी)।** यूक्रेन ने कुर्स्क में हमला करके एक और अहम पुल को गिरा दिया है। यूक्रेन के वायु सेना कमांडर मायकोला ओलेशचुक ने सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा वीडियो भी जारी किया। उन्होंने कहा कि इस पुल का बहुत रणनीतिक महत्व है। इसके टूटने के बाद अब रूस की सप्लाई लाइन पर काफी असर पड़ेगा। रूस में ये दूसरा पुल है जिसे यूक्रेन ने तबाह किया है। 2 दिन पहले यूक्रेनी सेना ने कुर्स्क के ग्लुशकोवो में एक और पुल को गिरा दिया था। रॉयटर्स के मुताबिक यह पुल सीम नदी पर बना हुआ था। ये यूक्रेन की सीमा से 15 किमी दूर है। अभी तक इस बात की आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है कि रविवार को जिस पुल पर हमला हुआ, वह वास्तव में कहां हुआ। हालांकि, रूसी टेलीग्राम चैनलों ने दावा किया कि ज्वानोए गांव में सीम नदी पर बने दूसरे पुल पर हमला हुआ है। रूस की मैश न्यूज के मुताबिक कुर्स्क में 3 पुल थे। अब एक ही पुल सलामत बचा है।

# चीन और फिलीपींस के जहाज साउथ चाइना सी में फिर भिड़े

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** साथ चाइना सी में चीन और फिलीपींस के जहाजों के बीच फिर से टक्कर हुई है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक ये घटना सोमवार सुबह लगभग 3 बजकर 24 मिनट पर विवादित सेकेंड थॉमस शोल के पास हुई।

चीन के कोस्टगार्ड ने सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा एक वीडियो शेयर किया है। उन्होंने कहा कि चीनी तट रक्षक जहाज 21551 से फिलीपींस के जहाज 4410 को कई बार चेतावनी दी गई मगर उन्होंने इसे नजरअंदाज किया और टक्कर मार दी। चीनी कोस्टगार्ड के प्रवक्ता गेंग यू ने कहा कि फिलीपींस के जहाज ने बहुत ही गैर जिम्मेदाराना और खतरनाक तरीके से काम किया। उन्होंने कहा कि फिलीपींस का जहाज जियाबिन रीफ के पास से अवैध रूप से चीनी जल क्षेत्र में घुसा था। गेंग यू ने कहा कि फिलीपींस के जहाज ने सिस्टम को तोड़ा है। अगर वे ऐसे ही उकसाने वाली हरकत करते हैं तो उन्हें इसका अंजाम भुगतना होगा। फिलीपींस ने कहा कि चीनी जहाज उसके इलाके में खतरनाक तरीके से युद्धभ्यास कर रहे थे।

## कांडी में 1 सितंबर को दौड़ प्रतियोगिता का होगा आयोजन




कांडी(आजाद सिपाही)। प्रखंड के खुटहेरिया पंचायत अंतर्गत महंत रामचंद्र पूरी जमा दो उच्च विद्यालय गरदाहा के खेल मैदान में 1 सितंबर को दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए आयोजन कमिटी के हेड अख्तर और मोहित ने बताया कि इस आयोजन के मुख्य अतिथि विश्रामपुर विधानसभा के भावी विधायक प्रत्यासी रजनीश रंजन दुबे उर्फ विकास दुबे हैं। उन्होंने बताया कि इस दौड़ प्रतियोगिता में 24 मिनट में 5 किलोमीटर दौड़ पूरा करना है। जिसके लिए निबंधन शुल्क 100 रुपया रखा गया है। प्रथम पुरस्कार 31 सौ, दूसरा 21 सौ और तीसरा पुरस्कार 11 सौ रखा गया है। दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए या अन्य कोई जानकारी के लिए फोन नंबर 7488108346 व 7858953814 पर संपर्क किया जा सकता है।

### सावन की अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

# राजा पहाड़ी शिव मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**भगवान शिव पर बेलपत्र चढ़ाने से दैविक, दैहिक और भौतिक संतापों से मुक्ति मिलती है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** देवाधिदेव महादेव के सबसे प्रिय माह सावन कि अंतिम सोमवारी को श्री बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय सहित आस-पास के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। जलाभिषेक कर श्रद्धालुओं ने सुख शांति समृद्धि की कामना की। सभी शिव मंदिरों में पूजा पाठ और हर हर महादेव, जय महाकाल, जय भोलेनाथ के जयकारों से पूरा दिन का माहौल भक्तिमय रहा। अंतिम सोमवारी पर ऐतिहासिक राजा पहाड़ी शिव मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक और दुग्धाविषेक कर आशीर्वाद मांगा।

श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के प्रिय गंगाजल, बेलपत्र, दूध, दही, भांग, धतूरा आदि पूजन सामग्री चढ़कर अभिषेक किया तथा घर परिवार की सुख शांति की पूर्ति के लिए आशीर्वाद मांगा और विश्व कल्याण की प्रार्थना की। भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक करने के बाद मंदिर के ठीक नीचे गुफा में विराजी मां वैष्णो देवी का भी दर्शन पूजन कर रहे थे। इस दौरान राजा पहाड़ी शिव मंदिर में झारखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, मध्य प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के लाखों श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक किया। राजापड़ी शिव मंदिर के मुख्य पुजारी गोविंद पाठक ने बताया कि अंतिम सोमवारी भक्तों के लिए काफी फलदायी होता है। इस दिन भक्तों द्वारा पूरे महीने जो पूजा अर्चना किया गया, आज के दिन उसका संपूर्ण फल प्राप्त होता है। भगवान राम सबसे पहले भगवान शिव पर बेलपत्र अर्पित किया था। उसी दिन से श्रद्धालु भगवान शिव पर बेलपत्र चढ़ाते आ रहे हैं। भगवान शिव पर बेलपत्र चढ़ाने से दैविक, दैहिक और भौतिक संतापों से मुक्ति मिलती है।

### आस्था और विश्वास का केंद्र है राजा पहाड़ी

श्रद्धालुओं का ऐसा मानना है कि आस्था और विश्वास का केंद्र राजा पहाड़ी शिव मंदिर पर सच्चे मन से मांगी गयी हर मुराद पूरी होती है। बाबा के दर पर आने वाला भक्ति कभी खाली हाथ नहीं लौटता। बाबा सब की मनोकामना पूरी करते हैं। पूरे सावन माह तक यहां श्रद्धालुओं का ताता लगा रहता है। इसी आस्था और विश्वास के साथ प्रत्येक सावन माह में लाखों श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक करते हैं।

### इन शिवालयों पर लगी भक्तों की भीड़

राजा पहाड़ी शिव मंदिर के अलावे श्री पंचमुखी महादेव मंदिर चचेरिया, श्री बंशीधर मंदिर स्थित शिव मंदिर, भवनाथपुर मोड़ स्थित शिव मंदिर, आशुतोष महादेव मंदिर पाल्हे कला, गायत्री शक्तिपीठ जंगीपुर, शिव मंदिर वन परिसर, शिव मंदिर हेन्हों मोड, शिव मंदिर ब्लॉक मोड, नर्वदेश्वर महादेव मंदिर जतपुरा, शिव मंदिर उसका कला सहित अन्य शिव मंदिरों में पूरे दिन भक्तों के भीड़ से भरा रहा।

## भाई-बहन का पर्व धूमधाम से मनायी गयी



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को भाई -बहन का पर्व रक्षाबंधन बड़े ही धूम धाम से मनायी गयी। कांडी में दुकान से बाहर सड़क किनारे मिठाई का स्टॉल लगाकर दुकानदार मिठाई की बिक्री करते देखे गये। जिससे जाम की स्थिति बनी रही। मझिगावां, हरिहरपुर, डूमरसोता, सेमौरा, सुंडीपुर, पतीला चौक, लमारी में भी जमकर मिठाई की बिक्री हुई। राखी बांधने के लिए अपने भाइयों के पास आने जाने वाली बहनों की भीड़ छोटी बड़ी सभी गाड़ियों में देखी गयी।08

## बसपा नेता ने रक्षाबंधन कार्यक्रम का किया आयोजन



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। सोमवार को रक्षाबंधन के पवित्र त्योहार पर बसपा नेता पंकज चौबे ने रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ भवनाथपुर, खरौंधी और केतार प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांवों में पहुंचकर बहनों से राखी बंधवाया और उन्हें उपहार प्रदान करते हुए उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान बसपा नेता ने सूर्य मंदिर, टाउनशिप के झोपड़पट्टी, ढेकुलिया, खरौंधी के गटीयरवा सहित कई गांव में जाकर बहनों से राखी बंधवायी। मौके पर उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन भाई बहन के अटूट प्रेम के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। आज के दिन भाई बहन की सुरक्षा का संकल्प लेता है, और बहन के हर सु:ख-दु:ख उनके साथ रहने का संकल्प लेता है। इस मौके पर साकेत चौबे, राकेश, गुड्डू कुमार आदि उपस्थित थे।

## बाइकों की टक्कर में पांच गंभीर रूप से घायल



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत मकरी ढेकुलिया के समीप मुख्य पर दो बाइक के आमने सामने के टक्कर में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में खरौंधी थाना क्षेत्र के चंदनी मुकेश राम उसकी पत्नी संगीता देवी और उनका छः माह का पुत्र प्रिंस कुमार तथा भवनाथपुर थाना क्षेत्र के मकरी निवासी नीतीश कुमार और मंजू राम का नाम शामिल है। उक्त सभी घायलों को ग्रामीणों की सहयोग से एक ऑटो से भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया। जहां चिकित्सक शैलेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद मुकेश कुमार राम, संगीता देवी तथा उसके पुत्र प्रिंस कुमार को बेहतर ईलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया गया है।

# दर्जनों युवाओं ने थामा भाजपा का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** सोमवार को रंका प्रखंड के रंका मंडल के भारतीय जनता पार्टी के निष्ठावान और वरिष्ठ कार्यकर्ता पवन पांडेय और कमल पांडेय की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह गढ़वा रंका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अलखनाथ पांडेय, वरिष्ठ भाजपा नेता भाजपा गढ़वा जिला उपाध्यक्ष राजीव राज तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य भगत सिंह साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता एसी मोर्चा पलामू जिला के प्रभारी सह एसी मोर्चा गढ़वा जिला महामंत्री सुरेंद्र राम, वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रमणि धर दुबे ने रंका मंडल के दर्जनों युवाओं को भारतीय जनता पार्टी का पट्टा और अंग वस्त्र देकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया।

उक्त मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय ने कहा कि वर्तमान सरकार इस राज्य को अपना जागीर समझकर अपनी मनमानी कर रही है। पूरे झारखंड राज्य की जनता इस सरकार से तंग आ चुकी है हर तरफ लूट, भय, भ्रष्टाचार की गंदी राजनीति हो रही है इस सरकार के शासनकाल में लोग गुलामी की मानसिकता में जीने के लिए विवस हो रहे हैं वर्तमान सरकार के द्वारा राज्य के हित में किये गये विभिन्न प्रकार के वादे जिसको पूरा करने में सरकार पूरी तरह से विफल रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य की जनता आने वाले विधानसभा चुनाव में झुठ की बुनियाद पर चल रही सरकार को राज्य से उखाड़ फेंकने का काम करेगी।

मौके पर भाजपा नेता करुणानिधान पांडेय, श्रीकांत गुप्ता, अरविंद कुमार, रौशन दुबे, बालाजी पांडेय आशीष चौधरी, आकाश कुमार, शिवम कुमार, संजय सिंह, रंजन पांडेय, संजय सिंह, शिवम चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# रक्षाबंधन के दिन बाइक सवारों को कस्तूरबा की छात्राओं ने बांधी राखी तो पुलिस ने पहनाया हेलमेट

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** रक्षाबंधन के दिन एनएच 75 पर बिना हेलमेट सवारी करने वाले 50 बाइक सवारों को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा राखी बांध सड़क सुरक्षा को लेकर सचेत किया, वहीं पुलिस द्वारा हेलमेट पहनाकर विदा किया गया। सोमवार को पुलिस अधीक्षक गढ़वा दीपक पांडेय के निर्देश पर सड़क सुरक्षा को लेकर अनूठा पहल करते हुए एसडीपीओ नीरज कुमार और डीएसपी चिरंजीवी मंडल, पुलिस निरीक्षक जितेंद्र कुमार तथा थाना प्रभारी बिष्णु कांत के द्वारा 50 बाइक सवरों को हेलमेट पहनाया गया। वहीं हिदायत दी गयी कि भविष्य में कभी भी बिना हेलमेट के बाइक नहीं चलायें। मौके पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा सभी को राखी बांधकर सुरक्षित यात्रा की कामना की। मौके पर सीडीपीओ ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर यह जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। मेराल थाना पुलिस के पहल पर फ्लाई ओवर निर्माण कार्य करा रहे एमजी कंस्ट्रक्टर द्वारा हेलमेट की व्यवस्था की गयी जिसे जरूरतमंद बाइक सवारों को निःशुल्क बनाया गया। मौके पर एमजीसीपीएल के हेड एडमिन जफर हसन, एसआई निरंजन पांडेय, प्रेम प्रकाश पांडेय, रवि कुमार, दीपक कुमार, एएसआई सवानंद महतो, उपेन्द्र सिंह, नितिश कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वीरेंद्र, डॉ अनिल साह, समाजसेवी अजय गुप्ता, संजय भगत, दशरथ, विनोद, लक्ष्मी विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में लोगों के साथ पुलिस बल के जवान थे।

## सगमा के प्रखंड प्रमुख ने अंतिम सोमवारी पर सपरिवार भगवान भोले नाथ की पूजा अर्चना की



सगमा(आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में रक्षाबंधन और श्रावण मास की अंतिम सोमवारी होने के कारण सभी देव स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखा गया। सगमा के प्रखंड प्रमुख ने सपरिवार अपने आवास स्थित शिव मंदिर में भगवान भोले नाथ की विधिवत पूजा अर्चना कर अपने परिवार के साथ प्रखंड क्षेत्र के लोगों के लिए मंगल कामना की। क्षेत्र के सगमा, कटहरकलां, सारदा, पुत्तुर, बीरबल, सोनडीहा, बैलीया, घघरी, झुनाका, दुसैया, मकरी, चैनपुर में स्थित देव स्थलों पर श्रद्धालुओं के कारण मेले जैसा भीड़ लगा रहा।

# महिलाओं ने किया सावन महोत्सव का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शहर के कई समाज की प्रतिष्ठित महिलाओं ने सावन महोत्सव का आयोजन बड़े धूमधाम से किया। आयोजन में किरण गुप्ता और रजनी गुप्ता के निर्देशन में किया गया। जिसमें सावन महोत्सव के अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता, सावन झूला प्रतियोगिता सहित कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर गीत संगीत कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं ने इस महोत्सव को सांस्कृतिक उत्सव में बदलते हुए विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिससे पूरे वातावरण में उल्लास और उत्साह का माहौल रहा। इस आयोजन ने गढ़वा की सामाजिक और सांस्कृतिक एकता को भी प्रकट किया। आयोजन के संदर्भ में बोलते हुए महिलाओं ने कहा कि इस प्रकार के सामूहिक उत्सव और आयोजन से सामाजिक सौहार्द और सहयोग को बढ़ावा मिलता है। आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में शहर की कई प्रमुख महिलाएं शामिल हुई। इसके पूर्व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। सभी महिलाओं द्वारा एक दूसरे को चूडी, मेहंदी, सिंदूर और बिंदी भेट में दिया गया` इस विशेष आयोजन में वीना शर्मा, निशा जयसवाल, मीना केशरी, संध्या केशरी, उर्वशी शर्मा, पार्वती शर्मा, नमिता कश्यप, ललिता केशरी, अरबिंदर कौर, उषा, और रजनी गुप्ता आदि शामिल हुईं।

# हल्ला बोल पोल खोल कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** एआईएमआईएम के तत्वावधान में चिनिया प्रखंड के डोल बाजार में हल्ला बोल पोल खोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से एआईएमआईएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधान सभा के प्रत्याशी डॉक्टर एमएन खान उपस्थित थे। डॉक्टर एमएन खान ने कहा कि यहां मूलभूत सुविधाओं से दूर है। उन्होंने कहा कि वर्तमान की सरकार और स्थानीय विधायक सह मंत्री के द्वारा हेमंत सरकार का चुनावी घोषणा पत्र कब लागू किया जायेगा। हेमंत सोरेन सरकार मॉबलिंचिंग कानून कब बनायेगा। हेमंत सरकार मुसलमान के हक व अधिकार कब देगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान झारखंड की सरकार सिर्फ यहां के लोगों को ठगने का काम की है। वहीं यहां के विधायक सह मंत्री के द्वारा सिर्फ विकास के नाम पर ढोल बजाया जा रहा है। गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के लोग आज भी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं। यहां ना तो अभी तक लोगों को पेयजल, बिजली और सड़क आदि की सुविधा मिल पायी है। उन्होंने कहा कि एआइएमआइएम ही गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र का चहुमुखी विकास कर सकता है। यह बात यहां की जनता भी पूरी तरह समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि एआइएमआइएम से लगातार लोग जुड़ रहे हैं। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष आशिक मंसूरी, जिला सचिव अशोक चौधरी, जिला उपाध्यक्ष गोपाल चौधरी, सोशल मीडिया प्रभारी हसनैन मंसूरी आदि उपस्थित थे।

## बहनों ने तिलक लगा कर भाई की कलाई पर बांधा प्यार का धागा, भाई ने दिया रक्षा का वचन

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** भाई-बहन के प्रेम और प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार सोमवार को श्री बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से हर जगह रक्षाबंधन के गीत बहना ने भाई की कलाई से प्यार बांधा है.., भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना..की आवाज गूंजने लगी। बहनों ने अपने भाई की कलाई पर जहां प्रेम का धागा बांधा तो वहीं भाई ने भी अपनी बहन को रक्षा का वचन दिया। वही हिन्दू पंचांग के अनुसार शुभ मुहूर्त को देखते हुए बहनों ने अपनी भाइयों को तिलक लगाया और मुँह मीठा करवाते हुए मिठाई खिलाई तथा आरती उतारी। इसके बाद भाई की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। इस दौरान भाइयों ने जन्म जन्म तक सुख दुःख में साथ निभाने का वचन लिया। साथ ही बहनो को उपहार देकर हमेशा साथ निभाने का वादा किया। रक्षाबंधन को लेकर बहन अपनी व्यापक तैयारियां पूरी कर ली थी। बच्चों में भी रक्षाबंधन का उल्लास देखने को मिला। रक्षाबंधन पर्व पर अपने घर आए एंटी करप्शन क्राइम कंट्रोल कमिटी ईस्ट इंडिया जॉन के वाइस प्रेसिडेंट नीतीश राज एवं सेक्रेटरी रोहित सिंह ने कहा कि रक्षा बंधन का त्योहार भाई-बहन के प्रेम के बंधन के रूप में मनाया जाता है। जब हम मोह और अहंकार को त्यागकर संपूर्ण पवित्रता के बंधन को स्वीकार करते हैं, तब ईश्वर सभी नकारात्मक प्रभावों से हमारी सुरक्षा करते हैं। वे हमें सुख, शांति और देवी प्रेम के अनुभव की प्राप्ति कराने का वचन देते हैं। यह त्योहार मन, वचन, कर्म से पवित्र रहने का शुभ संदेश देता है। इधर रक्षाबंधन को लेकर पूरे दिन शहरों में चहल-पहल रही। बहनों में अपनी पसंद के अनुसार राखी और मिठाइयों की खरीदारी की।

**रक्षाबंधन पर्व क्यों मनाया जाता है:** रक्षा बंधन का त्योहार भाई-बहन के प्रेम के बंधन के रूप में मनाया जाता है। जब हम मोह और अहंकार को त्यागकर संपूर्ण पवित्रता के बंधन को स्वीकार करते हैं, तब ईश्वर सभी नकारात्मक प्रभावों से हमारी सुरक्षा करते हैं। वे हमें सुख, शांति और देवी प्रेम के अनुभव की प्राप्ति कराने का वचन देते हैं। यह त्योहार मन, वचन, कर्म से पवित्र रहने का शुभ संदेश देता है।

# अंजुमन तरक्की उर्दू कमेटी का गठन




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सोमवार को अंजुमन तरक्की उर्दू हिंद गढ़वा की बैठक शहर के मदरसा रोड स्थित जिला कार्यालय में आयोजित की गयी। जिसमें अंजुमन तरक्की उर्दू के कमेटी का गठन किया गया। इस अवसर पर डॉ यासीन अंसारी ने कहा कि अंजुमन तरक्की उर्दू हिंद बहुत ही पुराना अंजुमन है। सन 1881 ईसवी में सर सय्यद अहमद खान ने स्थापित किया था। यह राष्ट्रीय स्तर की संस्था है। इस अवसर पर आम राय से गढ़वा प्रखंड अंजुमन तरक्की उर्दू हिंद का गठन किया गया। इस दौरान सरपरस्त ऐनुल हक और हाजी गव्वास खान को बनाया गया। जबकि अध्यक्ष मुजीबुद्दीन खान, उपाध्यक मोहम्मद सगीर अहमद अंसारी, गुलाम मुतुर्जा अंसारी, शहीद अंसारी, मुजफ्फर खान, सचिव निजामुद्दीन अंसारी, संयुक्त सचिव आलम अंसारी, मोइनुद्दीन अंसारी, इरफान अंसारी, मोहम्मद जहिर आलम अंसारी, कोषाध्यक्ष रिफत जावेद, उपकोषाध्यक्ष खालिद अहमद, प्रेस प्रवक्ता मंसूर अंसारी और गुलाम मुस्तफा को बनाया गया।

# थाना परिसर के शिव मंदिर में हुआ रुद्राभिषेक महा भंडारा में श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण



बलराम शर्मा

**मेराल (आजाद सिपाही)।** सावन माह के अंतिम सोमवारी को थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात रुद्राभिषेक व हवन आरती कर सुख शांति की कामना की गयी। हवन पूजन के पश्चात महा भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आचार्य पंडित दिनेश पाठक द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन पूजन तथा रुद्राभिषेक कार्यक्रम संपन्न कराया गया, जिसमें मुख्य यजमान के रूप में थाना प्रभारी विष्णु कांत, आरक्षी राजू कुमार दुबे, मंदिर निर्माण समिति के बलराम शर्मा, संजय प्रसाद, हवलदार जितेंद्र रजक सहित कई अन्य लोग शामिल रहे। लोगों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रुद्राभिषेक और भंडारा किया गया, ताकि क्षेत्र में अमन चैन कायम रहे और क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि आये। भंडारे का शुभारंभ समाजसेवी अजय प्रसाद गुप्ता थाना प्रभारी विष्णु कांत आदि के द्वारा किया गया भंडारे में सीडीपीओ नीरज कुमार, डीएसपी चिरंजीव मंडल के साथ बड़ी संख्या में अतिथियों तथा आम लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

## अंतिम सोमवारी पर कलश यात्रा का आयोजन



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। सावन के अंतिम सोमवारी को विशुनपुरा प्रखंड के विभिन शिवालयों में पूजा अर्चना की गयी। अंतिम सोमवारी पर विशुनपुरा पोखरा चौक स्थित श्री विष्णु मंदिर समिति के द्वारा भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा ढोल नगाड़े के साथ निकाली गयी। अंतिम सोमवारी को भाइयों और बहनों का अटूट त्योहार रक्षाबंधन को लेकर मुख्यालय में पूरे दिन भक्ति भाव के साथ-साथ हर्षोउल्लास देखा गया। इस मौके पर विष्णु मंदिर के अध्यक्ष नारायण शर्मा, सचिव गौरीशंकर गुप्ता, पुरोहित त्रिदीप मिश्रा, कोषाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद गुप्ता, विहिप प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार यादव, नवल किशोर गुप्ता, शिवकुमार ठाकुर, भोलानाथ साहू, प्रभु चंद्रवंशी, ललन, सचिन, कृष्णा, छुनु, महेंद्र, संजय, भुवनेश्वर, जितेंद्र गुप्ता सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

## बाइक चोरी मामला में केस दर्ज

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सीठीयो से अज्ञात अपराधियो द्वारा घर के आंगन में खड़ी मोटरसाइकिल को चोरी कर लिया गया। वाहन मालिक ने सेन्हा थाना में प्राथमिकी दर्ज चोरी कराया। सेन्हा थाना क्षेत्र के सीठीयो ग्राम निवासी बहादुर साहू के पुत्र उपेंद्र कुमार साहू के घर से अज्ञात अपराधियो ने खड़ी मोटरसाइकिल को चोरी कर ले भागा। घटना की जानकारी सेन्हा थाना को लिखित देते हुए भंडरा निवासी कलिंदर साहू के 30 वर्षीय पुत्र सतीश कुमार साहू ने कहा कि 16 अगस्त को अपने फूफा उपेंद्र कुमार साहू के घर सीठीयो अपाची मोटरसाइकिल जे एच 01 इएल 4924 से गये हुए थे और देर शाम खाना खा कर सो गये थे। जब दूसरे दिन 17 अगस्त को सुबह लगभग 6:00 बजे उठे तो देखा कि घर में खड़ी अपाची मोटरसाइकिल नही है।

# बहनों ने जवानों की कलाई पर बांधी राखी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सीआरपीएफ 158 बटालियन मुख्यालय में 'रक्षाबंधन' का पावन पर्व बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया। इस दौरान कमांडेंट राहुल कुमार, उपस्थित अधिकारीगण तथा जवानों ने प्रातः सर्व-धर्म प्रार्थना स्थल में पूजा-अर्चना की। चूंकि, सीआरपीएफ में तैनात अधिकारी एवं कार्मिक देश के विभिन्न भागो में अपने-अपने घरों एवं परिवारों को छोड़कर दूर-दूराज के ईलाकों में तैनात रहते हैं। इसलिए इस अवसर पर बटालियन मुख्यालय में रक्षाबन्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बनवासी कल्याण केन्द्र तथा ब्रह्म कुमारी केंद्र, लोहरदगा की महिलाओं ने कैंप में आकर बटालियन के अधिकारियों एवं जवानों की कलाई पर राखी बांधी। उनके अच्छे स्वास्थ्य की मंगलकामना की। इस दौरान 158 बटालियन सीआरपीएफ के अधिकारियों तथा जवानों ने उनका तहे दिल से धन्यवाद किया तथा इसी प्रकार रिश्तों में मिठास और विश्वास बढ़ाने की कामना की। इस कार्यक्रम में बनवासी कल्याण केन्द्र के बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया एवं आराध्या दत्ता द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की समाप्ती के पश्चात जलपान का आयोजन किया गया।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना की पुलिस ने फरार दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दी है। दुष्कर्म के आरोपी की पहचान तुरूवा उरांव का पुत्र सीताराम उरांव के रूप में किया गया है। थाना प्रभारी अजित कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि फरार आरोपी को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार कर नियम संगत कार्यवाही करते हुए सोमवार को आरोपी सीताराम उराँव को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए लोहरदगा जेल भेज दिया गया.गौरतलब है कि बीते 9 अगस्त को नाबालिक बच्ची को हवस का शिकार बनाकर आरोपी फरार हो गया था।

# ओड़िशा के राज्यपाल को लौहनगरी की सैकड़ों बहनों ने कलाई पर बांधी राखी

> शक्ति स्वरूपा नारी के सम्मान व उत्थान से ही समाज और देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ सकती : रघुवर दास

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में भाई-बहन के अटूट प्रेम व स्नेह का पावन त्यौहार रक्षाबंधन हर्षोल्लास से मनाया गया। सोमवार को रक्षाबंधन के अवसर पर राज्य के पूर्व सीएम सह ओडिशा के महामहिम राज्यपाल रघुवर दास ने एग्रिको स्थित आवास में अपनी बड़ी बहन प्रेमवती, बेदु बाई व महारीन बाई समेत शहर के विभिन्न क्षेत्र की बहनों से राखी बंधवाई। इस दौरान बहनों ने उनके माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारने के बाद मुंह मीठा करा कर उनके उत्तम स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। वहीं राज्यपाल रघुवर दास ने बहनों का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। मौके पर गोलमुरी भालूबासा व मानगो क्षेत्र की सैकड़ों बहनों ने राज्यपाल रघुवर दास की कलाई पर राखी बांधी। राज्यपाल रघुवर दास ने सभी बहनों को स्नेहपूर्वक उपहार भेंट किया। उनकी रक्षा का संकल्प लेकर सभी के स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की। वही राज्यपाल ने जमशेदपुर, ओडिशा सहित देश की समस्त बहनों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं व्यक्त की। उन्होंने कहा प्राचीन काल से ही हम रक्षाबंधन का त्यौहार श्रद्धाभाव से मनाते आ रहे हैं। रक्षाबंधन भाई-बहन के बीच एक पवित्र संकल्प, अटूट स्नेह, अखंड प्रेम और प्रेरक बल प्रदान करने वाला पर्व है। हाल के दिनों समाज में विकृत मानसिकता वाले लोग नारी शक्ति को अपमानित करने का कार्य कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई घटना एक सभ्य समाज के लिए बहुत ही दुःखद और निंदनीय है। राज्यपाल ने कहा शक्ति स्वरूपा नारी के सम्मान व उत्थान से ही समाज और देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ सकती है।

## दुर्गा वाहिनी की बहनों ने डीसी को बांधी राखी



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** बजरंग दल के नेतृत्व में दुर्गा वाहिनी बहनों के द्वारा लोहरदगा में रक्षाबंधन पर्व धूमधाम से मनाया गया। दुर्गा वाहिनी बहनों ने जिला के उपायुक्त डॉ. कृष्ण प्रसाद वाघमारे को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। मौके पर उपायुक्त को रक्षासूत्र बांधकर रक्षा का वचन मांगा। उपायुक्त ने बहनों के रक्षा का संकल्प लिया। मौके पर बजरंग दल पूर्व जिला संयोजन सचिन कुमार साहू, संघ नगर पर्यावरण प्रमुख सत्यम कुमार, बजरंग दल सदस्य मनोज कुमार साहू, दुर्गा वाहिनी के सदस्य अनन्या कुमारी, कुमारी अंतरा, अनुष्का कुमारी, राजनंदनी कुमारी, तान्या जयसवाल उपस्थित थे।

## अंबेडकर नव युवक संघ ने किया पौधरोपण



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** अंबेडकर नवयुवक संघ मसमानों के तत्वावधान में सोमवार को लगातार दूसरे दिन को भंडरा-मसमानो मुख्य पथ में सड़क किनारें पौधारोपण किया गया। इस दौरान भीमराव अंबेडकर समिति के लोगों ने सड़क के किनारे वन विभाग द्वारा लगाए गए जगह पर पौधारोपण किया गया। मौके पर भीमराव अंबेडकर समिति के सरोज कुमार रवि ने कहा कि मुख्य पथ के किनारे वन विभाग द्वारा पौधारोपण किया गया था। जिसमें काफी संख्या में पौधा सूख चुकी है। इसके जगह पर भीमराव अंबेडकर के सदस्यों द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों को जागरूक करने के साथ ही पौधारोपण किया जा रहा है। मौके पर भीम अम्बेडकर समिति के भरत राम ने लोगो से कहा की अपने जीवन में एक पौधा लगाकर उसके बड़े होने तक देखभाल की शपथ ले। साथ ही पौधारोपण कर उनके संरक्षण की अपील की। इस मौके पर अमित राम, मोहन राम, अंकुर राम, वीरेंद्र राम, विजय राम, मोहन कुमार साहू, रोशन लोहरा, अर्जुन सहित कई लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** बेड़ो –लोहरदगा मुख्य पथ में नौडीहा चौक के समीप विगत देर शाम सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। जिसमें भंडरा निवासी गोपी उरांव के पुत्र शनिचरवा उरांव उर्फ घुघरू (42 वर्ष) को गंभीर चोटें आयी है। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कर रिम्स रेफर कर दिया गया है। जबकि दो अन्य मोटर साइकिल सवार मकूंदा गांव निवासी राम उरांव के पुत्र बबलू उरांव (35 वर्ष) व सदन उरांव (18 वर्ष) को मामूली चोटें आई है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया की शनिचरवा उरांव पैदल अपने घर जा रहा था। इसी दौरान हीरो मोटर साइकिल से भाई के साथ अपने घर मकूंदा जा रहे बबलू उरांव ने अनियंत्रित होकर टक्कर मार दी।

## 24 को तैराकी प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा के बड़ा तालाब में आयोजक लोहरदगा जिला स्विमिंग एसोसिएशन और प्रायोजक एफडी इंटरप्राइजेज लोहरदगा की ओर से प्रत्येक वर्ष तैराकी प्रतियोगिता आयोजित की जाती हैं। इस वर्ष भी 24 अगस्त दिन शनिवार को प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसकी जानकारी हाजी अब्दुल जबारूल ने दी हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में झारखंड सरकार के ग्रामीण मंत्री इरफान अंसारी, मंत्री रामेश्वर उरांव, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हारिस बिन जमां अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## बहनों ने भाई की कलाई पर बांधी राखी



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भाई बहन के अटूट प्रेम का त्योहार रक्षाबन्धन प्रखण्ड क्षेत्र में हर्षोल्लाष के साथ मनाया गया। सुबह से ही सावन माह का अन्तिम सोमवारी को पूजा अर्चना के साथ बहनों द्वारा भाई के कलाई में रक्षा सूत्र बंधा गया। वही बहनों ने भाइयों के कलाइयों में राखी बांधकर एक दूसरे को अपना प्यार, विश्वाश व हर शुख दुःख में साथ निभाने का वचन लिया। भाइयों ने भी राखी बंधवाकर बहनों को उपहार भेंट किया एवं हर पल हर घड़ी साथ निभाने का संकल्प लिया। सावन पूर्णिमा के पवन अवसर में भाई बहन के यहां गयी तो वही भाई के यहां राखी लेकर बहन आई जिसे रक्षा बंधन के लिये एक दूसरे के यंहा आना जाना करते देखे गये।

# बस के मालिक ने रक्षाबंधन पर बहनों को फ्री सेवा बहाल किया




आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा चतरा से रांची रोड में चलने वाली अर्श लाइन बस के मालिक मो. इलियास के द्वारा पिछले 5 वर्षों से रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर अप डाउन दोनों तरफ से बस में सवार होने वाली बहनों से किसी तरह का कोई चार्ज नहीं लिया जाता है। अर्श लाइन बस के कंडक्टर के द्वारा बताया गया कि हमारे बस के मालिक मोहम्मद इलियास जिनके घर डाल्टनगंज है यह उनकी प्रेरणा है जो रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर रांची से हंटरगंज और हंटरगंज से रांची बस चलती है आज के दिन किसी भी बहन से बस का भाड़ा नहीं लिया जाता है और बहन भी सवार होकर हर रोज की तरह आज के दिन भी जाति और आते हैं पूरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ हम लोग बस में सवार बहन को गंतव्य की ओर पहुंचने का काम करते हैं। आजाद सिपाही की टीम ने सवार महिला सवारी से बात किया तो उन्होंने भी कहा कि हम लोग पहले भी इस बस में सवार होकर गए हैं तो बस भाड़ा नहीं ली जाती है और आज भी कंडक्टर भैया के द्वारा हम लोग को कहा गया कि बस मालिक आज रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर बहनों को फ्री सेवा दिए हैं जो बहुत ही अच्छी बात है इससे बहनों का सम्मान होता है ऐसा कार्य सभी लोगों को करनी चाहिए।

# बस्ती बचाओ संघर्ष समिति ने मालिकाना हक को लेकर बस्तीवासियों को किया जागरूक

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** बस्ती बचाओ संघर्ष समिति ने मालिकाना हक की माग को लेकर ग्वालाबस्ती बडा हनुमान मंदिर से जन जागरूकता अभियान की शुरूवात की। मौके पर बस्ती बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष सिया शरण शर्मा के नेतृत में सैकड़ो स्थानीय लोगो ने बेनर के साथ नीलडीह,बिरसा नगर के विभिन्न क्षेत्र से पदयात्रा कर बिरसानगर सन्डे मार्केट पहुचे। सन्डे मार्केट में सभा को सम्बोधित करते हुये वक्ताओ ने कहा बीते 2005 मे झारखण्ड सरकार और टाटा स्टील के बीच किये गए लीज समझौता की अवधि 2025 मे समाप्त होगी। आने वाले दिनों में होने वाले नए लीज समझौता मे 117 बस्तियों मे बसे लाखो लोगो की भविष्य तय होना है। इसके लिए बस्तीवासियो को तैयार रहना होगा। साथ ही झारखण्ड सरकार के पास 117 बस्तीवासियो में रहने वाले लाखों लोगो की मांग एकजुट होकर पेश करना होगा। मौके पर अशोक शर्मा,सतीश कुमार,मनीष मिश्रा सहित अन्य ने अपनी बातो को विस्तार से रखा।इस अवसर पर सैकडों की संख्या में बस्तीवासी मौजुत रहे। मौके पर स्थानीय लोगो के बीच हजारो पर्ची का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेंद्र प्रसाद, रोहित यादव, सीबी सिंह, संगीता शर्मा, निधि, कांति देवी,राजश्री,जोगिंदर शर्मा, प्रेमा देवी,राजेश प्रसाद,मुन्ना ठाकुर, आशुतोष मिश्रा,राजेश त्रिपाठी, अनिल विश्वकर्मा,अनिल पांडे, रवींद्र सिंह,सरस्वती देवी, कमला देवी सहित सैकड़ो बस्ती वासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# सावन पूर्णिमा पर अखिलेश्वर धाम में उमड़ी श्रद्धलुओं की भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा।** पवित्र सावन माह के अंतिम दिन सावन पूर्णिमा को लेकर सोमवार को प्रखंड के ऐतिहासिक व प्रसिद्ध अखिलेश्वर धाम, चट्टी स्थित महादानी शिव मंदिर, कसपुर के कारू मठ, बेल डीपा, ओखर डीपा, नकटी महादेव,भौरो, मसमानो सहित विभिन्न शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। इस अवसर पर लोगों ने भगवान भोलेनाथ की आराधना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। अखिलेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की लंबी कतार ही शिव के साधकों की भारी भीड़ को दर्शा रही थी। श्रद्धालुओं की भीड़ अहले सुबह से ही उमड़ने लगी। मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ से पूरा मंदिर भरा दिखाई दिया। श्रावण मास के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भीड़ स्थानीय शिवालयों में देखी गयी। शिवभक्त ओम नमः शिवाय का जाप करते हुए हाथ मे जल, बेलपत्र, फूल व दूध लेकर भगवान शिव को अर्पित करने को ले लालायित नजर आए। शिव भक्तों ने कतारबद्ध होकर शिव अराधना करते हुए भगवान शिव का जलाभिषेक किया। चहुंओर सुबह से ही गेरुआ वस्त्र पहने श्रद्धालु व भक्त बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है, ओम नमः शिवाय, बोलो बम का नारा लगाते हुए शिवालयों में जाते नजर आये।

## राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बने अशर्दुल कादरी

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस महासंघ के पोखरी कलां निवासी अर्शदुल कादरी को



झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए कई गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी है। साथ ही उन्हों ने कहां कि भारतीय राष्ट्रीय मजदूर महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए गये हैं। जो हमें झारखंड के मजदूरो के हित में जिम्मेवारी दी है सरकार का सारी योजनाओं का लाभ मजदूरों को दिलाया जाएगा। ताकि मजदूरों का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कांग्रेस से मुझे बड़ी जिम्मेवारी मिली है मैं सारी जिम्मेवारी का निर्वहन करूंगा। बधाई देने वालो में मनिका विधानसभा क्षेत्र के झारखंड उत्कृष्ट विधायक रामचंद्र सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नसीम अंसारी समेत कई लोगो ने बधाई दी है।

## डॉक्टर की हत्या के खिलाफ महिलाओं ने निकाला इंसाफ मार्च

**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेत्री सह समाजसेवी डॉ सुनिता देबदूत सोरेन ने घाटशिला बाजार सुभाष चौक पावडा के आम अवाम के द्वारा निकाला गया इंसाफ मार्च को नेतृत्व की। ज्ञात हो कि बीते दिन कोलकाता की एक होनहार ट्रेनी डॉक्टर की आरजी मेडिकल कॉलेज में रेप के बाद हत्या कर दी गई थी उसके विरोध में डॉ सुनीता देबदूत सोरेन ने ही वी वांट जस्टिस के नारो के साथ घाटशिला बाजार सुभाष चौक से गोपालपुर फ्लाईओवर तक कैंडल मार्च कि और वहां पहुंचकर बहन मौमिता को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर डॉक्टर सुनीता ने कहा कि यह घटना देश के लिए शर्मनाक घटना है। आए दिन इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। बंगाल में कानून व्यवस्था हाशिये पर नजर आ रही है। दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

# महिला को मार कर कुआं में फेंका, आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** कवाली थाना अंतर्गत मेजोगोरा में गांव के ही महिला पदमिनी सरदार (35) को पिटाई कर कुआं में फेककर हत्या के आरोपी राजेश सरदार को पुलिस ने महज 12 घंटे में ही गिरफ्तार कर लिया। कवाली थाना कांड संख्या 45/24 दिनांक 18 अगस्त धारा 103(1) बी एन एस के अनुसार जेल भेज दिया गया। पदमिनी सरदार का पति धनपति सरदार ने इस मामले में कवाली थाना में एक मामला दर्ज कराया था। बताया जाता है की हत्या के आरोपी राजेश सरदार ने कल रविवार को अपने गांव के ही महिला पदमिनी सरदार की जमकर पिटाई ही नहीं किया बल्कि उसे कुएं में फेक दिया। कुआं की दीवार में गंभीर रूप से चोट लगने के कारण उसकी मौत भी हो गयी। इसकी सूचना जब कवाली थाना के प्रभारी धनजय पासवान को मिली तब वे हरकत में आए तथा त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 12 घंटे के अंदर राजेश सरदार को गिरफ्तार कर लिया। महिला को राजेश के साथ किसी प्रकार का कोई मतभेद भी नही था। मालूम हो की राजेश सरदार सनकी किस्म का आदमी था।

# भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन धूमधाम से मना

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** भाई-बहन के बीच निर्मल प्रेम की डोर को और अधिक मजबूत करने का दिन, और रेशम की डोर से बंधा यह त्योहार शहर सहित जिलेभर में उत्साह पूर्वक मनाया गया। हर साल की तरह इस साल भी बहनें भाइयों को राखी बांधी, उनके सुखी व समृद्ध जीवन के लिए प्रभु से कामना किया। भाई-बहन के पवित्र प्रेम प्रतीक का पर्व रक्षाबंधन इस वर्ष धूमधाम से मनाया गया। इधर राखी बंधवाने के लिए दूर-दूर से भाई बहनों के घर पहुंचे तो बहनें भी भाइयों के घर राखी बांधने के लिए पहुंची। सबसे पहले बहनों ने मंदिरों में पहुंचकर भगवान को राखी बांधी। इसके बाद भाइयों की कलाई पर राखी बंधी। बहनो ने अपने - अपने भाइयों की कलाइयों पर रक्षा सूत्र (राखी) बांधकर भाइयों की लंबी उम्र की कामना के साथ अनुष्ठान पूरा किया तो वहीं भाईयों ने भी अपने सामर्थ्य के अनुसार उपहार भेंट किया। इस दौरान भाईयों बहनों ने एक दूसरे के प्रति प्रेम और कर्तव्य का पालन और रक्षा का दायित्व लेते हुए ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। राखी बांधने के बाद बहनों ने भाईयों से सुरक्षा का वचन लिया। वहीं भाईयों ने गिफ्ट भी दिए। इस वर्ष बाजार में ओमकार, रुद्राक्ष, चंदन, वीरा, रुई, जड़ी सहित अन्य देसी वेरायटी की राखियां उपलब्ध थे।

## बहनों ने तिलक लगा कर बांधी राखी

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र में भाई बहन के अटूट स्नेह का पर्व रक्षाबंधन सोमवार को हर्ष उल्लास और परंपरा पूर्वक मनाया गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष सावन पूर्णिमा की तिथि पर बहनों ने रक्षा सूत्र से भाइयों की कलाइयां सजाई। रेशम की डोरी के धागे भले ही कच्चे हो लेकिन इसके पीछे का स्नेह अटूट और बेहद मजबूत होता है। बहन-भाई के प्यार का प्रतिक इस त्योहार को लेकर घर-घर में व्यापक तैयारियां की गई थी।वहीं भाईयों ने भी बहनों को उपहार देकर हमेशा साथ निभाने का वादा किया। इस दौरान मुंह मीठा करने का दौर भी



जारी रहा। सोमवार की सुबह भद्रा काल होने कारण दोपहर में अधिकांश बहनों ने भाई की कलाई पर राखी सजाई और उपहार पाकर अपनों के साथ खुशियां मनाई। भारतीय हिंदू संस्कृति में सभी रिश्तो को महत्व देने के लिए कई पर्व मनाए जाते हैं। भाई दूज के साथ रक्षाबंधन का पर्व भाई और बहन के अनूठे संबंध को और गहरा करने का पर्व है।

# बैंकों ने किया नोट एक्सचेंज मेला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के साकची और बिस्टुपुर बाजार में विभिन्न बैंकों द्वारा नोट एक्सचेंज मेला का आयोजन किया गया। सोमवार को बैंक द्वारा आयोजित मेला में गंदे और कटे-फटे नोटों को बदलने के लिए सेवाएं प्रदान की गयी। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक,बैंक ऑफ बड़ौदा, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और आईसीआईसीआई बैंक के पदाधिकारी के द्वारा स्टॉल लगाया गया। नोट एक्सचेंज मेला में आरबीआइ पटना के क्षेत्रीय निदेशक सुजीत कुमार अरविंद, आरबीआइ की महाप्रबंधक विनिता टोपनो, उप महाप्रबंधक आरबीआई अमित कुमार, उप महाप्रबंधक एसबीआई संजीव नाथ उपस्थित रहे। इस अवसर पर आरबीआई पटना के क्षेत्रीय निदेशक सुजीत कुमार अरविंद आरबीआई की स्वच्छ नोट नीति को बढ़ावा देने में ऐसी पहलों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने शहर की जनता को पुरानी या गंदी नोटों को नए नोटों से बदलने की सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। ताकि अर्थव्यवस्था में स्वच्छ मुद्रा का प्रसार हो सके। इस अवसर पर जनता के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कटे-फटे या गंदे नोटों को सभी बैंक शाखाओं में बदला जा सकता है। जले हुए और दीमक से खराब हो चुके नोट जो आगे के संचालन के योग्य नहीं हैं उन्हें केवल आरबीआई कार्यालयों के इश्यू विभाग में बदला जा सकता। इस अवसर पर उन्होंने आम लोगो से 1 और 2 रुपये के सिक्कों को स्वीकार करने का आग्रह किया। मौके पर बैंक शाखाओं के नामित अधिकारियों के लिए एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम भी आयोजित की गयी।

# सिसई में बाइक चोरी के आरोप में तीन गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** बाइक चोरी के आरोपी तीन लोगों को गिरफ्तार कर सिसई पुलिस ने सोमवार को जेल भेज दिया। इस बावत एसडीपीओ सुरेश कुमार यादव ने प्रेस वार्ता कर बताया कि बीते 14 अगस्त को सिसई बाजार टांड़ स्थित जागृति अस्पताल परिसर से एक सफेद-लाल रंग की पल्सर आर एस 200 बाईक रजिस्ट्रेशन नंबर जे एच 01 डी आर 8928 की चोरी की प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। अनुसंधान के क्रम में सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी अनुसंधान व गुप्त सूचना के आधार पर कांड में संलिप्त लोहरदगा गौस नगर, कुटमू निवासी दो लोगों जाहिद अंसारी (20) व जमील अंसारी (20) और सिसई, भदौली निवासी गौतम कुमार रवि (22) को गिरफ्तार किया गया, इनके निशानदेही पर चोरी की बाइक को दुर्गाबारी लेन लोहरदगा के झोपड़पट्टी से बरामद किया गया। वहीं कांड के मुख्य साजिशकर्ता रहमत नगर सिसई निवासी सरफराज अंसारी (26) की तलाश जारी है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव, एसआइ प्रमोद कुमार, एसआइ आशीष कुमार, एसआइ अजय कुमार, हवलदार निमन उरांव, आरक्षी नरेंदर सरदार शामिल थे।

# बरटोली - नकटीझरिया के बीच पक्की सड़क की मिली स्वीकृति

माह सितंबर से है काम शुरू होने की संभावना

आफताब अंजुम

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह प्रखंड का नकटीझरिया गांव इन दिनों काफी चर्चा में है। अभी भी इस गांव तक पहुंचाने के लिए सड़क का नहीं है और इधर दो सगे भाइयों की सर्पदंश से हुई मौत, और मौत का कारण समय पर इलाज का नहीं मिलना। बीमारों तथा शारीरिक तौर पर लाचार लोगों को बहिंगा में बोह कर इलाज के लिए ले जाने की लगातार हो रही घटना ने नकटीझरिया को आजाद सिपाही तथा कई अखबारों की सुर्खियों में रखा है। आजाद सिपाही ने घटना के पूर्व भी अपनी रिपोर्टिंग में इस गांव की बुनियादी असुविधाओं को उजागर किया है। यहां के ग्रामीण जब लगभग साढ़े तीन किलोमीटर ऊंची नीची पथरीली पगडंडियों को पार करते हैं तब जा



कर उन्हे कोबजा बरटोली में सड़क मिलती है। जो पहले मांझा टोली और फिर उन्हें रायडीह मुख्यालय तक पहुंचती है। खबरों के प्रकाशन के बाद जब जिला प्रशासन की नजर इन गांवों पर पड़ी तो उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने विशेष रुचि लेते हुए नकटीझरिया गांव का दौरा किया। अब रायडीह प्रखंड के नकटीझरिया और इसके आसपास के गांवों के ग्रामीणों के लिए एक राहत भरी खबर है। आजाद सिपाही के डिजिटल पेज में सोमवार को खबर छपने के बाद उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि जोगीडांड से लेकर पहाड़टोली तक लगभग 900 मीटर की सड़क की स्वीकृति हो चुकी है। इस सड़क के बन जाने के बाद अगले चरण में और गांवों को जोड़े जाने की योजना है। हालांकि जोगीडांड से पहाड़ टोली तक मात्र 900 मीटर ही सड़क के निर्माण होने से फिलहाल नकटीझरिया गांव की मुसीबत पूरी तरह से टलती दिखाई नहीं दे रही है। मगर कुछ नहीं होने से कुछ होना अच्छे कल का संकेत है। अगर आप मांझाटोली से नकटीझरिया गांव जा रहे हैं तो कोब्जा बरटोली से दाहिने तरफ कच्चा रास्ता शुरू हो जाता है। कोब्जा बरटोली से जोगीडांड की दूरी डेढ़ किमी है। जोगीडांड से पहाड़ टोली लगभग एक किमी और पहाड़ टोली से नकटीझरिया की दूरी 2 किमी है। इस प्रकार मात्र 900 मीटर की सड़क से समस्या का समाधान होता नजर नहीं आ रहा है। लेकिन उपायुक्त का कहना है कि राष्ट्र का विकास चरणबद्ध तरीके से होगा। जहां पर अभी तक कुछ नहीं है पहले वहां लगभग एक किमी सड़क बनने से शुरूआत तो हो। फिर अगले चरण में पक्की सड़क की लंबाई और बढ़ेगी। यह भी बताया गया कि सड़क निर्माण का कार्य ग्रामीण कार्य विभाग गुमला द्वारा किया जाना है। निर्माण कार्य सितंबर माह से प्रारंभ होने की संभावना भी है। लेकिन ग्रामीणों ने एक गुहार यह भी लगाई है कि पक्की सड़क न सही लेकिन पहाड़ टोली से नकटी झरिया तक तरीके का कच्चा रास्ता ही तैयार कर दिया जाता तो कितना बेहतर होता।

# बच्चों की लड़ाई में पड़ोसी ने बच्चे को बेरहमी से पीटा, मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** महुआ डांड के काठों निवासी जितेंद्र कुमार सिंह का 10 वर्ष का पुत्र रणबीर कुमार सिंह को पड़ोस की ही महिला सुमित्रा देवी ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया इसके बाद परिजन उसे सदर अस्पताल इलाज ले लेकर आए जहां इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया रविवार की रात करीब 10:30 बजे बच्चे को परिजन एंबुलेंस से रिम्स ले जाने लगे। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक रणबीर कुमार सिंह के घर के सामने ही सुमित्रा देवी का घर है दोनों के बच्चे आपस में खेलते रहते हैं रविवार को सभी बच्चे साथ खेल रहे थे तभी सुमित्रा देवी का बेटा रोने लगा सुमित्रा देवी पहुंची और रणवीर को मारपीट करने लगी इसके बाद लाठी से उसके सिर व आंख के पास जोर से मार दी जिससे बच्चा वहीं पर गिरकर बेहोश हो गया। सुमित्रा देवी ने रणवीर की छोटी बहन सोनाक्षी सिंह के साथ भी मारपीट की वही बच्ची डरी हुई है जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया महिला पूर्व में भी मेरे बच्चों के साथ मारपीट की है उन्होंने मामले को लेकर थाना में शिकायत दर्ज कराने की बात कही। वही बच्चे की मौत हो जाने से माता-पिता काफी सदमे में है।

# एकलव्य शूटिंग क्लब में सर्टिफिकेट का वितरण




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** एकलव्य शूंटिंग क्लब रांची में सोमवार को सर्टिफिकेट वितरण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला की कक्षा एकादश की छात्रा ताशा झा को 14वीं झारखंड स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में 50 मी. राइफल प्रोन जूनियर वुमन में गोल्ड का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। ध्यातव्य है कि उसने 10 मी राइफल चैंपियनशिप यूथ वुमन इंडिविजुवल में राज्य स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए जोनल लेवल के लिए क्वालीफाई किया है जिसके लिए उसे प्रमाण पत्र सह अंक पत्र भी प्रदान किया गया। एकलव्य शूंटिंग क्लब के संचालक सह कोच श्री गोविंदा कुमार ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उन्हें लगातार मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है और निरंतर मेहनत ही सफलता की ओर हमें ले जाती है। उन्होंने बताया कि उनके क्लब के बहुत सारे बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरा रहे हैं। इस अवसर पर कई खिलाड़ी एवं अभिभावक उपस्थित थे।

# गांव से शहर तक उत्साह के साथ मनाया गया रक्षाबंधन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भाई बहन के अटूट स्नेह का पर्व रक्षा बंधन सोमवार को उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हो गया। भद्रा होने के कारण बहनों ने भाईयों की कलाई में राखी बांधने के लिए दोपहर डेढ़ बजे तक इंतजार करना पड़ा। सावन की अंतिम सोमवारी होने के कारण युवतियों और महिलाओं ने अहले सुबह ही भगवान भोले नाथ की पूजा की और राखी को मंदिर में पूजा किया। घर में थाली सजाकर दोपहर बाद भाईयों के सिर तिलक लगाया। आरती उतारी और कलाई में राखी बांधकर उनके सुख शांति समृद्धि और घर परिवार की रक्षा की कामना की। भाई बहन के बीच राखी बांधने से पहले आरएसएस के शाखा में पूर्वाह्न ही भगवा ध्वज पर रक्षा सूत्र बांध कर सनातन की रक्षा का संकल्प लिया गया। डुमरडीह के स्वामी विवेकानंद शाखा में भगवान ध्वज



में राखी बांधने के बाद रक्षा बंधन के महत्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए एन सिंह ने कहा वर्तमान में रक्षा बंधन का त्योहार भाई बहन और उपहार के बीच सिमट कर रहा गया है लेकिन इसकी पौराणिक कथाएं सतयुग में दैत्य राज बलि के कलाई में माता लक्ष्मी ने राखी बांध कर भगवा विष्णु को मुक्त करायी थी। त्रेता युग में रावण ने अशोक वाटिका में सीता के समीप आने से एक घास का तिनका ने रोका था। भूमि पुत्री सीता को भाई के रूप में घास का तिनका ने रक्षा किया था। द्वारपर युग में शिशुपाल वध के दोरान श्री कृष्ण की अंगुली सुदर्शन चक्र से कट गया था। बहते रक्त को देखकर द्रौपदी ने आंचल फाड़कर श्री कृष्ण के अंगुली को बांधी थी। भगवान श्रीकृष्ण ने द्रोपदी का वह ऋण चीर हरण में वापस किया था। कलियुग में जब सनातन पर मुगल का आक्रमण बढ़ गया तब पुरोहितों ने पौराणिक कथा की जानकारी देते हुए राखी के महत्व की जानकारी दी और सुरक्षा के स्मरण दिलाने के लिए महिलाओं युवतियों ने अपने भाईयों को राखी बांधने का काम किया जो परंपरा बन गई है। देश व समाज के वर्तमान हालत में धर्म संस्कृति समाज व पर्यावरण की रक्षा के लिए संकल्प लेने की जरूरत है। दोपहर बाद गांव से शहर तक राखी बांधने का सिलसिला जारी रहा। बहनों ने भाई के घर तो भाई ने बहनों के घर जाकर श्रद्धा के साथ राखी बंधवाई। दूर में रहने वाले भाई बहन मोबाइल पर ही बात कर अपने प्यार बांटे। दुंदुरिया में रिया रागीनी ने यश राज को राखी बांध कर मुंह मीठा कराया। घाघरा में भाई बहनों ने एक साथ पूरे परिवार के साथ राखी का त्योहार मनाया। पालकोट में बच्चियों ने अपने भाई को माता में तिलक लगाकर हाथ में राखी बांधी और मिठाई खिलाया। भाईयों ने बहनों को उपहार प्रदान किए और खुशियां मनायी। भरनो में सोमवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ रक्षा बंधन का पर्व मनाया गया। बहनों ने भाई की कलाई में राखी बांधी तो भाई ने बहन की रक्षा का संकल्प के साथ उपहार दिए।ः विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के तत्वावधान में मातृ शक्ति और दुर्गा वाहिनी की बहनों ने सोमवार को डुमरी थाना में पुलिस के पदाधिकारी एवं जवानों को राखी बांधकर रक्षा बंधन की बधाई दी। दुर्गा वाहिनी की बहन रिंकी कुमारी ने कहा कि पुलिस के अधिकारी व जवान अपने घर परिवार को छोड़ कर हमारी सुरक्षा और सेवा में रात दिन लगे रहते हैं।

# स्कूटी और बाइक की टक्कर में 6 लोग घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र के बड़का डीह के समीप स्कूटी व बाइक में सीधी भिड़ंत हो गई। घटना में बाइक सवार बड़ा पसंगा टोटो निवासी सुनील उरांव और कुही पाट जामटोली निवासी मंगलेश्वर उरांव घायल हो गए। जबकि स्कूटी में सवार दो युवक व दो युवती भी घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंचाया गया जहां प्राथमिक इलाज के उपरांत बाइक सवार सुनील और मंगलेश्वर को सदर अस्पताल पहुंचाया गया जबकि स्कूटी में सवार नौडीहा बरटोली निवासी कविता कुमारी को सदर अस्पताल लाया गया जबकि तीन घायलों का घाघरा में इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक बाइक सवार दोनों युवक दाह संस्कार कार्यक्रम में बाला खटंगा गये थे।

# भरनो में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भरनो।** प्रखंड मे भाई बहन का प्रमुख त्योहार रक्षाबंधन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनो ने अपने भाइयो की कलाई मे राखी बांध कर उनकी स्वास्थ और लम्बी उम्र के कामना की। भाई बहन के प्यार के प्रतिक इस त्यौहार का उत्साह प्रखंड मे देखा गया। सुबह लोगों ने स्नान आदि के बाद तैयार होकर बहनों से कलाई पर राखी बंधवाई। राखी बांधने से पहले बहनों ने भाइयों का मुंह मीठा किया और तिलक लगाया। भाइयों ने बहनों की रक्षा का संकल्प लिया।

# बहनों ने राखी बांध भाइयों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** भाई बहनों का पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन घाघरा प्रखंड के तमाम गांव में धूमधाम से मनाया गया। इस क्रम में बहनों ने अपने भाइयों को सोमवार की दोपहर करीब 1:30 बजे के बाद कलाई में राखी बांधकर त्यौहार को मनाया। और उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके बाद बहनों को रक्षा करने का संकल्प लिया वह एक दूसरे को मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया। वही श्रावण पूर्णिमा में शुभ अवसर पर सुप्रसिद्ध देवाकी बाबाधाम में भक्तों का तांता लग रहा। लोग भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का पूजा अर्चना कर आशीर्वाद मांगा।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला में सोमवार की शाम दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। पहली घटना बिरसा मुंडा एग्रो पार्क के समीप हुई। लक्ष्मण नगर की ओर सड़क पार रही महिला द्रौपदी देवी को तेज रफ्तार बाइक ने धक्का मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया है। इधर खटवा नदी के समीप स्कूटी और टेंपू के टक्कर में स्कूटी सवार करौंदी निवासी रतिया उरांव घायल हो गया। टेंपो घटना स्थल से भाग गया। जानकारी के अनुसार घायल रतिया काशीटोली जा रहा था। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल रतिया को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# फुटबॉल प्रीमियर लीग सीजन-1 टूर्नामेंट का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड मुख्यालय के रन्हे स्टेडियम में चल रहे घाघरा फुटबॉल प्रीमियर लीग सीजन 1 टूर्नामेंट का समापन रविवार की देर शाम हुआ। टूर्नामेंट के फाइनल मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीआरपीएफ डीआईजी रविंद्र भगत, प्रखंड प्रमुख सविता देवी, थाना प्रभारी तरुण कुमार, विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव, कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव अनिरुद्ध चौबे, शिक्षक विजय साहू, समाजसेवी बालकिशून उरांव ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। फाइनल मैच न्यू स्टार फुटबॉल क्लब घाघरा बनाम बेलागड़ा पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें ट्राई ब्रेकर में न्यू स्टार फुटबॉल क्लब घाघरा की टीम विजयी हुई। वहीं शिक्षक ग्रुप बनाम प्रशासन समाजसेवी के बीच



फ्रेंडली मैच खेला गया। जिसमें प्रशासन समाजसेवी की टीम ट्राई ब्रेकर में जीत हासिल कर विजय रहा। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सीआरपीएफ के डीआईजी रविंद्र भगत ने कहा कि उज्जवल भविष्य अब खेल में भी संभव है। खेल को भाईचारगी के साथ खेलें। साथ ही डीआईजी ने कहा कि मेरा सहयोग जहां भी महसूस हो जरूर याद करें। वहीं मौजूद थाना प्रभारी तरुण कुमार ने खिलाड़ियों को नशा पान से दूर होकर खेल को खेलने की बात कही ताकि बेहतर मुकाम तक खिलाड़ी पहुंच सके। अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि खेल से मानसिक शारीरिक और बौद्धिक विकास होता है। खेल के क्षेत्र में भी लोग आगे बढ़ रहे हैं। शिक्षक विजय कुमार साहू ने भी अपने संबोधन में खिलाड़ियों को अनुशासन में रहकर खेलने की बात कही। वही विजेता उपविजेता टीमों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी वह पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्मोक पर उपस्थित लोगों में सुशील टोप्पो, लाल उरांव, अनिल उरांव, सुरजू उरांव, मनोज कुमार, भूषण बड़ाइक, संजय उरांव, अविनाश गुप्ता, बसंत साहू, अरबिंद उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# सैकड़ों लोग जेबीकेएसएस छोड़ आजसू पार्टी में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड के होरम गांव स्थित पुराने आंगनबाड़ी केंद्र में एक बृहद सामूहिक बैठक होरम ग्रामवासियों ने रखा। जिसमें मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता संतोष कुमार पटेल व संचालन जितेंद्र कुमार महतो ने किया।

जिसमें सैकड़ो युवाओं ने जेबीकेएसएस को त्याग करते हुए रोशनलाल चौधरी के समक्ष आजसू पार्टी का दामन थाम लिया।

पार्टी में शामिल हुए लोगों ने



अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमलोगों ने जेबीकेएसएस की सदस्यता सिर्फ मोबाइल और सोशल मीडिया के माध्यम से उनके द्वारा फैलाए भावनात्मक और झूठे जुमले वादों तथा सिंपैथी भाषणों की वजह से आकर्षित होकर हम सभी युवा एक गलत राह चुन लिए थे जिसका परिणाम आज ये हुआ कि हमलोगों ने जिसे चंदा देकर चुनाव में उसके नाम पर वोट तक दिया दुर्भाग्य आज तक वो हमें जानते पहचानते तक नहीं है और चुनाव बाद एक झलक तो दूर कभी फोन तक नहीं आया और ये सिर्फ कुरमी को तोड़ो वाली संस्था है इसकी मंशा सिर्फ कुर्मियों को बांटना है,इसका प्रभाव भी नाम मात्र का ही है,युवाओं को चेतने व जागने की आवश्यकता है। अतः इसी कड़ी में हम सभी ग्रामवासी ने कृतसंकल्पित होकर जन जन के नेता रोशनलाल चौधरी के कार्यों से प्रभावित होकर उनके साथ जुड़ने का संकल्प लिया।

लोगों को संबोधित करते हुए रोशनलाल चौधरी ने कहा कि युवा भटके नहीं,युवाओं की हीं पार्टी है आजसू। आजसू पार्टी का निर्माण हीं युवाओं और छात्र संगठन से हुआ है।लेकिन आजकल एक ट्रेंड चला है युवाओं को ठगने का जिसमें युवाओं को बरगला के ठग के नौकरी व रोजगार और भाषा खतियान के नाम पर युवाओं के अनमोल समय को अंधकार में डालकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम किया जा रहा है। युवाओं की भावनाओं के साथ सिंपैथी कार्ड खेला जा रहा है।

# शिव भक्तों की उपस्थिति को देखते हुए पर्यटन विभाग महादेव मंदिर का करे कायाकल्प : मनीष जायसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** सोमवार को सांसद मनीष जायसवाल ने दिल्ली से चलकर सीधे बड़कागांव महूदी स्थित बुढ़वा मंदिर तक मोटरसाइकिल से पहुंचे तथा बुढ़वा महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि व उन्नति की कामना की। मंदिर परिसर पहुंचने के पूर्व विश्रामपुर चौक एवं मंगल बाजार में कार्यकताओं ने गाजे बाजे एवं ढोल नगाड़े के साथ सांसद का भव्य स्वागत किया। मंदिर परिसर में पूजा अर्चना करने के उपरांत भक्तों के बीच महा प्रसाद का



वितरण किया उसके बाद रजरप्पा छिन्नमस्तिका से कावर उठाकर पिछले सोमवार को महूदी स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर तक जलाभिषेक करनेवाले शिवभक्तों को शांति सह विकास समिति कर्णपुरा क्षेत्र बड़कागांव द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत भी किया। वही बुढ़वा महादेव सेवा समिति कर्णपुरा क्षेत्र द्वारा द्वारा आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम की शुरूआत फीता काटकर सांसद मनीष जायसवाल ने की।

शिव भक्तों को संबोधित करते हुए सांसद श्री जायसवाल ने कहा कि बुढ़वा महादेव की कृपा अपरंपार है। इनकी कृपा के बदौलत ही सैकड़ो शिव भक्तों ने 24 घण्टे के अंदर जल उठाकर एवं तीन दिनों तक पैदल चलकर बुढ़वा महादेव के ऊपर जलाभिषेक करते हैं। पर्यटन विभाग व फॉरेस्ट्र विभाग विवाह भवन, शौचालय तथा तोरण द्वार का निर्माण कराए। लाखो भक्तों की श्रद्धा भक्ति देखकर मन भक्तिमय हो उठा। यह श्रावण पूर्णिमा का मेला बड़कागाँव ही नही बल्कि झारखंड के शिव भक्तों का आकर्षण व भक्ति का स्थान बन गया है। यह भक्ति से सराबोर बुढ़वा महादेव मंदिर हमे सदा याद रहेगा। सांसद ने कहा कि मेरे प्रयास से पर्यटन विभाग जल्द सैलानियों के लिए अनेक बिकास कार्य करायेगा। इसकी ब्लू प्रिंट तैयार की जा चुकी है।

# दबंगों ने काटा चकला आहर का बांध, धनरोपनी कार्य प्रभावित

## डीसी को आवेदन देकर किसानों ने बांध काटने वाले पर की कार्रवाई की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** जल संचयन को लेकर केंद्र व राज्य सरकार की ओर से कई योजनाएं चलाई जा रही है। गांव में आहार पोखर तालाब का निर्माण कराया जा रहा है। जल संचयन व बरसाती पानी रोकने को लेकर कई तकनीकी तरकीब भी अपनाई जा रही हैं। वहीं ब्रहमोरिया गांव निवासी श्याम नारायण पांडेय द्वारा गांव के 100 वर्ष पुराने चकला आहर बांध को जेसीबी से काट कर समतल कर दिया गया। जिस कारण बरसाती पानी आहर में नहीं ठहर पा रहा है। आहार के नीचे पानी नहीं मिलने के कारण खेत परती रह गये। धनरोपनी का कार्य नहीं हो सका। सिंचाई की कोई अन्य व्यवस्था नहीं होने के कारण खेत खाली पड़े हैं। आहर में पानी भर जाने से जल संचयन के साथ ही सिंचाई कार्य धनरोपनी आदि बाधित है। इस संबंध में पीड़ित किसान सच्चितानंद पांडेय, हिरा नंद पांडेय, रघुवीर पांडेय, शिव पांडेय, गोविंद पांडेय, योगेंद्र पांडेय आदि के संयुक्त रूप से पलामू डीसी सहित मेदिनीनगर सदर एसडीओ, अंचलाधिकारी से लिखित शिकायत की है। ताकि आहर बांध काटकर जलसंचय व सिंचाई कार्य को प्रभावित करने वाले लोगों पर कार्रवाई हो और बांध को फिर से बांधा जा सके। लेकिन अभी तक किसी ने कोई कार्रवाई नहीं की है। बरसात का पानी बांध काटे जाने के कारण जमा न होकर बह गया। किसान सच्चिता नंद पांडेय ने बताया कि बांध की लंबाई लगभग 300 फिट है। जिसका अधिकसंख्य जमीन आहार व आहार के नीचे का जमीन इन्हीं किसानों का है। श्याम नारायण पांडेय का आहार के मध्य केवल चार डिसमिल भूखंड था, जो फोरलेन सड़क निर्माण कार्य में अधिग्रहण कर लिया गया है। बावजूद इसके दबंगई दिखाते हुए जेसीबी मशीन लगाकर लगभग 40 फीट बांध को काट दिया गया। किसानों ने बताया कि चकला आहर मरम्मती कार्य में फूड फॉर वर्क और विधायक कोटे की राशि भी खर्च की गई हैं। सर्वे ऑफिस में चकला आहर का कागजात भी उपलब्ध हैं। किसानों ने कहा कि अगर प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए बांध का निर्माण नहीं करवाया गया तो न्यायालय का दरवाजा खटखटा जायेगा।


दबंग द्वारा काटा गया चकला आहार का बांध।

# डॉ रामेश्वर उरांव को विधायक दल का नेता चुने जाने पर पलामू में हर्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, केसी वेणु गोपाल द्वारा झारखंड के वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को विधायक दल का नेता नियुक्त किए जाने पर कांग्रेसी नेता रूद्र शुक्ला ने रांची मंत्री के आवास पर मुलाकात कर पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया है। पूर्व विधायक प्रत्याशी रुद्र शुक्ला ने कहा कि रामेश्वर उरांव जी को विधायक दल का नेता बनाए जाने से पलामू सहित पूरे झारखण्ड के कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं में उल्लास और खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि रामेश्वर उरांव पलामू के धरती पुत्र है। पलामू के बेटा को विधायक दल का नेता बनने से पलामू के लोगों में बहुत ही खुश है। मंत्री जी को आम जनता हमेशा विकास पुरुष के रूप में देखा है। मंत्री रामेश्वर उरांव ने पिछले विधानसभा 2019 के चुनाव में कांग्रेस के अधिक विधायक जीता कर लाए थे और 2024 विधान सभाचुनाव में भी अधिक से अधिक विधायक जीता कर लाएंगे और पुनः आइएनडीआइए गठबंधन की सरकार बनेगी।



# भाइयों की कलाई पर राखी बांध लिया रक्षा का संकल्प



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** श्रावण मास की पूर्णिमा पर हरिहरगंज और पीपरा प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को भाई-बहन के स्नेह का त्योहार रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान बहनों ने भाई की आरती उतारी, माथे पर तिलक लगाया, हाथ में राखी बांधी और रक्षा का वचन मांगा। बहनों ने भाई को मिठाई खिलाकर उसके सुखमय जीवन की कामना की। वहीं, मान्यताके अनुसार भाईयों ने जीवनपर्यंत अपनी बहन की रक्षा का वचन निभाने का संकल्प लिया। हर गली मोहल्लों में त्योहार को लेकर चहल-पहल बनी रही। रक्षा बंधन पर बाजार में मिठाई की खूब बिक्री हुई। कई लोगों को मिठाई नहीं मिलने पर सोनपापड़ी व अन्य मीठी चीज खरीद कर घर ले गए।

# बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद क्रिकेट डायरेक्टर का इस्तीफा

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में सरकार बदलने के बाद क्रिकेट बोर्ड के डायरेक्टर जलाल यूनुस ने इस्तीफा दे दिया है। बांग्लादेश में विमेंस वर्ल्ड कप 3 अक्टूबर से होना है। लेकिन आइसीसी ने देश में पिछले दिनों हुई हिंसा के बाद दूसरे देश को मेजबानी देने का मन बना लिया है। इसी बीच बांग्लादेश क्रिकेट ऑपरेशन के चेयरमैन भी रहे जलाल ने पद छोड़ दिया। जलाल ने कहा कि क्रिकेट की भलाई को ध्यान में रखते हुए मैंने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है। सरकार बदलने के बाद इस्तीफा देने वाले जलाल क्रिकेट बोर्ड के पहले ही सदस्य हैं।बांग्लादेश में स्टूडेंट प्रोटेस्ट के कारण 5 अगस्त को आवामी लीग सरकार को इस्तीफा देना पड़ा था। जिसके बाद विपक्षी दल और स्टुडेंट यूनियन ने मिलकर बांग्लादेश में नई सरकार बनाई।

### प्रेसिडेंट नजमुल हसन भी छोड़ सकते हैं पद

मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि चेयरमैन जलाल के बाद बोर्ड प्रेसिडेंट नजमुल हसन भी इस्तीफा दे सकते हैं। उन्होंने पिछले दिनों कहा था कि सरकार का साथ देने के लिए वह अपना इस्तीफा भी सौंप सकते हैं। बांग्लादेश में तख्तापलट से पहले कई दिनों तक हिंसा हुई थी। जिसके चलते क्ख्उ ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप को बांग्लादेश में नहीं कराने का फैसला किया। ऐसे में यूएइ, श्रीलंका या जिम्बाब्वे में टूर्नामेंट हो सकता है।

## दो बाइक की भिड़ंत में तीन युवक घायल

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कौआखोह महुवन होटल के सामने एनएच 139 पर सोमवार की शाम दो बाइक की आमने सामने की टक्कर में डेमा गांव निवासी नंदू मेहता के पुत्र सुनील कुमार (25), रहमबिगहा (बिहार) निवासी कृष्णा पासवान के पुत्र बिमलेश कुमार (22) और रहम बिगहा के ही श्यामदेव यादव के पुत्र श्याम कुमार घायल हो गए। इनमें सुनील कुमार और बिमलेश गंभीर रूप से घायल है। सभी घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर गोपाल प्रसाद ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल सुनील और बिमलेश को बेहतर ईलाज के लिए रेफर कर दिया है।**


# खेत में गये व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटैया निवासी स्व. सरदयाल सिंह के पुत्र रेणु कुमार सिंह (45) का रविवार को संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रेणु कुमार रविवार को हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के विशुनपुर में अपने बहन के धान का बिचड़ा उखाड़ने गया था। ग्रामीणों के मुताबित रेणु कुमार को जहरीले सांप ने काट लिया। ग्रामीणों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हालांकि सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोपाल प्रसाद ने सांप काटने की पुष्टि नहीं की है। कहा कि शरीर में सांप काटने का कहीं निशान नहीं है। सोमवार को बनसप्ति बटाने नदी स्मशान घाट पर शव का अंतिम दाह संस्कार किया गया।

## स्पोर्ट्स





बांग्लादेश में आयी राजनीतिक अस्थिरता के चलते वहां आयोजित होने वाला विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप अन्यत्र स्थानांननतरित हो सकता है।

# वीमेंस टी-20 वर्ल्ड कप बांग्लादेश से हो सकता है शिफ्ट यूएइ प्रबल दावेदार, श्रीलंका और जिम्बाब्वे भी हैं रेस में

**बीसीसीआइ टूनर्नामेंट को लेकर पहली ही कर चुका है मना**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप बांग्लादेश से शिफ्ट हो सकता है। टूर्नामेंट 3 से 20 अक्टूबर तक होना है। बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता की वजह से इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आइसीसी) ने इसे शिफ्ट करने का फैसला कर सकता है। विमेंस वर्ल्ड कप की मेजबानी के विकल्प पर यूएइ सबसे आगे है। हालांकि, श्रीलंका और जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने भी बांग्लदेश से टूर्नामेंट शिफ्ट किए जाने पर अपने यहां कराने को लेकर रुचि दिखाई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप बांग्लादेश से शिफ्ट किए जाने पर यूएइ इसकी मेजबानी का प्रबल दावेदार है। यूएइ में दुबई, अबू धाबी और शारजाह में इंटरनेशनल स्टेडियम है। पहले भी टी-20 वर्ल्ड कप का आयोजन कर चुका है। साल 2021 में कोरोना की वजह से भारत में होने वाले मेंस टी-20 वर्ल्ड कप यूएइ में करवाया गया था। हालांकि इसकी मेजबानी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) के पास ही थी। वहीं, भारत विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप की मेजबानी नहीं करेगा, क्योंकि बीसीसीआइ ने आइसीसी का वह ऑफर ठुकरा दिया है, जिसमें इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता के चलते भारत में टूर्नामेंट कराने का प्रस्ताव दिया था। बीसीसीआइ के सचिव जय शाह ने मुंबई स्थित एक मीडिया हाउस में दिए साक्षात्कार में कहा था कि 'अगले साल विमेंस वनडे वर्ल्ड कप की हम मेजबानी कर रहे हैं। ऐसे में हम यह संकेत नहीं देना चाहते हैं कि हम लगातार अपने ही घर में वर्ल्ड कप कराना चाहते हैं।' शाह ने बताया कि बेंगलुरु में नया एनसीए नई सुविधाओं के साथ अब तैयार है। इसकी सुविधाओं का इस्तेमाल अन्य खेलों के ओलिंपियन भी कर सकेंगे।




## 10 टीमें टी-20 वर्ल्ड कप में लेंगी हिस्सा

बांग्लादेश में विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 3 से 20 अक्टूबर तक खेला जाना है। इसमें 10 टीमें हिस्सा लेंगी। 18 दिनों में 23 मैच होगा। भारत ग्रुप ए में 6 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के साथ है। इसमें पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और क्वालिफायर से आई एक टीम है। वहीं मेजबान बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज व क्वालिफायर-2 टीम ग्रुप बी में है।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल पलामू में

- मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना के तहत जिले के लाभुकों को जारी करेंगे पहली किस्त
- अधिकारियों के साथ डीसी ने किया स्थल का निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रमंडलस्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने बुधवार को पलामू जिला के सदर प्रखंड अंतर्गत चियांकी हवाई अड्डा पहुंचेगे। वे चियांकी से प्रमंडल के तीनों जिलों के 'मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना' के लाभुकों को पहली किस्त जारी करेंगे। इसी को लेकर सोमवार को चियांकी हवाई अड्डा का डीसी शशि रंजन समेत अन्य पदाधिकारियों ने निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से चौकस है। प्रशासनिक तैयारी पूरी की जा रही है। मजिस्ट्रेट व पुलिस बल को पर्याप्त संख्या में नियुक्त किया जा रहा है, ताकि किसी भी तरह का कोई दिक्कत नहीं हो सके।

# सार्थक प्रयास से होता है जनसेवा कार्यः नरेंद्र पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र कुमार पांडेय ने मीडिया को बताया कि विगत दिवस पांडू बूढ़ीखांड सड़क को लेकर बसपा नेता राजन मेहता द्वारा जो सड़क पर धान रोपण का कार्य किया गया गई उस से बेहतर था की वो उडीसी और सरकार के माध्यम से उसे ठीक कराने के प्रयास में लगते। उनका धान रोपण सिर्फ सुर्खियां बटोरने का प्रयास था। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष 2023 के अक्टूबर मास में उन्होंने पलामू डीसी से मिलकर इस समस्या से अवगत कराया था जिसका तत्काल प्रभाव से दिशा निर्देश जारी किया गया था। डीपीआर होने के बाद इस काम की स्वीकृति भी प्रदान की गई थी जिसका टेंडर भी फाइनल हो चुका है और काम शुरू होने का जल्द से जल्द प्रयास किया जा रहा है। साथ ही तत्काल प्रभाव से लिए मरम्मत का काम भी लगाया गया था। इस काम की निविदा हो चुकी है और एग्रीमेंट भी संपन्न हो चुका, यह मार्ग विश्रामपुर से बेलहारा होते हुए ओबरा तक स्वीकृत हुई है। नरेंद्र पांडे ने डीसी से मांग की है कि इस प्रक्रिया को प्रशासनिक सहयोग से और तेजी से आगे बढ़ाया जाए। जनता को परेशानी न हो इसका जल्द से जल्द निवारण किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास में जुटे रहते हैं। अगर नियत सही हो तो पक्ष और विपक्ष दोनों को मिलकर विकास के काम को सुचारू रूप से आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि 2014 से पहले सड़क और किसानों का क्या हाल था यह सबको मालूम है। भाजपा सरकार आने के बाद विकास के कार्य तेजी से बढ़े थे। आगे प्रदेश में पुनः सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि वह भाजपा का हर कार्यकर्ता जनता की मांग को लेकर तत्पर रहता है,विपक्ष जनता को गुमराह ना करे।




# रेलवे में होने वाले अपराध पर जपला आरपीएफ ने लोगों को किया जागरूक

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** रेलवे स्टेशनों ट्रेनों आदि में होने वाले अपराध के प्रति सतबहिनी, नवगढ़ व छतरपुर आदि गांव के लोगों को रेलवे सुरक्षा बल के जपला पोस्ट के निरीक्षक राजेश कुमार मीणा के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सतबहिनी रेलवे स्टेशन पर आम लोगों के साथ ही यात्रियों को रेलवे में होने वाले अपराध स्टोन पेस्टिंग, रेलवे रैक से कोयला चोरी, अनावश्यक एसीपी, स्टोन पेल्टिग, सिग्नल गियर से छेड़छाड़, रेलवे परिक्षेत्र में गंदगी फैलाने के साथ ही यात्रियों के साथ रेलवे स्टेशनों व ट्रेनों में होने वाले अपराध पर भी उन्हें जागरूक किया गया। बताया कि रेलवे में यात्रा के दौरान किसी भी तरह की परेशानी होने पर 139 पर कॉल करें, तत्काल सहायता मिल सकती है। उन्होंने रिजर्वेशन बोगी में यात्रा करने वाले लोगों को जानकारी दी कि किसी भी समस्या के लिए वह रेल मदद एप के माध्यम से शिकायत कर सकते हैं। समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रेल में वैध टिकट के साथ यात्रा करें, प्लेटफार्म पर अनाधिकृत विचरण करना, दिव्यांग या महिला बोगी दिव्यांगों व महिलाओं के लिए सुरक्षित होती है। अनाधिकृत यात्रा करने पर जेल या जुर्माना हो सकता है। उन्होंने कहा कि चेन पुलिंग या किसी भी तरह रेलवे की संपत्ति के साथ छेड़ छाड़ करना अपराध है। पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई हो सकती है।कहा कि रेलवे फाटक आम लोगों की सुरक्षा के लिए है। फाटक बंद रहने पर उसके नीचे से दो पहिया वाहन साइकल आदि पार करना गलत है। ऐसा करने पर जेल या जुर्माना हो सकता है। इस मौके पर एएसआई जेपी यादव और दिनेश प्रसाद आदि शामिल थे।



# आरपीएस पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने वृक्षों को राखी बांधकर मनाया रक्षाबंधन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला आरपीएस पब्लिक स्कूल में सोमवार को राखी महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। आरंभ में विद्यार्थियों ने वृक्षों को राखी बांधा और उसकी रक्षा का संकल्प लिया. सात ही नये वृक्ष लगाने व दूसरे को प्रेरित करने की बात कही। इस अवसर पर नर्सरी से कक्षा 2 तक के विद्यार्थियों के लिए थाली डेकोरेशन प्रतियोगिता एवं अन्य छात्रों के लिए कलात्मक राखी बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें प्रथम स्थान अश्वी मित्तल, अशाज, आयत, द्वितीय स्थान आलिया, अनायरा, अर्पित और तृतिया स्थान फलक, रियांश, रितिक, अदीति रहीं। इस अवसर पर प्राचार्य मनुज शर्मा ने सभी के बीच प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। कहा कि रक्षासूत्र सदियों पुरानी संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। हमें एक दूसरे की रक्षा का प्रण लेना चाहिए।



# डेंगू से राजद कार्यकर्ता का निधन, शोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** राजद कार्यकर्ता स्वर्गीय रंजित चंद्रवंशी के पुत्र शशि कुमार चंद्रवंशी (35) का निधन डेंगू होने से हो गया। उनका दो दिनों से बिहार के जमुहार अस्पताल में इलाज चल रहा था. वह काफी मिलनसार व्यक्ति थे। वहीं देर शाम घर पर शव पहुंचते ही परिजनों में हाहाकार मच गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। घटना की सूचना पर राजद नेताओं सहित कई दलों के नेता-कार्यकर्ता घर पहुंच कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किये। इसमें राजद नेता कमलेश कुमार यादव, बुधन सिंह यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, अशोक यादव, विकाश यादव, रंजित यादव, संतोष प्रजापति आदि शामिल हैं।



# जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल चौथे दिन भी जारी, प्रिंसिपल ने बातचीत को बुलवाया

## शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भी सुरक्षा मुहैया कराने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या को लेकर शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन की हड़ताल चौथे दिन भी जारी है। सोमवार की सुबह से ही जूनियर डॉक्टर अस्पताल के ओपीडी परिसर में आकर विरोध प्रदर्शन करते देखे गये। जूनियर डॉक्टर यहां पर वी वांट जस्टिस ( हमें न्याय चाहिए) के नारे लग रहे थे। इनके साथ इंटर्न डॉक्टर भी सहयोग कर रहे हैं। इससे पहले जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन ने सभी सदस्यों के साथ अस्पताल का भ्रमण किया और सभी ओपीडी परिसर पहुंचे। जूनियर डॉक्टरों का कहना है कोलकाता की घटना के दोषियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही हमारे मेडिकल कॉलेज में भी सुरक्षा के इंतजाम किए जाएं। जूनियर डॉक्टरों का कहना है 570 बेड के इस मेडिकल कॉलेज में मात्र 30 होमगार्ड के जवान सुरक्षा के लिए रखे गए हैं। एक पाली में 8 से 10 होमगार्ड के जवान ही ड्यूटी पर रहते हैं। ऐसे में डॉक्टर को हमेशा सुरक्षा का डर बना रहता है। बगल में ही महिला और पुरुष छात्रावास भी है। यहां भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं है।




### प्रिंसिपल ने वार्ता के लिए बुलाया

उधर, प्रिंसिपल डॉक्टर ज्योति रंजन प्रसाद ने सभी हड़ताली जूनियर डॉक्टर को वार्ता के लिए बुलाया है। प्रिंसिपल सभी जूनियर डॉक्टर से हड़ताल तोड़ कर काम पर लौटने की अपील कर रहे हैं। ज्ञात हो कि पिछले 4 दिनों से हड़ताल की वजह से यहां आने वाले मरीजों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

# आप नेता कृष्ण मुरारी शर्मा अपने दर्जनों समर्थकों के साथ हुए झामुमो में शामिल

## गिरिडीह सदर विधायक ने किया पार्टी में स्वागत


आजचाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने सोमवारर को अपने कई समर्थकों के साथ गिरिडीह सदर विद्यायक सुदिव्य कुमार सोनू की मौजूदगी में झामुमो का दामन थाम लिया। विधायक ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इससे पार्टी को आंतरिक बल मिलेगा और सरकार की नीतियों को लेकर जन सहभागिता भी बढ़ेगी। वहीं, झामुमो में शामिल होने के बाद कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि देश की मौजूदा स्थिति को देखते हुए झारखंड में सक्रिय राजनीति का भागीदार बनना समय की मांग है। हमें अपने जल, जंगल जमीन और झारखंडी अस्मिता पर बाहरी हस्तक्षेप हर हाल में रोकना है। इसके लिए दिशोम गुरू शिबू सोरेन के मार्गदर्शन के बिना इसे पूरा करना कठिन है। इसलिए आज उन्होंने अपने सभी साथियों के साथ झामुमो का दामन थाम लिया। उम्मीद है आनेवाले समय में भी पार्टी जनभावनाओं की कसौटी पर खरी उतरेगी। वहीं, झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने सभी लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। शामिल होने वालों में रोजन अंसारी, गौरीशंकर यादव, कासीम अंसारी, आशीष भदानी, तेजनारायण महतो, तैयब अंसारी, परवेज आलम, रूस्तम अंसारी, मुशर्रफ हुसैन, सकलदेव यादव, मेहबूब अंसारी, विलास महतो, लोकनाथ महतो, सहदेव ठाकुर, संतोष राय, बुधन सोरेन, मो शाकिद अंसारी, मो निजाम, मो इम्तियाज अंसारी, मो उस्मान, मो सुलेमान अंसारी, रमेश कुमार आदि शामिल थे।

# गोमिया में बंद आवास से लाखों रुपये के आभूषण और नगदी चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोमिया।** प्रखंड स्थित स्वांग दक्षिणी पंचायत के केंदुआकोंचा के नजदीक आदर्श नगर कॉलोनी में रहने वाले सुनील सिंह के बंद आवास से रविवार की रात चोरों ने मेन गेट का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और कीमती आभूषण व नगदी लेकर फरार हो गये। सोमवार को अपराह्न तीन बजे घर की सफाई करने के लिए नौकरानी पहुंची तो घर के मेन गेट का ताला टूटा पाया। उसने तुरंत घटना की सूचना आसपास के लोगों और मकान मालिक सुनिल सिंह को फोन करके दिया। आवास मालिक ने इसकी सूचना स्वांग में ही रहने वाले अपने भाई सुधीर सिंह एवं संधीर सिंह को दी। दोनों तुरंत आवास पहुंचकर इस घटना की सूचना गोमिया पुलिस को दिया। खबर पाते ही गोमिया पुलिस मौके पर पहुंच गयी औरर जांच में जुट गयी है। इधर, मकान मालिक के भाई संधीर सिंह ने बताया कि जब वह घर में घुसे तो सारा समान तितर-वितर था। घर से करीब 25 लाख रुपये के जेवर और चार लाख रुपये नगद की चोरी हुई है। चोर घर में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी अपने साथ ले गये। घर में रखे खाने पीने की चीजों को भी आराम से खा कर चले गये। उधर, खबर पाकर गोमिया पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है। थाना प्रभारी नित्यानंद भोक्ता ने बताया कि इस बारे में पुलिस आवश्यक छानबीन करते हुए चोरों को पकड़ के लिए संभावित ठिकानों पर छापामारी कर रही है।

# खुले आसमान के नीचे नष्ट हो रही लाखों की साइकिलें



आजाद सिपाही संवाददाता

**जैनामोड़/बेरमो।** जरीडीह प्रखंड मुख्यालय में कल्याण विभाग का लाखों रुपये की साईकिलें खुले आसमान के नीचे पड़ी-पड़ी नष्ट हो रही हैं। कल्याण विभाग द्वारा साईकिलों को विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया जाना है। पर महीनों से खुले आकाश के नीचे पड़ी साईकिलें खराब होने लगी हैं। आस पास झाड़ी निकल आयी है। इस संबंध में जरीडीह बीडीओ जयपाल महतो ने कहा कि साईकिल वितरण करने वाले को बार-बार वितरण करने के लिए बोला गया है, लेकिन वितरक की लापरवाही के कारण साईकिल के चारों तरफ बड़ी-बड़ी झाड़ी उग आयी है। वहीं, छात्र-छात्राओं ने कहा कि विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण सड़ी हुई साईकिलों का वितरण किया जाता है। यही कारण है कि साईकिल को वितरण के बाद मिस्त्री से 1000 से 2000 रुपए तक खर्च कर बनाना पड़ता है। विद्यार्थियों ने बोकारो डीसी से वितरक पर विभागीय कार्रवाई करने के साथ ही शीघ्र साईकिल वितरण कराये जाने की मांग की है।

# श्रावण महीने की अंतिम सोमवारी पर निकाली भव्य जल शोभा यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**फुसरो/बेरमो।** न्यू ढाको ढोरी एक्सवेसन अमलो चेक पोस्ट के समीप श्री श्री 1008 शांतिधाम न्यू गोल पहाड़ी मंदिर से श्रावण माह की अंतिम सोमवारी को जल शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें गाजे-बाजे के साथ सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं की टोली सिर पर क्लश लेकर अमलो चेक पोस्ट, पंडित दीनदयाल चौक, नया रोड फुसरो होते हुए हिंदुस्तान पुल फुसरो स्थित दामोदर नदी पहुंचे। यहां मंत्रोच्चारण के साथ जल भरवाया। इसके बाद नया रोड फुसरो होते हुए वापस मंदिर प्रांगण पहुंचकर जलाभिषेक किया। मौके पर मदन कुमार सिंह, विवेक चौहान, सूरज हिंदुस्तानी, मुन्ना कुमार, संतोष शर्मा, गौतम भुईया, टार्जन मुंडा, सुखदेव मुंडा, गोबिंद रजवार, मंचू सिंह, सोनू, बादल, रोहित, प्रदीप, चंदन, राहुल, प्रवीण, महावीर, सोनी, रानी और चंपा आदि मौजूद थे।

## मारवाड़ी महिला समिति के सदस्यों ने सीआइएसएफ जवानों को राखी बांधी




**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** रक्षा बंधन के अवसर पर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति फुरसो-बेरमो के सदस्यों ने सीआइएसएफ जवानों को राखी बांधी और सुरक्षा की कामना की। इसमें मारवाड़ी युवा मंच, बेरमो शाखा के सचिव संदीप अग्रवाल की अहम भूमिका रही। कहा कि जवान अपनी जान की बाजी लगाकर हमारी रक्षा करते हैं, हमें हर त्योहार पर उनके साथ खड़ा रहना चाहिए। जवान अपने घरों से दूर हम सब की सेवा में लगे है। रक्षा बंधन में जवानों को उनकी बहन की कमी को अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति के सदस्यों ने पूरा करने का प्रयास किया है।

## नावाडीह थाना में मनाया गया रक्षाबंधन उत्सव

**नावाडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)। नावाडीह एकल अभियान की ओर से सोमवार को नावाडीह थाना परिसर में रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया। एकल अभियान से जुड़ी आचार्यों ने थाना पहुंचकर थाना प्रभारी रवि कुमार, एसआई राजीव रंजन, विपिन चंद्र महतो आदि को राखी बांधी। बोकारो अंचल के उपाध्यक्ष योगेंद्र महतो ने कहा कि रक्षाबंधन उत्सव भाई बहन के प्यार के प्रतीक के रूप में मनाई जाती है। पुलिस कर्मी ड्यूटी के दौरान परिवार से दूर रहते हैं। उन्हें अपनी बहन की याद आती होगी। इसलिए संगठन की ओर से राखी बांधी गयी।**

## सीएमआरआइ के पूर्व वैज्ञानिक का निधन विधायक पूर्णिमा सिंह ने जताया शोक



**झरिया (आजाद सिपाही)।** जामाडोबा के टाटा मेन हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सा प्रभारी डॉ अलोक कुमार के पिता व सीएमआरआई के सेवा निवृत वैज्ञानिक व तीन बार राष्ट्रपति एवॉर्ड प्राप्त ललित मोहन प्रसाद का टाटा अस्पताल में निधन हो गया। वो काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। वो अपने पीछे पत्नी मंजू प्रसाद, डॉ अलोक और एक पुत्र अमर जो साउथ अफ्रीका में इंजीयर है, बहु डॉ कोमल सिंह को छोड़ गए। डॉ अलोक ने बताया कि उनके पिता वैज्ञानिक थे और उनकी उम्र लगभग 83 वर्ष हुई थी। वे साल 2001 में सीएमआरआई से रिटायर्ड हुए थे। उधर, निधक की खबर पाकर टाटा कंपनी के अधिकारियों और यूनियन प्रतिनिधियों ने आवास पहुंच कर परिवार को संतावना दिए। इनके अलावे नाइजीरिया से उनके पुत्र के मित्र क्लेमन माइकल भी जामाडोबा पहुंचे। जबकि झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने भी शोक जताया।

# लालमणि आश्रम में बुजुर्गों ने मनाया रक्षा बंधन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** भाई बहन के पवित्र रिश्तों का त्योहार रक्षा बंधन टुंडी स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम एवं सबलपुर सहयोगी नगर स्थित ओल्ड एज होम में हर्ष के साथ मनाया गया। आश्रम की सभी बुजुर्ग महिलाओं ने पुरुषों, सेवा के लिए पहुंचे लोगों को राखी बांधकर आशीर्वाद दिया। वहीं आश्रम पहुंची महिलाओं ने सभी बुजुर्गों को राखी बांध कर आशीर्वाद लिया। हालांकि अतीत के दिनों में अपने भाइयों संग घर में राखी त्योहार मनाने की यादों की पीड़ा उनकी आंखों में झलकी। आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने कहा कि आश्रम में हर साल घर से भी बेहतर रक्षाबंधन मनाया जाता है। अपना ना होते हुए भी लोग यहां अपनों से बढ़ कर व्यवहार करते हैं। रक्षाबंधन पर बुजुर्गों की सेवा व्यवस्था में ओमकार मिश्रा सक्रिय थे।

## विवेकानंद सेवा बस्ती के बच्चों के साथ मनाया रक्षा बंधन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** चलो बांधे रक्षा सूत्र उनको जिनके जीवन में आज भी अंधकार है के ध्येय के साथ धनबाद महानगर की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संपर्क विभाग युवा श्रेणी की ओर से विवेकानंद सेवा बस्ती में सोमवार को रक्षा बंधन त्योहार का आयोजन किया गया। जिसमें वनवासी समाज के बच्चों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके शैक्षणिक उत्थान कर सुखी, समृद्ध व सुरक्षित जीवन का संकल्प लिया गया। बतातें चलें कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से मनाये जाने वाले 6 प्रमुख त्योहारों में से एक रक्षा बंधन भी है। जिसे युवा श्रेणी के स्वयंसेवकों ने सेवा बस्ती में मनाया। शिक्षा की क्रांति के ध्येय के साथ ऐसे सेवा बस्ती के आंगन की बदलती तस्वीर ही युवा स्वयंसेवकों के जीवन का प्रयोजन है। इसी निमित्त शिक्षण सामग्री भी भेंट की गयी। मौके पर संस्कार कश्यप, रेणु गुप्ता, रोहित भारती, जयेश तिवारी, सुप्रियो पॉल और तुषार कश्यप आदि उपस्थित थे।

# सावन की आखिरी सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

## हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे शिवालय

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** श्रावण महीने की अंतिम सोमवारी पर कोयलांचल के शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही शिवालयों में शिवभक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। खासकर महिलाओं में पूजा-अर्चना को लेकर काफी उत्साह दिखा। शहर के अलकडीहा धाम बूढ़ा बाबा मंदिर शिवालय में दिनभर शिवभक्तों का तांता लगा रहा। महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने शिवालय पहुंचकर भगवान भोलेशंकर पर फल, फूल, नैवेद्य,भांग, धथुरा, बेलपत्र आदि चढ़ाकर पूजा-अर्चना किये। इसके साथ ही जलाभिषेक कर अपने परिवार की मंगल कामना की। पूजन के दौरान शिवभक्त हर-हर महादेव के जयकारे लगा रहे थे। पूरा शहर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। शहर से लेकर गांव तक लोग शिव की भक्ति में लीन दिखे। अंतिम सोमवारी को लेकर मंदिर कमेटी द्वारा लाईट लगाकर आकर्षक ढंग से सजाया गया था। शहर के अलकाडीहा बूढ़ा बाबा मंदिर समेत कई मंदिरों में रूद्राभिषेक कराया गया। इस दौरान शहर के शिवभक्त मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेशंकर की पूजा-अर्चना करते दिखे। पूजन को लेकर शिवभक्तों में काफी उत्साह देखा गया। पुजारी राहुल मुखर्जी ने बताया कि सावन माह में सोमवार को भगवान शिव की पूजा-अर्चना का अलग महत्व है। ऐसी धारणा है कि सावन माह में भगवान भोले शंकर अपने पूरे परिवार के साथ शिवालय में विराजमान रहते हैं। भगवान भोलेशंकर की पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक करने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। खासकर सोमवारी व्रत करने वाले भक्तों पर खुश होकर भगवान शिव उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं।

## रक्षाबंधन के दिन से महिलाओं के खाते में आने शुरू हुए एक-एक हजार रुपये

**बैदकारो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** रक्षाबंधन के दिन से बेरमो प्रखंड के बैदकारो पूर्वी एवं बैदकारो पश्चिमी पंचायत में महिलाओं के बैंक खाते में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि आनी शुरू हो गयी है। इस दिन पंचायत के सैकड़ो महिला लाभुकों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से एक-एक हजार रूपये की राशि आ गई। सितंबर महीने से प्रत्येक महीने 15 तारीख को मंईयां सम्मान योजना की राशि रुपया 1000 महिलाओं के खाते में डलेगी.

# बेरमो विधायक के प्रयास से गांगजोरी और काशीडीह में लगा नया ट्रांसफार्मर

आजाद सिपाही संवाददाता



**जैनामोड़/बेरमो।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह के प्रयास से जरीडीह प्रखंड के गांगजोरी पंचायत के गांगजोरी ग्राम और काशीडीह में 100 केबीए का विद्युत ट्रांसफार्मर लगाया गया है। बतातें चलें कि विगत दिनों से यहां का ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण ग्रामीण बेहद परेशान और अंधेरे में रहने को विवश थे। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह को देते हुए मदद करने की अपील की। ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलते ही बेरमो विधायक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नये ट्रांसफार्मर लगाने की अनुसंशा की। जिसके आलोक में विद्युत विभाग की ओर से 100 केबीए के नए ट्रांसफार्मर को स्वीकृति प्रदान की गई। विभागीय प्रक्रिया के बाद 100-100 ज्वार का दो नया ट्रांसफार्मर ग्राम गांगजोरी और काशीडीह में लगाया गया। इस ट्रांसफार्मर के लगने से दोनों ग्राम के ग्रामीण रक्षा बंधन को तोहफा मान कर हर्ष व्यक्त किये। उधर, नये ट्रांसफार्मर का उद्‌गाटन जरीडीह प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार मंडल ने विधिवत पूजा कर नारियल फोड़कर किया। इस मौके पर दक्षिणी मंडल अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया संतोष कुमार महतो, उत्तरी मंडल अध्यक्ष अमर कुमार मिश्रा, विधायक के निजी सचिव बिनोद कुमार महतो, राजेश कुमार सिंह, आयुष माथुर, मनोहर मंडल, अशोक मुर्मू आदि उपस्थित थे।

## फोटोग्राफी दिवस पर डीडीपीटीए ने किया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर सोमवार को धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन की ओर से बैंक मोड़ चेंबर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष एवं जीटा के महासचिव राजीव शर्मा, जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व महासचिव राजेश गुप्ता, अध्यक्ष चेतन गोयंका, महासचिव अजय नारायण लाल, कोषाध्यक्ष श्याम नारायण गुप्ता व धनबाद डेकोरेटर एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में 100 से अधिक फोटोग्राफर एवं उनके परिजनों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष सुनील सिंह, सचिव मनीष शाह, संजय कुमार, रत्नेश कुमार, मनोज कुमार, गुड्डू गुप्ता आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंस से देशवासियों की ओर से शुभकामनाएं दीं

# मोदी ने पैरालंपिक एथलीट्स से कहा, विजयी भवः

- शीतल देवी से पूछा, लक्ष्य क्या है? तीरंदाज बोलीं- पेरिस में तिरंगा लहराना है




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पेरिस जाने वाले पैरालंपिक एथलीट्स से बात की। वीडियो कांफ्रिंसंग के जरिए हुई बातचीत में प्रधानमंत्री ने देश के टॉप एथलीट्स को पैरालंपिक गेम्स के लिए शुभकामनाएं दीं और सभी को 'विजयी भव' कहा। मोदी के साथ केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री ने तीरंदाज शीतल देवी और शूटर अवनी लेखरा से खास बातचीत की। शीतल से जब उन्होंने पूछा कि उनका लक्ष्य क्या है तो आर्चर ने जवाब दिया, पेरिस में तिरंगा लहराना ही एकमात्र टारगेट है।

### प्रधानमंत्री ने शीतल से पूछी मन की बात

मोदी ने शीतल देवी से पूछा कि शीतल, आप भारतीय दल की सबसे कम उम्र की एथलीट हैं। यह आपका पहला ही पैरालंपिक्स होगा, मन में बहुत कुछ चलता होगा। आप बता सकती हैं, क्या चल रहा है? कुछ स्ट्रेस तो नहीं लग रहा? इस पर शीतल बोलीं कि नहीं सर, स्ट्रेस नहीं है। बहुत ही खुशी है कि इतनी छोटी उम्र और इतने कम समय में मैं पैरालंपिक गेम्स खेलूंगी। सभी का बहुत सपोर्ट मिला, जिससे मैं आज यहां तक पहुंच सकी।

### शीतल बोलीं, पेरिस में तिरंगा लहराने का लक्ष्य

मोदी ने पूछा कि शीतल, पेरिस में आपका अपना क्या लक्ष्य है? और आपने इसके लिए क्या तैयारी की है? इस पर शीतल बोलीं कि सर, तैयारी और ट्रेनिंग बहुत अच्छी चल रही है। मेरा लक्ष्य यही है कि अपने देश का तिरंगा मैं पेरिस में लहराऊं और नेशनल एंथम बजवाऊं। पीएम ने कहा कि शीतल, मेरी आपको यही सलाह होगी कि आप इतने बड़े इवेंट में दबाव बिल्कुल नहीं लीजियेगा। हार-जीत का दबाव लिए बिना अपना बेस्ट परफॉर्म कीजियेगा। पूरे देश की तरफ से, मेरी तरफ से, सबकी शुभकामनाएं आपके साथ है। माता वैष्णोदेवी कृपा बरसा ही रही हैं, मेरी ओर से बहुत शुभकामनाएं।

### शूटर अवनी लेखरा से मोदी की बातचीत

मोदी ने पूछा कि अवनी, पिछले पैरालंपिक्स में आपने एक गोल्ड समेत दो मेडल जीतकर पूरे देश को गर्व से भर दिया था। इस बार क्या टारगेट सेट किया है। अवनी बोलीं कि सर पिछली बार मेरा पहला ही पैरालंपिक था, मैंने 4 इवेंट्स में हिस्सा लिया था, एक्सपीरियंस ले रही थी। इतने समय में खेल और टेक्नीक को लेकर काफी कुछ सीखा है। कोशिश यही रहेगी कि इस बार जिन भी इवेंट्स में पार्टिसिपेट करूं, उनमें अपना बेस्ट दूं। पिछले पैरालंपिक्स के बाद पूरे इंडिया का जो साथ मिला है, आपका इतना साथ मिला, उससे मोटिवेशन मिलती है कि वहां जाकर अपना बेस्ट देना है। पीएम ने आगे पूछा कि टोक्यो के बाद जब आप गोल्ड जीतकर लौटीं तो खुद को कैसे तैयार किया? अवनी बोलीं कि सर, मैंने पिछली बार पार्टिसिपेट किया था, तब मन में सवाल था कि मैं कर पाऊंगी या नहीं। लेकिन दो मेडल जब जीते तो बैरियर टूट गया। मुझे लगा, अगर मैं एक बार कर सकती हूं तो मेहनत के साथ मैं और भी मेडल जीत सकती हूं। जब मैं व्हीलचेयर पर देश का प्रतिनिधित्व करती हूं, तब इतनी अच्छी फीलिंग आती है कि वही बार-बार करने का मन करता है।

**28 अगस्त से शुरू होंगे पैरालंपिक गेम्स**

पेरिस में पैरालंपिक गेम्स 28 अगस्त से शुरू होकर 8 सितंबर तक चलेंगे। भारत से इस बार 84 एथलीट्स हिस्सा लेंगे। टोक्यो में भारत ने 54 एथलीट्स भेजे थे, जिन्होंने 5 गोल्ड समेत 19 मेडल जीतकर भारत को 24वीं रैंक तक पहुंचाया था। पैरालिंपिक्स में यह भारत की बेस्ट परफॉर्मेंस थी।

शूटर अवनी लेखरा ने मोदी से कहा, इस बार ज्यादा मेडल जीतने का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अवनी, आपको खुद से और देश को आपसे बहुत उम्मीदें हैं, लेकिन मेरा बस इतना कहना है कि इन उम्मीदों को बोझ मत बनने दीजियेगा। उम्मीद को अपनी शक्ति बनाइयेगा, आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

**140 करोड़ देशवासियों का आशीर्वादः** प्रधानमंत्री ने आखिर में कहा कि आप सभी पेरिस में भारत का झंडा लेकर चलेंगे। यह आपके जीवन का बहुत अहम सफर होगा, देश के लिए भी यह सफर बहुत महत्त्वपूर्ण है। पेरिस में आपके खेल से देश का गौरव जुड़ा है। 140 करोड़ देशवासियों का आशीर्वाद आपके साथ हैं, विजयी भव। देश का गौरव आप सभी से जुड़ा है।

# सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में सहयोग पर सोआ और वीएसआइ के बीच समझौता ज्ञापन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** 19/08 शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय और बेंगलुरु स्थित वेरी लार्ज स्केल इंटीग्रेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया (वीएसआई) ने शनिवार को सेमीकंडक्टर और वीएलएसआई डिजाइन के क्षेत्र में अनुसंधान, स्टार्टअप, प्रतिभा और रोजगार के अवसरों को विकसित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये।

वर्तमान में, दुनिया भर में वीएसआई की ओर से 5,000 से अधिक सेमीकंडक्टर इंटर्न और स्वयंसेवक सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला पर काम कर रहे हैं। इस समझौते के माध्यम से, सोआ वर्तमान और भविष्य में भारत के सेमीकंडक्टर उद्योग को विकसित करने के लिए नवाचार अनुसंधान और प्रतिभा को मजबूत कर सकता है।

सोआ के कुलपति प्रोफेसर प्रदिप्त कुमार नंद और वीएसआई अध्यक्ष डॉ. सत्य गुप्ता ने एमओयू पर हस्ताक्षर किये। समझौते के मुताबिक सोआ और वीएसआई रिसर्च और इनोवेशन के क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे. इसी तरह, वीएसआई और सोआ संयुक्त रूप से वीएलएसआई डिजाइन और सेमीकंडक्टर उद्योग की वर्तमान और भविष्य की जरूरतों पर शोध करेंगे।

# रेलवे संरक्षा कर्मचारी सम्मानित





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**संबलपुर।** उपेंद्र कुमार जानी, स्टेशन मास्टर, हिराकुद, विकास कुमार, वरिष्ठ सहायक लोको पायलट, संबलपुर, कमलकांत बारिक, सिग्नल मेंटेनर-क, हिराकुद, नौलेश कुमार, ट्रैक मेंटेनर-IV, तुरेकेला रोड को संरक्षा में उनकी सतर्कता और ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन में उत्कृष्ट योगदान और संरक्षा नियमों और विनियमों के साथ अच्छी तरह से परिचित होने के लिए सम्मानित किया गया।

मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर, तुषार कांत पांडे ने तत्वदर्शी साहू, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), अखिलेश त्रिपाठी, वरिष्ठ मंडल संचालन प्रबंधक, प्रभात कुमार, वरिष्ठ मंडल संकेत और दूरसंचार अभियंता, विनायक बेहरा, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (परिचालन) और संबीत सौरव नायक, वरिष्ठ मंडल



संरक्षा अधिकारी की उपस्थिति में उन्हें उत्कृष्टता प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

# सोआ में 37वां साप्ताहिक व्याख्यान आयोजित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) द्वारा प्रबंधित कृषि विज्ञान संकाय (आईएएस) में 37वीं साप्ताहिक व्याख्यान श्रृंखला आयोजित की गयी है।

इस समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में ओयुएटीइ के सेवानिवृत्त प्रोफेसर और रिवार्ड प्रोजेक्ट के सलाहकार डॉ भरत चंद्र साहू ने भाग लिया। डॉ. साहू ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर रिमोट सेंसिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि का उपयोग करके जल विभाजक संवर्धन की योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की।



कार्यक्रम की अध्यक्षता आईएएस के डीन प्रोफेसर सतीश कुमार राउत ने की। कार्यक्रम में सभी विभागों के विभागाध्यक्षों, व्याख्याताओं, शोध छात्रों ने भाग लिया और वक्ताओं से विस्तृत प्रश्नोत्तर के साथ आलोचना की। इस साप्ताहिक व्याख्यान के आवाहक प्रोफेसर सरोज कुमार महांति ने स्वागत भाषण दिया और समन्वयक राजीव कुमार बेहेरा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# कोलकाता रेप-मर्डर केसः डॉक्टर की पहचान उजागर करनेवाला गिरफ्तार

- आरोपी ने पोस्ट में ममता बनर्जी को जान से मारने की धमकी दी थी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता/नयी।** रेप-मर्डर केस के विरोध में दिल्ली में स्वास्थ्य मंत्रालय के बाहर AIIMS के जूनियर डॉक्टरों ने ओपीडी लगायी। कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर के विरोध में दिल्ली समेत देशभर के रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर हैं। इस बीच कोलकाता पुलिस ने एक कॉलेज स्टूडेंट को ट्रेनी डॉक्टर की पहचान उजागर करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि स्टूडेंट ने सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर कर ट्रेनी डॉक्टर की जानकारी पब्लिक डोमेन में डाली। पोस्ट में उसने सीएम ममता बनर्जी को जान से मारने की भी धमकी दी थी। इसे लेकर केस दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने डॉक्टरों की सुरक्षा की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए कहा- ट्रेनी डॉक्टर के परिवार को न्याय मिलना चाहिए।

### जब तक सुनवाई जारी, सिद्धारमैया पर कोई कार्रवाई नहीं : हाईकोर्ट

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया की राज्यपाल थावरचंद गहलोत के खिलाफ दायर याचिका पर सोमवार को हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि जब तक सुनवाई चल रही है, एमयूडीए मामले में ट्रायल कोर्ट सिद्धारमैया पर कार्रवाई न करें। अगली सुनवाई 29 अगस्त को होगी।






# पूर्व तट रेलवे ने संबलपुर मंडल के सरला स्टेशन पर मालगाड़ी जांच और वैगन आरओएच सुविधा शुरू की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** पश्चिमी और दक्षिणी ओडिशा की बढ़ती औद्योगिक मांगों को पूरा करने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक प्रमुख मील का पत्थर साबित हुए पूर्व तट रेलवे (ईसीओआर) ने सरला स्टेशन पर मालगाड़ी जांच और नियमित ओवरहालिंग (आरओएच) सुविधा को सफलतापूर्वक शुरू किया है। संबलपुर मंडल की गति शक्ति इकाई (जीएसयू) के सहयोग से राइट्स लिमिटेड द्वारा निष्पादित इस परियोजना में लगभग 200 करोड़ का निवेश हुआ और यह जून 2024 में पूरी हुई।

भारतीय रेलवे में सबसे तेजी से बढ़ते मंडल में से एक संबलपुर मंडल , स्टील, एल्युमीनियम और कोयला क्षेत्रों सहित क्षेत्र के प्रमुख उद्योगों को सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सरला स्टेशन पर माल डिपो का विकास परिचालन प्रदर्शन में सुधार और क्षेत्र में औद्योगिक विकास के लिए आवश्यक था। इस सेवा से पहले, नजदीकी मालगाड़ी जांच सुविधा की अनुपस्थिति के कारण रेकों की जांच दूर के स्थानों पर करनी पड़ती थी, जिससे परिचालन की दक्षता प्रभावित होती थी।



### परियोजना की मुख्य विशेषताएं

**1. नयी सुविधाओं का विकास :** आर ओ एच शेड, एक नया G+1 स्टेशन भवन, एक इलेक्ट्रिक सबस्टेशन, कार्यालय, एक प्रशिक्षु छात्रावास और दो जांच लाइनें RITES द्वारा 160 करोड़ की लागत से विकसित की गई हैं। ये सुविधाएं जून 2024 में चालू की गयी।

जीएसयू इकाई ने 40 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से एक अतिरिक्त लूप लाइन और दो मालगाड़ी जांच लाइनें विकसित की हैं। इन लाइनों का पूर्ण विद्युतीकरण अगस्त 2024 में पूरा हो गया।

**2. उन्नत यार्ड रीमॉडलिंगः** सरला यार्ड को 64 नये टर्नआउट और 10.4 टीकेएम नयी पटरियों के साथ रीमाडल किया गया, साथ ही 195 मार्गों को चालू करते हुए ढक को Kyosen निर्मित distributer एक में परिवर्तित किया गया।

इस कार्य में अप-डाउन मेनलाइन पर प्री-एनआई/एनआई ब्लॉक की सावधानीपूर्वक योजना बनाना शामिल था, और माल ढुलाई परिचालन में न्यूनतम व्यवधान के साथ नया बुनियादी ढांचा विकसित किया गया था।

**3. परिचालन शुरू :** नया सरला यार्ड 14 जून 2024 को सफलतापूर्वक चालू किया गया, और मालगाड़ी की जांच 25 जून 2024 को शुरू हुई। पहला आरओएच आउटटर्न 13 अगस्त 2024 को हासिल किया गया।

**4. क्षमता और प्रदर्शन में वृद्धिः** यार्ड में 90-100 ट्रेन जांच और 100 वैगनों के आरओएच को संभालने की मासिक क्षमता है, जिससे लोडिंग प्रदर्शन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जबकि संरक्षा में सुधार हुआ है और बीटीएपी (एल्यूमीनियम ले जाने वाले वैगन) के टर्न अराउंड टाइम में 30% की कमी आयी है।

**5. आउटसोर्सिंग परिचालनः** भारतीय रेलवे के लिए पहली बार, आरओएच और सिक लाइन का काम पूरी तरह से आउटसोर्सिंग मॉडल पर संचालित किया जा रहा है, जिसमें विभाग के नगण्य कर्मचारी माल डिपो के कुशल परिचालन को सुनिश्चित करते हैं।

नये सरला यार्ड के चालू होने के साथ, पूर्व तट रेलवे ओडिशा के विस्तारित औद्योगिक परिदृश्य का समर्थन करने के लिए अच्छी स्थिति में है, जिससे क्षेत्र की आर्थिक समृद्धि में योगदान मिलेगा और भारतीय रेलवे नेटवर्क में सुचारू, अधिक कुशल माल ढुलाई परिचालन सुनिश्चित होगा।

















| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**